आइए गर्व के साथ मतदान करें
मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते


पेज-12

वैशाख कृष्ण पक्ष 14, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 07 मई 2024, वर्ष-25, अंक-94, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 73,895.54 ▲ +17.39
डॉलर 83.478 ▲ +0.097

**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 67,450
चांदी (1 किलो) 86,500

## आज के मैच

DELHI CAPITALS VS RAJASTHAN ROYALS

समय : 07 मई, 7:30 बजे से
स्थान : दिल्ली

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# हेमंत सोरेन चाचा के श्राद्धकर्म में शामिल होने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा मुंडा जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार सुबह पुलिस सुरक्षा के बीच रामगढ़ के नेमरा पहुंचे और चाचा स्वर्गीय राजाराम सोरेन के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए। इस दौरान पिता शिबू सोरेन, पत्नी कल्पना व मां रूपी भी अलग वाहन में साथ थे। झारखंड हाई कोर्ट ने हेमंत सोरेन को उनके चाचा के श्राद्ध कर्म में छह मई को पुलिस कस्टडी में शामिल होने की अनुमति दी थी। नेमरा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नए लुक में दिखे। उनकी पकी हुई दाढ़ी और बढ़ी हुई मुंछे दिशोम गुरु शिबू सोरेन वाला लुक दे रहा था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर हेमंत सोरेन के हैंडल से कुछ तस्वीरें भी साझा की गई हैं। इन तस्वीरों में भी वे पिता शिबू सोरेन का आशीर्वाद लेते दिख रहे हैं। साथ ही यह भी दिख रहा है कि उनकी मां उन्हें दुलार कर रही हैं। पत्नी कल्पना भी साथ खड़ी दिखीं। एक शायरी भी साझा की गई है, जिसमें लिखा है **'उसे गुमां है कि मेरी उड़ान कुछ कम है, मुझे यकीं है कि ये आसमान कुछ कम है।'**

**नए लुक में दिखे हेमंत**



## दिशोम गुरु, मां रूपी सोरेन और कल्पना के साथ नेमरा गए हेमंत सोरेन


पिता से लिया आशीर्वाद


बेटे से मिल भावुक हुईं मां रूपी सोरेन


पत्नी कल्पना और बेटे के साथ हेमंत

## लोकसभा चुनाव के दौरान ईडी की बड़ी कार्रवाई
# मंत्री के पीए के करीबियों के पास से 35 करोड़ मिले

**आप्त सचिव संजीव लाल के नौकर जहांगीर के घर से 31 व बिल्डर मुन्ना सिंह के घर से 4 करोड़ जब्त**

**नोट गिनने के लिए पीएनबी से मंगाई गई मशीन, 12 बक्से में भरकर नोट को पीएनबी के चेस्ट में रखा गया**

**ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर विरेंद्र राम से मिले इनपुट पर हुई कार्रवाई**

**चिरौंदी साइंस सिटी निवासी लोहरदगा में पदस्थापित सिविल इंजीनियर कुलदीप मिंज के घर पर भी छापेमारी**

**उपेंद्र गुप्ता। रांची**

झारखंड में अभी लोकसभा चुनाव के पहले चरण का चुनाव 13 मई को होना है, प्रत्याशियों का नामांकन तेजी से चल रहा है। पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अपने दो दिवसीय तूफानी दौरे में राज्य में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए झामुमो और कांग्रेस को इसका भागीदार बता राजनीतिक पारा बढ़ाया तो मंगलवार को कांग्रेस के राहुल गांधी सिसई और चाईबासा में जनसभा करने वाले हैं। मतलब राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है। ठीक इसी बीच सोमवार को ईडी ने झारखंड सरकार के मंत्री व कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के सरकारी आप्त सचिव संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के गाड़िखाना स्थित सर सैयद अपार्टमेंट के आवास में छापेमारी कर 31.2 करोड़ की भारी नकदी जब्त की। इसके साथ ही संजीव लाल के बिजनेस पार्टनर मुन्ना सिंह के पीपी कंपाउंड स्थित तेजस्विनी अपार्टमेंट से ईडी को 4.03 करोड़ कैश मिले, दोनों जगह ईडी ने कुल 35.23 करोड़ कैश बरामद किया है। ईडी के इस कार्रवाई के बाद राज्य में हडकंप मच गया है। जहां भाजपा ने राज्य सरकार को जोरदार तरीके से घेरा है वही मंत्री आलमगीर आलम ने पूरे मामले से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर विकास कुमार के घर भी छापेमारी बरियातू मोरहाबादी बोड़ेया में भी कार्रवाई**



### कांग्रेस को नोटों से है प्यार : अमर बाउरी

प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी ने कहा कि कांग्रेस को नोटों से प्यार है। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी में भारी भरकम कैश बरामद हुआ है। नोटों का पहाड़ मिला है।

### झारखंड में मिला नोटों का पहाड़ : मोदी

ओडिशा के नबरंगपुर में जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड में मिले नोटों के पहाड़ का जिक्र करते हुए कहा कि वहां फिर नोटों का पहाड़ मिला है। मालूम हो कि इसके पूर्व भी एक कांग्रेसी राज्यसभा सदस्य के कई ठिकानों से 350 करोड़ रुपये मिले थे।

▸▸विस्तृत खबर पेज 12 पर

### कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से मिला नोटों का पहाड़ : बाबूलाल

राज्य सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के यहां से ईडी ने सोमवार को लगभग 35 करोड़ रुपये बरामद किए हैं। इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि दो दिन पहले प्रधानमंत्री झामुमो-कांग्रेस के जिस लूट मॉडल की बात कर रहे थे, उसे इस रुपये ने सत्यापित कर दिया है। साथ ही कहा कि झारखंड में फिर से एक बार कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से नोटों का पहाड़ मिला है। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के मंत्री के करीबियों के घर से बड़ी मात्रा में भ्रष्टाचार का धन छापेमारी में पकड़ा गया है।

### ईडी ने इन जगहों पर की छापामारी

- सेल सिटी स्थित अपार्टमेंट में इंजीनियर विकास कुमार के ठिकाने पर
- पीपी कंपाउंड में बिल्डर और ओएसडी संजीव लाल के करीबी मुन्ना सिंह के आवास पर, 4 करोड़ कैश बरामद
- दीनदयाल नगर में मंत्री आलमगीर आलम के सरकारी आप्त सचिव के आवास और कांके स्थित ठिकाने पर भी
- मंत्री के आप्त सचिव के नौकर जहांगीर आलम के आवास पर, 31 करोड़ बरामद
- चिरौंदी में इंजीनियर कुलदीप मिंज के आवास पर, जो फिलहाल लोहरदगा में पदस्थापित हैं।

### मंत्री आलमगीर आलम ने मामले से झाड़ा पल्ला




ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि उन्होंने भी टीवी पर न्यूज देखा कि मेरे आप्त सचिव के घर छापेमारी चल रही है। उन्होंने कहा कि मेरा इस मामले से कोई लेना देना नहीं। संजीव एक सरकारी अधिकारी है। इससे पहले भी वह दो-दो मंत्री के यहां काम कर चुके हैं। इसे देखते हुए ही उन्होंने संजीव को अपने पास रखा था। पैसे किसके हैं कहां से आए इसकी जानकारी संजीव या जहांगीर आलम ही दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब तक पूरी जांच नहीं हो जाती तब तक कोई भी निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता।

## अहमदाबाद के 23 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी, 11 में हैं मतदान बूथ

**एजेंसी। अहमदाबाद**

अहमदाबाद में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की तरह ही कई स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया है। अहमदाबाद के 23 स्कूलों को बम से उड़ाने का ई-मेल भेजा गया है। अहमदाबाद पुलिस बम स्क्वॉड के साथ इन सभी स्कूलों में बारीकी से जांच में जुटी है। ई-मेल सुबह 7 बजे एक के बाद एक स्कूलों में भेजे गए। सभी ई-मेल में दिल्ली जैसे ही कंटेंट हैं।

मेल की लिपि रोमन (अंग्रेजी) में है, लेकिन भाषा हिंदी है। इन स्कूलों में से 11 स्कूल में मंगलवार को मतदान किया जाएगा। इस वजह से पुलिस विशेष सावधानी बरत रही है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के डीसीपी अजित राजियाण ने बताया कि स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल मिले हैं। टूमेल डॉट आईओ चेक करने पर धमकी भरे ई-मेल मिलने की जानकारी हुई। मेल फेक ई-मेल आईडी से भेजा गए हैं। अहमदाबाद शहर के डीईओ रोहित चौधरी ने बताया कि सकूलों को अज्ञात ई-मेल से धमकी मिली थी। जिसके बाद स्कूल की ओर से डीईओ कार्यालय और समीप के पुलिस थाने को जानकारी दी गई। पुलिस ने तुरंत ही डॉग स्क्वॉड, बम स्क्वॉड लेकर जांच शुरू कर दी। हालांकि अभी तक किसी भी स्कूल में किसी तरह की संदिग्ध वस्तु मिलने की जानकारी नहीं है। पुलिस के अनुसार ई-मेल तौहिद वॉरियर के नाम से की गई है।



बम स्क्वॉड और पुलिस टीम जांच में जुटी, सभी स्कूलों को एक जैसा ई-मेल मिले

## प्रधानमंत्री मोदी अब 11 मई को आएंगे झारखंड

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले 12 मई को झारखंड दौरे पर आने वाले थे लेकिन अब वे 11 मई को ही आएंगे। वे चतरा लोकसभा क्षेत्र के सिमरिया प्रखंड स्थित मुरुवे मैदान में अपराह्न तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यालय ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। इसके पूर्व प्रधानमंत्री झारखंड का दो दिवसीय दौरा कर चुके हैं। पीएमओ ने जमशेदपुर में भी भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा के लिए स्थानीय भाजपा कमेटी से रूटचार्ट मांगा है। वहीं राहुल गांधी मंगलवार को चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में 11 बजे जनसभा करेंगे। इसके बाद वह गुमला के सिसई में दो बजे जनसभा में भाग लेंगे। इसे लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। मालूम हो कि राजद नेता तेजस्वी यादव आठ मई को पलामू आ रहे हैं।

## रांची से इंडी की यशस्विनी, गिरिडीह से मथुरा व राजग के चंद्र प्रकाश ने पर्चा भरा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के समक्ष यशस्विनी ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान यशस्विनी सहाय के पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, राज्यसभा सांसद महुआ माजी सहित अन्य मौजूद थे। नामांकन कर बाहर निकालने के बाद कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने कहा कि उन्हें जनता का प्यार और समर्थन मिलेगा। चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल करने की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा भाजपा सांसद संजय सेठ को महंगाई, बेरोजगारी सहित अन्य विषयों पर जनता को जवाब देना होगा।

इस दौरान सुबोधकांत सहाय ने कहा कि उनकी बेटी आज से नए जीवन की शुरूआत कर रही है। उनकी बेटी सोशल एक्टिविस्ट रही है, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था में पहली बार चुनाव मैदान में उतरी है। जनता उसे आशीर्वाद देगी। वह पेशे से अधिवक्ता है।

### गिरिडीह में दो पूर्व मंत्री आमने-सामने

इंडी गठबंधन के उम्मीदवार झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मथुरा प्रसाद महतो ने सोमवार को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया। वहीं गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से राजग के आजसू पार्टी प्रत्याशी पूर्व मंत्री चंद्र प्रकाश चौधरी ने भी सोमवार को नामांकन किया।

## एक नजर

### भारतीय जूनियर वीमेंस हॉकी टीम में झारखंड की चार खिलाड़ी



**रांची।** भारतीय हॉकी ने सोमवार को जूनियर वीमेंस हॉकी टीम की घोषणा की जो यूरोपियन टूर पर जाएगी। 21 से 29 मई के दौरान भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड (ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश और ऑरेंज रूड) के साथ छह मैच खेलेगी। टीम में नीरू कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान और संजना होरो शामिल हैं। रजनी केरकेट्टा और नीरू कुल्लू सिमडेगा जिला की तथा बिनिमा धान और संजना होरो खूंटी जिले की रहने वाली हैं। ज्योति सिंह (डिफेंडर) इस टीम को लीड करेंगी। साक्षी राणा उप कप्तान होंगी।

**आजकल**




## इंडिया 15 हजार के नौकर के घर से 31 करोड़ खबर नहीं, चेतावनी है


सुनील बादल

खान, खनिज और प्राकृतिक संपदा के मामले में सबसे धनी राज्य झारखंड अक्सर गलत कार्यों के लिए चर्चा में रहता है। झारखंडवासियों के अलावा दूसरे राज्यों से पूंजी निवेश के सच्चे मन से आनेवाले लोगों के मन से एक आह निकलती है जब सबसे अधिक संभावनाओं वाला यह धनी राज्य चंद स्वार्थी लोगों की कठपुतली बनकर सबसे दरिद्र और पिछड़े राज्य की तरह तमाशा बन जाता है। चुनाव आयोग की लाख कोशिशों और सुविधाओं के बावजूद झारखंड में इस बार भी मतदान का प्रतिशत कम रहेगा क्योंकि रोजी रोटी की तलाश में लाखों छोटे किसान और मजदूर दूसरे राज्यों में अकुशल मजदूर के रूप में कड़ी धूप में चंद रुपयों के लिए काम कर रहे हैं जो वर्षा के आरंभ से पहले लौटने वाले नहीं हैं जबकि एक मंत्री के पीए के नौकर के घर पर छः घंटे लगातार कई मशीनों से नोट गिनने के बाद 31 करोड़ से अधिक नगद बरामद होता है। चर्चा है 15 हजार वेतन वाले नौकर के मालिक की कमाई कितनी होगी और किस प्रकार होती होगी? राज्य के मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों की जेल यात्रा का इतिहास पुराना है । दो वरिष्ठ आइएएस अधिकारियों सहित अनेकों निडर और निर्लज्ज लोगों की जमानत तक नहीं हो रही पर न तो भ्रष्टाचार रुक रहा है और न करोड़ों की बरामदगी रुक रही है। करोड़पति पीए तो पहले भी पकड़े गए पर अब एक मामूली आदमी के घर से इतने रुपए की बरामदगी एक गंभीर चेतावनी भी है कि प्रशासन और सरकारी तंत्र किस प्रकार पंगु बनकर बैठा है जिसे एक नौकर समानांतर रूप से चला रहा है। यदि इसी प्रकार सरकारी विभागों को मखौल बना दिया जाए तो उग्रवादियों या संगठित आपराधिक या आर्थिक गिरोहों के हाथों सत्ता के भेद चले जाएंगे जो सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता ही नहीं चेतावनी है। अभी चुनाव है और फैसला जनता के हाथों में है पर भविष्य के लिए समाज,अधिकारी वर्ग से लेकर नेताओं को भी इसपर विचार करना चाहिए कि राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था को ध्वस्त कर हम कहां जाएंगे और झारखंड बना किसलिए था? मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि, संजीव लाल एक सरकारी कर्मचारी हैं। वह मेरे निजी सचिव हैं। संजीव लाल पहले भी दो पूर्व मंत्रियों के निजी सचिव रह चुके हैं। कई सरकारी कर्मचारी हैं और हम आम तौर पर अनुभव के आधार पर निजी सचिव की नियुक्ति करते हैं। यह सही नहीं है। ईडी की जांच पूरी होने से पहले छापेमारी पर टिप्पणी करूंगा। झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से हैं। खास बात यह है कि आलमगीर कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में शुमार हैं। इसी सीट से वह चार बार विधायक रह चुके हैं। यही वजह है कि सोरेन सरकार में उन्हें मंत्री भी बनाया गया। हालांकि उन पर विपक्ष लगातार भ्रष्टाचार का आरोप लगाता रहा है। मौजूदा समय में आलमगीर आलम झारखंड सरकार में संसदीय कार्य और ग्रामीण विकास मंत्री हैं। झारखंड के भाजपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने एक्स अकाउंट पर वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, दो दिन पहले प्रधानमंत्री झामुमो-कांग्रेस के जिस लूट मॉडल की बात कर रहे थे, उसे इन रुपयों ने सत्यापित कर दिया है।



पूर्व सीएम ने कहा है कि गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों के हक मारकर लूटे हुए इन्हीं पैसों से कांग्रेस अपने शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने का सपना देख रही है। ईडी, सीबीआई के दुरुपयोग की दुहाई देने वाली झामुमो-कांग्रेस जनता के सामने अब कौन सा नया बहाना बनाएगी? धीरज साहू से लेकर आलमगिर आलम और पंकज मिश्रा से लेकर पूजा सिंहल तक के ठिकानों से जिस प्रकार अथाह काले धन बरामद हुए हैं, उससे पिछले 5 सालों के दौरान राज्य सरकार द्वारा की गई संगठित लूट जगजाहिर हो चुकी है।

भाजपा नेता ने आगे लिखा, सोचिये कि झारखंड में एक मंत्री के पीए के नौकर के यहॉ पच्चीस करोड़ नगद मिल सकता है तो दूसरे और मंत्रियों ने गरीबों की गाढ़ी कमाई और कितना लूट कर नौकर चाकरों तक के यहॉ छुपा कर रखा हुआ है? हमें लगता है कि कल्पना सोरेन अब घड़ियाली आंसू बहाना और यह कहना बंद कर देंगी कि हेमंत सोरेन का अपराध क्या है? उन्होंने अवैध रकम का दुरुपयोग कर आम चुनाव को प्रभावित करने की आशंका जताते हुए चुनाव आयोग से अपील की है कि अविलंब सभी राज्य के मंत्रियों के ठिकानों पर छापेमारी कर चुनाव में काले धन का दुरुपयोग रोकें और कठोर कार्रवाई करें। राजनीति से इतर सवाल यह है कि इसे रोकेगा कौन और कब?

## कोविड-19 की कोविशील्ड वैक्सीन का दुष्प्रभाव कब तक

**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

कोविड-19 की कोविशील्ड वैक्सीन के दुष्प्रभाव के बारे में इंग्लैंड की एक अदालत में उजागर होने के बाद अब भारत में बहुत से लोग इससे हृदयाघात होने, अपने परिजनों की मौत का जिम्मेदार बताने लगे हैं। वैसे तो इसका सबसे ज्यादा मामला बीते वर्ष नवरात्र के समय गरबा नृत्य के दौरान चर्चित मॉडल राज्य गुजरात के कई शहरों में सामने आया। जिसके बाद स्वास्थ्य मंत्री को बयान देना पड़ा था कि कोरोना प्रभावित रहे लोगों को अभी कोई बहुत श्रम वाला कार्य या ज्यादा कसरत करने से बचना चाहिए। लेकिन तब तक न तो कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली कंपनी ने, नहीं किसी अदालत में यह बात सामने आयी थी कि कोविड-19 की भारत में जो वैक्सीन लगी है उससे हृदय पर, उसके काम काज पर किसी तरह का असर हो सकता है। लेकिन इंग्लैंड की अदालत में इसके दुष्प्रभाव की बात सामने आने, हार्ट अटैक होने की संभावना की बात आने के बाद अब लोग खुलकर कहने लगे हैं। कुछ दिन पहले वाराणसी में एक उन्नीस वर्ष का लड़का जिम में एक्सरसाइज करते समय गिर कर सीना पकड़ तड़पने लगा, तड़पते हुए ही कुछ देर में उसकी मौत हो गई। इसी तरह से बॉलीवुड के टैलेंटेड एक्टर श्रेयस तलपड़े को बीते वर्ष 14 दिसंबर, 2023 को दिल का दौरा आया था। फिल्म की शूटिंग के दौरान ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## एक नजर

### उम्मीदवारों की मौजूदगी में लेखा पंजी की हुई जांच

**खूंटी।** खूंटी (अजजा) लोकराभा निर्वाचन क्षेत्र 2024 से निर्वाचन के लिए उम्मीदवारों के निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की द्वितीय जांच सोमवार को विकास भवन स्थित सभागार से व्यय प्रेक्षक एसआर नेडुमारच और सहायक व्यय प्रेक्षकों के निर्देशन में की गयी। जांच में उम्मीदवार अर्जुन मुण्डा, भारतीय जनता पार्टी, कालीचरण मुण्डा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, सावित्री देवी, बहुजन समाज पार्टी, अपर्णा हंस, झारखण्ड पार्टी, बबीता कच्छप, भारत आदिवासी पार्टी, पास्टर संजय कुमार तिर्की, निर्दलीग बसंत कुमार लोगा, निर्दलीय द्वारा स्वयं अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा पंजी की जांच के लिए उपस्थित थे।

### लिमडा की मुखिया सोमारी देवी लौटी भाजपा में

**खूंटी।** भाजपा के खूंटी लोकसभा संयोजक और विधायक कोचे मुंडा ने सोमवार को लिमड़ा पंचायत के डुमारी ग्राम में लोगों से मिलकर भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा को भारी मतों से बचाने की अपील की। विधायक ने मुखिया सोमारी उरांव के आवास में जाकर लोकसभा चुनाव में उनसे सहयोग मांगा। मौके पर विधायक ने कहा कि आप सिर्फ एक सांसद नहीं, बल्कि केंद्र सरकार में मंत्री चुन रहे हैं। मुखिया सोमारी उरांव विधायक के समक्ष पुनः भाजपा में शामिल हुई। मौके पर भाजपा नेता विनोद सिंह, भगीरथ राय सहित अन्य उपस्थित थे।

### गोविंदपुर में भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**खूंटी।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र के संयोजक कोच मुंडा ने सोमवार को गोविंदपुर में भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह के साथ की। मौके पर विधानसभा संयोजक शशांक शेखर राय, विधानसभा सहसंयोजक विनोद भगत, विधानसभा प्रभारी अरुणचंद्र गुप्ता, प्रदेश काग्रसमिति सदस्य संतोष जायसवाल, शिव शंकर मिश्र, शिव कुमार केसरी, ब्रजेद्र हेमराम, राजन मुंडा आदि ने कार्यकर्ताओं से अर्जुन मुंडा को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर भाजपा प्रत्यशी के पक्ष में जनसंपर्क करने का आह्वान किया।

### बिरहोर परिवारों के बीच चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**खूंटी।** लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर सोमवार को अड़की प्रखंड के तेलंगाडीह और सोसोकुटी के बिरहोर परिवारों के बीच विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं ने स्वयं ही सेल्फी प्वाइंट और एवं रंगोली बनाई। साथ ही गीत गाकर मतदाताओं से अपील की। नुक्कड नाटक के माध्यम से मतदान तिथि 13 मई को मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, खूंटी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, अड़की एवं जेएसएलपीएस के कर्मी उपस्थित थे। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने ग्रामीणों को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

# भारतीय संविधान की रक्षा के लिए इंडी गठबंधन को दें समर्थन : बंधन तिग्गा



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर ऐतिहासिक जतरा खूंटा शक्ति स्थल के परिसर मुड़मा में महापंचायत का आयोजन किया गया। इसमें लोहरदगा लोकसभा के सभी प्रखंडों से लगभग 500 सामाजिक चिंतकों और आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि एवं सामाजिक अगुवागण भाग लिये। बैठक में केन्द्र में पिछले 10 वर्षों से काबिज भारतीय जनता पार्टी, वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एनडीए गठबंधन और आरएसएस समर्थित सरकार के कामकाज की समीक्षा की गई, विचारोंपरान्त यह पाया गया कि विगत 10 वर्षों से बीजेपी सरकार आदिवासियों के साथ शोषण, दमन, उत्पीड़न, जुल्म, अत्याचार और उपेक्षित ही किया है। वक्ताओं ने कहा कि एनडीए सरकार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम को कमजोर किया, भूमि अधिग्रहण कानून को कमजोर किया, वन अधिकार अधिनियम में बदलाव लाया जिससे देश के आदिवासी प्रभावित हुए और होंगे, मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ अमानवीय घटना हुई, मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब किया गया, हसदेव जंगल को उजाड़ा, लद्दाख में पर्यावरण से छेड़छाड़ का प्रयास, आदिवासी को वनवासी बोलना, आदिवासियों के धार्मिक पहचान वाली मांग सरना धर्म कोड को खारिज किया गया, आदिवासी को हिंदू घोषित करना, सरना को सनातन से जोड़ना, राम मंदिर निर्माण को लेकर सरना स्थल की मिट्टी का दुरुपयोग किया गया, देश में नफरत फैलाना, बीजेपी व आरएसएस द्वारा आरक्षण खत्म करने का विचार, संविधान बदलने की बात करना, मनुस्मृति संविधान लागू करने की मंशा रखना, वर्ण व्यवस्था में उलझाए रखना, आदिवासियों को शुद्र की श्रेणी में रखना, भारत सरकार के जनगणना प्रपत्र में अन्य कॉलम को हटा देना, भारत सरकार के पदों में बहाली रोक देना, नौकरी देने में असफल रहना, आदिवासियों की धार्मिक सरना स्थलों, ससनदीरी जमीन को लैंड बैंक भूमि में डालकर समाप्त करने की साजिश करना, सीएनटी एक्ट, एसपीटी एक्ट बचाओ महारैली के क्रम में रघुवर दास की सरकार द्वारा खूंटी में गोली चलवाया गया। निवर्तमान लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत 15 साल तक सांसद रहे, समीर उरांव 6 साल तक राज्यसभा सांसद रहे। इन लोगों ने आदिवासी समाज के लिए कुछ नहीं किया। चमरा लिंडा 15 साल तक बिशनपुर के विधायक रहे। उन्होंने आदिवासियों को सिर्फ ठगने का ही काम किया। इन सबको देखते हुए बैठक में निर्णय लिया गया कि कॉन्ग्रेस के प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में समर्थन किया जाएगा।

### राजनीतिक गठबंधन कभी भी जनता के हित के लिए नहीं होता है : बसंत कुमार लोंगा

**खूंटी।** खूंटी से लोकसभा के स्वतंत्र प्रत्याशी और झामुमो के पूर्व विधायक बसंत कुमार लोंगा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को पिताय पाहन और प्रत्याशी द्वारा संयुक्त रूप से तोरपा के हिल चौक में किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों का आह्वान करते हुए प्रत्याशी बसंत कुमार लोंगा ने कहा कि राजनीतिक गठबंधन कभी भी जनता के हित के लिए नहीं होता है, सिर्फ सत्ता प्राप्ति के लिए किया जाता है और इस सत्ता संघर्ष में हम आदिवासियों एवं मूलवासियों का मुद्दा गौण हो जाता है। लोंगा ने कहा कि मैं झारखंडी सवालों को बल देने को लेकर इस आम चुनाव में खड़ा हुआ हूं। खूंटी लोकसभा क्षेत्र की जनता को तय करना है कि झारखंडी सवाल निर्णायक होना चाहिए या सत्ता संघर्ष का हिस्सा बनना है। कार्यक्रम में मसीह गुड़िया, जुरसन गुड़िया, जीवन हेमरोम, सरोज टोपना, पुष्पा तिड़ू एवं ज्योति पूर्ती आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## 10 मई को डकरा में मनाई जाएगी परशुराम जयंती



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

सर्व ब्राह्मण महासभा की बैठक खलारी के केडी बाजार में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण महासभा के संरक्षक बीएन पांडेय ने की। बैठक में सर्वसम्मति से 10 मई को डकरा दुर्गा मंडप परिसर स्थित विवाह मंडप में परशुराम जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही आयोजन को सफल बनाने पर विचार विमर्श करते हुए भगवान परशुराम जयंती मनाने की रुपरेखा तैयार की गई। बैठक के दौरान सभी लोगों को अलग-अलग कार्य की जिम्मेवारी सौंपी गई। संचालन रतन मिश्रा ने किया। बैठक में महासभा के अध्यक्ष प्रमोदकुमार तिवारी, सचिव दिनेश पांडेय, कोषाध्यक्ष अवधेश उपाध्याय, उप कोषाध्यक्ष पंकज मिश्रा, रमेश शर्मा, गिरिधर तिवारी, शशि पांडेय, एचके दुबे, नवकुमार बनर्जी, सोनुकुमार पांडेय, विकासकुमार दुबे समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

**भव्य कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ**

## भक्ति में कोई भौतिक इच्छा नहीं होनी चाहिए : व्यास निकुंज लाडली

**नवनिर्मित शिव हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले दिन श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया**



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के जरिया नहरटोली में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर श्री शिव हनुमान मंदिर का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सोमवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य पुजारी आचार्य जितेंद्र पाठक एवं यज्ञाचार्य पंडित सतीश के नेतृत्व में नवनिर्मित मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के पूर्व भगवान गणेश की विधिवत पूजा अर्चना की गई। भगवान श्री राम का रामध्वज लेकर गाजा बाजा एवं शंख की प्रतिध्वनि के बीच हजारों महिलाओं ने कलश लेकर नगर भ्रमण करते हुए कलशयात्रा निकाली। यजमान के रुप में अपनी पत्नी के संग वासुदेव महतो प्रमिला देवी, गंदुर गोप-शोभा देवी, अनिल गोप-प्रीति देवी, उमेश गोप-अनिता देवी, नंदलाल गोप-पुष्पावती देवी, दीपक गोप-अनिता देवी, दिलीप महतो-नीरा देवी, मनोज गोप-किरण देवी, अवध महतो-पिंकी देवी, विनोद गोप-सीता देवी, राजू प्रसाद-अल्पना देवी शामिल हुए। वेद मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठानों के बीच जरिया पुरनाडीह तालाब से कलश में पवित्र जल उठाया गया। इस मौके पर सुरेंद्र गोप, ब्रजेश महतो, बबलू गोप, ईश्वर गोप, रमेश महतो, रविंद्र महतो, प्रमोद महतो, ओमप्रकाश गोप, प्रेम महतो, शिव गोप, राजकुमार गोप सहित कई लोगों ने कलशयात्रा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कलशयात्रा में भाजपा नेत्री व पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर भी शामिल हुई।

## सरला बिरला स्कूल में सीबीएसई की ओर से बाल वाटिका व जादुई पिटारा पर कार्यशाला आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने सोमवार को सीबीएसई द्वारा आयोजित 'बाल वाटिका' और 'जादुई पिटारा' पर कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में समरजीत जेना, जिला प्रशिक्षण कोऑर्डिनेटर और प्राचार्य, जवाहर विद्या मंदिर जैसे शिक्षा जगत के प्रतिष्ठित सदस्यों की उपस्थिति रही।

उप जिला प्रशिक्षण कोऑर्डिनेटर एवं डीएवी हेहल के प्राचार्य एसके मिश्रा, सिटी कोऑर्डिनेटर एवं प्राचार्य डीपीएस रांची डॉ राम सिंह और डिप्टी सिटी कोऑर्डिनेटर एवं सरला बिरला पब्लिक स्कूल की प्राचार्या परमजीत कौर उपस्थित हुईं। इस सत्र के लिए विशेषज्ञ के रूप में विकास विद्यालय, रांची के प्राचार्य पीएस कालरा और जमशेदपुर पब्लिक स्कूल की अर्पिता बख्शी उपस्थित थीं। रिसोर्स पर्सन का एक पैनल भी था, जिनकी उपस्थिति से आज का सत्र बहुत समृद्ध बन गया। पूरे झारखंड राज्य से 50 से अधिक प्राचार्यों और लगभग 200 शिक्षक प्रतिनिधियों ने सत्र में भाग लिया। सत्र में प्रतिभागियों को 'बाल वाटिका' पाठ्यक्रम में 'जादुई पिटारा' को शामिल करने के इंटरैक्टिव और रचनात्मक तरीकों से अवगत कराया गया, जो एनसीएफ-2022 फाउंडेशन स्टेज का केंद्रबिंदु है। प्राचार्या परमजीत कौर ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम की मेजबानी की और भाग लेने वाले शिक्षकों को अपने शिक्षार्थियों के बीच स्वतंत्र सोच को बढ़ावा देने के लिए अपने रचनात्मकता को उजागर करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**बढ़ती गर्मी को देखते हुए झारखंड सेवा समिति ने किया प्याउ का उद्घाटन**

## मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए झारखंड सेवा समिति का प्रयास सराहनीय : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

झारखंड सेवा समिति द्वारा सोमवार संध्या 4:00 बजे सुभाष चौक के निकट बढ़ती गर्मी को देखते हुए एवं आम लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए प्याउ का उदघाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने एवं संचालन उपाध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता व सह सचिव मनोज मंडल ने संयुक्त रूप से किया। जबकि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार मौजूद थे। उन्होंने प्याउ का उदघाटन करते हुए झारखंड सेवा समिति की सराहना की। कहा कि इस प्याउ के आरंभ होने से बढ़ती गर्मी में यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में गुजरने वाले राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। कहा की झारखंड सेवा समिति द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है की आगामी 20 मई को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है। जो सराहनीय है। कहा वर्तमान समय में ऐसे ही पहल की जरूरत है क्योंकि इससे हमारे देश का लोकतंत्र मजबूत होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने कहा की गर्मी के मौसम में हमारी संस्था आम लोगों के लिए प्याउ का उदघाटन प्रत्येक वर्ष करती है ताकि राहगीरों को शीतल पेयजल मिल सके। उन्होंने कहा की इस वर्ष प्याउ उदघाटन का एक और भी उद्देश्य है।

**मवि के चहारदीवारी कार्यों में लगाए जाने वाले सामग्री में भारी अनियमितता**

# ग्रामीणों का फूटा आक्रोश



**स्टीमिट मांगने पर संवेदक कर रहे हैं टालमटोल : मुखिया**

मुखिया अनीता देवी ने कहा कि जब मैने संवेदक से स्टीमिट मांगा तो टाल मटौल कर दिया गया। बाउंड्री कार्यों में अनियमितता बरती जा रही है इसकी जांच ऊंचे अधिकारियों द्वारा अवश्य होनी चाहिए। जेई विवेक ने कहा कि यह कार्य डीएमएफटी मद से हो रहा है जो 58 लाख रुपए का कार्य है। चारदीवारी में मिट्टी युक्त एवं पथरीला स्थान पर कहीं चार कहीं छः रॉड लगाया जा रहा है। संवेदक सफीउल्लाह ने कहा कि पूर्व दक्षिण दिशा में बाउंड्री के बाहर छूटा हुआ जमीन पर किचन और बाथरूम बनेगा। ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वह सभी बेबुनियाद हैं।

**नवीन मेल संवाददाता। दारू**

प्रखंड अंतर्गत ईरगा पंचायत में स्थित मध्य विद्यालय बड़वार के चारदिवारी कार्यों में लग रहें सामग्री में भारी अनियमितता बरती जाने का आरोप ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि लगातार लगा रहें है फिर भी कार्य लगातार जारी है, ग्रामीणों का कहना है कि अंचल द्वारा किया गया सीमांकन पर बाउंड्री नहीं हो रहा है, पूर्व दक्षिण की दिशा में काफी सरकारी जमीन को छोड़ दिया गया है, साथ ही चारदीवारी कार्य में घटिया किस्म का ईंट, मिट्टी युक्त बालू और अलग-अलग कंपनी का रॉड का उपयोग किया जा रहा है। ग्रेट बीम में कहीं चार कहीं पांच रॉड लगाया जा रहा है, चहारदीवारी में पानी भी ठीक से नहीं दिया जा रहा है। जब इसका हम लोग विरोध करते हैं तो संवेदक द्वारा सरकारी काम में बाधा एवं लेवी मांगने का आरोप लगाकर थाने में आवेदन दे दिया जाता है। इस संदर्भ में विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रभु राम एवं अध्यक्ष राजकुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि अंचल द्वारा बाउंड्री का सीमांकन हुआ है लेकिन कुछ जमीन बाहर इसलिए छूट गए क्योंकि संवेदक ने पहले ही कुछ कॉलम खड़ा कर दिया गया था जिसके कारण संवेदक ने आशवासन दिया है कि जो जमीन छूटा है उस पर किचन और बाथरूम बनेगा।

### मैकलुस्कीगंज के विकास के लिए तत्पर रहते थे एचए ब्राउन

**खलारी।** बिहार विधान सभा में वर्षों तक मनोनीत एंग्लो इंडियन विधायक रहे हेक्टर एंगस ब्राउन की 29वीं पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। खलारी के स्थानीय पत्रकारों ने एचए ब्राउन की पुण्य तिथि पर उन्हें याद करते हुए मैकलुस्कीगंज के लिए उनके द्वारा किए कार्यों व उनके जीवन पर चर्चा किया। खलारी के वरिष्ठ पत्रकार मुक्तिनाथ गिरि ने उनके जीवन के बारे में बताया कि 16 अप्रैल 1909 को पटना के छज्जू बाग में जन्मे मि. हेक्टर एंगस ब्राउन के पिता मि. केसी ब्राउन पटना हाइकोर्ट में रजिस्ट्रार थे। मि. हेक्टर एंगस ब्राउन की शिक्षा-दीक्षा नैनीताल में हुई थी। पटना कालेज से उन्होंने अंग्रेजी आनर्स में स्वर्ण-पदक प्राप्त कर उत्तीर्णता हासिल की थी। बिहार प्रशासनिक सेवा में वे वर्ष 1933 से 1966 तक रहे। वे सेना में ढाई वर्षों तक मेजर भी रहे थे। वर्ष 1968 में वे पहली बार बिहार विधान सभा में एंग्लो-इंडियन एमएलए मनोनीत किए गए।

## सीएमओआई के अधिकारियों ने सीसीएल के सीएमडी से की भेंट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीसीएल मुख्यालय में कोल माइंस अफसर्स एसोसिएशन (सीएमओआई) के रांची ब्रांच के अधिकारियों ने सोमवार को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) निलेंदु कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर विशेष पर डीएन सिंह, अध्यक्ष, सीएमओआई, एसके सिंह, उपाध्यक्ष, सीएमओएआई और अशोक कुमार, उपाध्यक्ष, सीएमओएआई ने पुष्प गुच्छ दे कर सीएमडी, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) का स्वागत किया। ज्ञात हो कि निलेंदु कुमार सिंह ने कोयला मंत्रालय, भारत सरकार और कोल इंडिया लिमिटेड के आदेशानुसार 29 अप्रैल 2024 को सीएमडी, सीसीएल के पद पर अपना योगदान दिया है। उल्लेखनीय है कि कंपनी के नीति निर्माण एवं अधिकारियों के समस्याओं एवं विषय वस्तु के समाधान के लिए सीएमओएआई एक प्रभावी संस्था है, जो कंपनी प्रबंधन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सीसीएल के विकास के लिए कृत संकल्प रहती है।

## न्यूज | बॉक्स

### मृतक हेमंत उरांव की मिट्टी में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत



**चान्हो।** चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम लुंडरी निवासी हेमंत उरांव की मखमंद्रो में एक्सीडेंट होने से निधन हो गई थी। पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने स्व. हेमंत उरांव की मिट्टी में शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया साथ ही हर सुख दुःख में साथ देने का भरोसा दिलाया।

### कांग्रेस के पक्ष में जमील मल्लिक ने प्रचार किया



**मांडर।** इंडिया गठबंधन के लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में समर्थन के लिए विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ,सोमवार को विभिन्न गांवों का दौरा किया। प्रखंड के बांसजाड़ी समेत अन्य गांव का भ्रमण कर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के लिए प्रचार किए। साथ में पंचायत अध्यक्ष छोटन उरांव , नेजाम अंसारी ,अनुप राम, नईम अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### संत माईकल (+2) स्कूल में इंगलिश जस्ट ए मिनट प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित




**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार को संत माईकल (+ 2) स्कूल, मुरी में इंगलिश जस्ट ए मिनट (खअट) प्रतियोगिता के विजेताओ को मेडल एवं प्रस्सति पत्र देकर विद्यालय प्रांगण में सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता 29 अप्रैल को विद्यालय में आयोजित कि गई थी जिसमें वर्ग नौवी से बारहवी के बच्चो ने बढ़ चढ़ ?कर हिस्सा लिया था। स्कूल के निदेशक राकेश कुमार ने आशिष वचन के साथ बच्चों को इस प्रतियोगिता का महत्व बताए एवं इस तरह के प्रतियोगिता में सभी बच्चो को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित भी किए। स्कूल के प्राचार्य सीएल प्रजापति ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए भविष्य में होने वाली अन्य सभी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दिए। विद्यालय के प्रबंधक डॉ रूपेश कुमार ने बच्चो के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए एवम् कहे कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चे अपनी छिपी प्रतिभा को निखारते है और अधिक सफलता मिलती है। उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा इस तरह की प्रतियोगिता आगे भी आयोजित की जाएगी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षाकाए मनीषा सिंह, अजय चिक बराईक, श्वेता, रेजिश भेंगरा, रमेश गौराई, किशोर कुमार, सोमांशी तिवारी , हनी कश्यप,वी वेकेंट राव एवं विद्यालय के संभी छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**मांडर।** भारतीय जनता पार्टी के मांडर मंडल के द्वारा गांव-गांव घूम कर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी समीर उरांव के लिए समर्थन मांगा गया। इस दौरान मंडल के अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी ने मांडर प्रखंड के नगड़ा, उचरी, कनभीठा, गोरे, टोटामबी, सुरसा, हातमा, करगे, हेसमी, कठचाचो आदि गांव में जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। साथ ही समीर उरांव को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प किया गया। इसमें मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खददी उरांव, दिनेश गुप्ता, जनार्दन साहू, हेमंत कुमार, बबलू गोप, अब्दुल रहमान, शनिचरवा उराँव, राजनाथ सिंह, मुकेश गोप, सुनिल सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

### संविधान और सीएनटी एक्ट बचाने के लिए है यह चुनाव: कालीचरण मुंडा

**खूंटी।** जनजातियो के लिए सुरक्षित खूंटी संसदीय सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने सोमवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में छोटी-छोटी सभाओं और बैठकों के माध्यम से जनसंपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। विभिन्न बैठकों में कालीचरण मुंडा ने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने और सीएनटी को बचाने के लिए है। उन्होंने तोरपा प्रखंड के सुंदारी, दियाकेल, कोरकोटोली, उकड़ीमाड़ी, टांटी, कसमार, भुसूर, कसमार, गोविंदपुर आदि क्षेत्रो में जनसंपर्क कर मतदाताओं से सहयोग, आशीर्वाद और समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि नेता नहीं, बल्कि बेटा बनकर क्षेत्र की सेवा करने के लिए आपके बीच आया हूं। खूंटी लोकसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना ही मेरी प्राथमिकता है। आप लोगों से मिल रहे अपार स्नेह और आशीर्वाद से मुझे हौसला मिल रहा है। इसके लिए मै आपका आभारी हू। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। इसलिए देश की संपत्तियों को बेचा जा रहा है। आज अगर लोग जागरूक नहीं हुए तो कल पूरे देश को इससे भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। भाजपा केवल नफरत की सियासत करती है।

## मधुकम में सीएम आवास योजना के मकानों में रहने वाले लोग पानी के लिए कर रहे जद्दोजहद

# पेयजल के चक्कर में फंसी बच्चों की पढ़ाई-लिखाई

**अमित कुमार। रांची**

मधुकम में गैलेक्सिया मॉल के पीछे 200 गरीब परिवारों को बसाया गया है। इन परिवारों को सीएम आवास योजना के तहत रहने के लिए छत तो मिल गई, लेकिन स्वच्छ पेयजल आज भी वहां पर एक बड़ी समस्या बनी हुई है। यहां 50 से अधिक तीन मंजिला आवास का निर्माण किया गया है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में निम्न आय वर्ग के लोग रहते हैं। यहां रहने वाले लोग पीने के पानी की व्यवस्था सही नहीं रहने के कारण हर दिन इसके लिए जद्दोजहद करते हैं। गर्मी के मौसम में यह परेशानी और भी बढ़ जाती है। यहां के लोग कहते हैं कि यदि इस इलाके में पैसे वाले लोग रह रहे होते, तो पानी की समस्या कभी नहीं होती। लेकिन, यहां गरीब लोग रहते हैं, इसलिए सरकार और प्रशासन किसी का ध्यान इस क्षेत्र की ओर नहीं है। जबकि, वे सीएम आवास योजना के तहत बने घरों में रह रहे हैं। वे गैरकानूनी रूप से यहां नहीं रह रहे हैं। यहां निवास कर रहे लोग कहते हैं कि कई बच्चे होनहार हैं और वे पढ़-लिख कर अपने परिवार को गरीबी से बाहर लाना चाहते हैं। लेकिन, इन बच्चों की पढ़ाई-लिखाई अब पानी के चक्कर में फंस कर रह गई है। यहां पर पानी की कुल 20 बोरिंग है। लेकिन, देख-रेख में कमी के कारण कई बोरिंग से मोटर गायब हैं। शेष बची बोरिंग में पानी नहीं आता है।



### क्या कहते हैं बच्चे



गर्मी आते ही परेशानी बढ़ जाती है। नगर निगम यदि रोजाना 10 टैंकर पानी भेजेगा, तब ही सभी लोगों को पानी मिल पाएगा।

निखिल बारला, 12वीं कक्षा का छात्र।



सुबह होते ही पानी लाना पड़ता है। घंटों लाइन में लग कर नीचे से पानी ऊपर तक पहुंचाने पर हालत खराब हो जाती है।

आकांक्षा कुमारी, 8वीं कक्षा की छात्रा।



गर्मी की छुट्टी चल रही है। इसलिए पानी भरने का वक्त मिल जाता है। लेकिन, इसमें पूरा समय गुजर जाता है और पढ़ाई पर इसका असर पड़ता है।

विक्की कुमार, 10वीं कक्षा का छात्र।



घर वाले बोलते हैं पढ़ाई करो, लेकिन पानी लाने में ही समय ज्यादा गुजरता है। ऐसे में कैसे पढ़ाई होगी।

दीपक कुमार, 9वीं कक्षा का छात्र।

नगर निगम द्वारा टैंकर के माध्यम से सभी लोगों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। जहां भी अतिरिक्त पानी की आवश्यकता है, वहां के लोग निगम को सूचना दे कर पानी मंगवा सकते हैं।

अमित कुमार, आयुक्त, रांची नगर निगम।



यहां निवास कर रहे प्रत्येक परिवार को रोजाना खाना पकाने और पीने के लिए कम से कम 10 लीटर पानी की आश्यकता है। सभी कार्यों के लिए पानी की जरूरत चापानल से पूरी होती है। कभी-कभार नगर निगम के टैंकर से भी पानी मिल जाता है। लेकिन, अधिकांश समय लोग चापानल पर ही निर्भर रहते हैं। ऐसे में पढ़ने-लिखने वाले बच्चों पर इसका असर पड़ रहा है।

अनिल बाबू, स्थानीय नेता।

## एक नजर

### स्वामी चिन्मयानंद का जन्मदिवस आज, आराधना दिवस के रूप में मनाया जाएगा

**रांची।** स्वामी चिन्मयानंद का जन्मदिवस आगामी 8 मई (बुधवार) को है। चिन्मय मिशन में इस दिन को आराधना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन स्वामी परिपूर्णानंदजी, आचार्य, चिन्मय मिशन रांची, के सानिध्य में प्रातः पादुका पूजा का कार्यक्रम है। संध्या 6:30 से 8.00 बजे तक श्रीमद्भागवत गीता का पाठ होगा। 9 मई को प्रातः 8.00 से 9.00 बजे तक मनीषा पंचकम का पाठ होगा। दोनों कार्यक्रम सुबह और शाम को अपने निर्धारित समय से होंगे। इसका समापन 14 मई को रात्रि 8.00 बजे होगा।

### सुकुरहूटू गौशाला में सैकड़ों लोगों ने की गौ सेवा

**रांची।** सुकुरहूटू गौशाला कांके में नवनिर्मित गौ परिक्रमा मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव पर गौ माता सेवा समिति के सदस्यों एवं गौ भक्तों ने गौ माता की पूजा-अर्चना की। साथ ही, गौ माता की सेवा की एवं सैकड़ों गायों को तरबूज, गुड़, चना, हरी घास व सब्जियां, चारा-चोकर खिलाई। दिनभर सैकड़ो लोगों ने गौ माता की सेवा की। समाजसेवी जवाहर तनेजा ने मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर 1000 किलो तरबूज गौ सेवा के लिए अर्पित किया। उन्होंने कहा कि गौ हमारी माता है, सभी लोगों को गौ सेवा अवश्य करनी चाहिए। यह बहुत ही पुनीत कार्य है। हिंदू धर्म में गाय को पूजनीय स्थान प्राप्त है। गौ माता की सेवा करने से बड़े से बड़े कष्ट दूर हो जाते हैं। समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ एवं मुकेश काबरा ने कहा कि गाय में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है। गाय सेवा करने से जहां सभी देवी-देवता प्रसन्न होते हैं, वहीं घर में सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य का वरदान मिलता है। इस अवसर पर राजकुमार गाड़ोदिया, प्रमोद बजाज, मुकेश पोद्दार, रतन जालान, प्रदीप राजगढ़िया, मुकेश काबरा, अशोक गाड़ोदिया, वासुदेव भल्ला, अमरजीत गिरधर, संजय सर्राफ, सज्जन पाड़िया, ललित पोद्दार, विष्णु सोनी, आनंद अग्रवाल, विजय सरायका आदि उपस्थित थे।

## झारखंड हाई कोर्ट ने रांची नगर निगम से पूछा

# जिन बहुमंजिले भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग नहीं, उन पर क्या कार्रवाई हो रही है

**हाई कोर्ट ने मौखिक कहा**

*गर्मी में रांची में पेयजल की समस्या ना हो, इसका ध्यान रखा जाए*

*जरूरत पड़े तो टैंकरों से भी पानी उपलब्ध कराया जाए*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में रांची के जलस्त्रोतों के अतिक्रमण एवं रांची शहर के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई सोमवार को हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रांची नगर निगम से पूछा कि रांची में जिन बहुमंजिले भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग नहीं हैं, उन पर क्या कार्रवाई हो रही है? साथ ही, रांची नगर निगम से मल्टी स्टोरीड बिल्डिंग एवं अन्य भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर की गई कार्रवाई के संबंध में बताने को कहा है।

पिछली सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि रांची के तीनों डैम - हटिया, कांके एवं गेतलसूद - से छह माह तक पानी आपूर्ति की कोई समस्या नहीं है। इसलिए गर्मी में पेयजल की समस्या नहीं होगी। भविष्य में रांची में पेयजल का संकट ना आए, इसके लिए निगम और सरकार योजनाएं बना रही हैं। कोर्ट को यह भी बताया गया था कि कांके डैम, हटिया डैम एवं गेतलसूद डैम का झारखंड स्टेट स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के माध्यम से सेटेलाइट मैपिंग की जाएगी, ताकि इन तीन डैम का जल स्त्रोत, कैचमेंट एरिया, डैम के आसपास के अतिक्रमण आदि की जानकारी हो सके।

### तीनों डैम की सफाई को लेकर निगम रहे संवेदनशील

हाई कोर्ट ने कहा कि तीनों डैम की सफाई को लेकर निगम और सरकार संवेदनशील रहे। साथ ही, निगम और सरकार से मौखिक कहा कि गर्मी में रांची शहर में पेयजल की समस्या नहीं हो, इसका ध्यान रखा जाए। जरूरत पड़े तो टैंकरों से भी पानी उपलब्ध कराया जाए। कोर्ट ने रांची नगर निगम और राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई 15 मई निर्धारित की है। इससे पहले, रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने कोर्ट को बताया कि 710 मल्टी स्टोरीड बिल्डिंग में 648 भवन में वाटर हार्वेस्टिंग की जा चुकी है। वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर एनजीओ, सेल्फ हेल्प ग्रुप से भी सहायता ली जा रही है। लोगों को जागरूक करने के लिए 5000 पंफलेट और 3000 स्टीकर बांटे गए हैं। एफएम रेडियो में भी वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।



### एनडीआरएफ की टीम को नहीं मिला खदान में डूबा युवक

**रांची।** रांची के तुपुदाना ओपी क्षेत्र के पुगड़ू कुबाटोली स्थित खादान में जमे पानी में डूबे युवक के शव को एनडीआरएफ की टीम ने सोमवार को दिन भर तलाश की, लेकिन नहीं मिला। मृतक की शिनाख्त लोहरदगा के मेरला गांव निवासी अमित मिंज (19) के रूप में की गई है। घटना 5 मई की है। कुबा टोली के ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने अमित को खदान की तरफ जाते और डूबते देखा था। इसके बाद घटना की जानकारी गांव में दी। यह बात चारों ओर फैल गई। इसके बाद मृतक के परिजनों को भी घटना की सूचना मिली। पिता मनोज ने बताया कि रात में उसके बेटे के साथ अनहोनी होने की सूचना मिली। आनन-फानन में वह तुपुदाना ओपी पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी दी। लेकिन, रात में कहीं कोई पता नहीं चला। सोमवार की सुबह एनडीआरएफ टीम पहुंची, लेकिन कुछ नहीं मिला। मंगलवार को भी एनडीआरएफ टीम घटनास्थल पर आकर खदान में शव की तलाश करेगी। उन्होंने बताया कि अमित मिंज बालसिरिंग में जगन्नाथ टोप्पो के घर पर अपनी बहन के साथ एक साल से किराए में रहता था। परीक्षा लिखने के बाद उसकी बहन गांव चली गई।

# पहली कक्षा से सदानी भाषा की भी पढ़ाई हो : राजेंद्र प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आदिवासी- मूलवासी की बात करते हैं, लेकिन जब मूलवासी यानी सदान के विकास या उनकी भाषा को बढ़ाने की बात आती है, तो वे इस पर विचार नहीं करते हैं। ये बातें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कही।



राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री किसी जाति और धर्म विशेष का नहीं होता। मुख्यमंत्री को राज्य की संपूर्ण जनता के दुख दर्द और राज्य की वास्तविकता को समझकर जनता की हितों में निर्णय लेना पड़ता है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने 1 जून से स्कूलों में पहली कक्षा से जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई कराने की बात कही है। इसका हम स्वागत करते हैं। इसके साथ ही सदानी भाषा यानी मूलवासी सदानों की भाषा नागपुरी, खोरठा, पंचपरगनिया और कुरमाली भाषा की भी पढ़ाई शुरू करवाने की मांग मुख्यमंत्री से करते हैं।

प्रसाद ने मुख्यमंत्री को याद दिलाया कि यदि यहां के मूलवासी सदान झारखंड आंदोलन में शहादत नहीं दिए होते और झारखंड आंदोलन में शामिल नहीं हुए होते, तो झारखंड राज्य का निर्माण कभी नहीं होता। इस बात को उन्हें नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदानों के साथ हमेशा छल-कपट राज्य में बनने वाली सरकारों ने किया है। कहा कि दुख तब और ज्यादा होता है, जब राज्य में क्षेत्रीय दल का मुख्यमंत्री होते हुए भी झारखंड की वास्तविकता से मुंह मोड़ रहे हैं और मूलवासी सदानों की अनदेखी सरकार कर रही है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि शायद भाजपा में रामटहल चौधरी घर वापसी करेंगे। उन्होंने रामटहल चौधरी को सुझाव देते हुए कहा कि वे भाजपा में शामिल होने के बाद मूलवासी सदानों के अधिकारों के लिए भाजपा में मुखर हों।

# 'ख्याति द बुटीक' ने मनाई 10वीं वर्षगांठ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

'ख्याति द बुटीक' ने सोमवार को अपनी 10वीं वर्षगांठ मनाई। इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए कई ग्राहकों एवं प्रतिष्ठित मेहमानों के साथ केक काटा गया और उत्साही भावना के साथ वर्षगांठ मनाई गई। इस बुटीक ने लोगों के दिलों में स्थान बनाते हुए अपने 10 साल के सफर को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

10वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम में 'ख्याति द बुटीक' के मालिक ने उन सभी मेहमानों को तारीफ की, जिन्होंने इस यात्रा में उनका साथ दिया। उन्होंने उन सभी लोगों का धन्यवाद भी किया, जिन्होंने इस दिन को और भी खास बनाया। समारोह में व्यापारिक समुदाय के नेताओं, फैशन गुरुओं और कई अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने भाग लिया। इन सभी विशेष मेहमानों ने अपने अनुभवों और सफलताओं पर भी चर्चा की। 'ख्याति द बुटीक' के प्रबंधन ने बताया कि 10वीं वर्षगांठ न केवल एक उत्सव था, बल्कि एक गर्व का पल भी था। इसे मनाने वाले सभी लोगों ने इस अवसर को और भी यादगार बनाया और ख्याति द बुटीक के भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर, बुटीक ने अपने नवीनतम डिजाइनों और प्रोडक्ट्स का भी परिचय करायाया, जिसमें डिजाइनर ड्रेसेस, वेस्टर्न ऑउटफिट्स, कुर्ती, सूट पीस, वन पीस, गाउन, एक्सेसरीज एंड फुटवेयर्स शामिल थे। हर पर्चेज के साथ ग्राहकों को गिफ्ट भी दिया गया। 'ख्याति द बुटीक' मेन रोड के फिरायालाल बिल्डिंग के बेसमेंट में स्थित है।

## न्यूज बॉक्स

### रांची में मतदान को ले हाई कोर्ट में 25 को अवकाश

**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र में आगामी 25 मई को मतदान है। इसके मद्देनजर 25 मई को झारखंड हाई कोर्ट में अवकाश रहेगा। हाई कोर्ट ने सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 25 मई को रांची में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। इसलिए हाई कोर्ट में अवकाश घोषित किया गया है। वोटिंग के दिन अवकाश इसलिए रखा गया है, ताकि हाई कोर्ट के जस्टिस, रजिस्ट्री से जुड़े कर्मचारी और अधिवक्ता मताधिकार का इस्तेमाल करने से वंचित न हों। घोषित अवकाश की जानकारी हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन को भी दे दी गई है।

### 'मां की ममता' पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची।** श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ झारखंड की ओर से कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल में 'मां की ममता' पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का सोमवार को आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी मां की तस्वीर बनाकर उनकी भावनाओं को पेंटिंग के माध्यम से प्रकट किया। हर बच्चों ने अपनी मां के अलग-अलग रूपों को रंगों से बयां किया। किसी ने मां को भगवान के रूप में दर्शाया, तो किसी ने उन्हें सुपर वूमन की तरह दिखाया। इस दौरान बच्चों ने कहा कि मां मेरी बेस्ट फ्रेंड है, वह हर वक्त मेरे लिए मौजूद होती हैं। भगवान हर जगह मौजूद नहीं हो सकते। इसलिए उन्होंने मां को बनाया है, जो हमारे अच्छे और बुरे कर्मों पर नजर रखती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के प्रचार्य एसके सिन्हा, वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे, श्री सनातन महापंचायत झारखंड के संरक्षक संजय जायसवाल, श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ झारखंड के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, अभिषेक मुकीम, सुशील मुकीम, आशा देवी सहित कई शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे। यह जानकारी अमन ने दी।

### डीजीपी और निर्वाचन पदाधिकारी से मिला रांची प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार की कड़ी भर्त्सना करते हुए झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह और झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रविकुमार से मुलाकात कर और उनसे कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि गत दिनों रांची प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य और नक्षत्र टीवी के सीनियर जर्नलिस्ट सौरभ शुक्ला के साथ रांची के सीनियर एसपी ने अभद्रता की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रांची दौरे के दौरान सौरव शुक्ला न्यूज कवरेज कर रहे थे। उस दौरान एसएसपी ने दुर्व्यवहार करते हुए उनकी माइक आईडी छीन ली थी। इस बाबत रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन ने कहा कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक वरिष्ठ पत्रकार के साथ एसएसपी द्वारा किया गया दुर्व्यवहार दुर्भाग्य जनक है। प्रेस क्लब इसकी कड़ी निंदा करता है और झारखंड के डीजीपी और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से कार्रवाई की मांग करते हुए यह भी मांग करता है कि राज्य की पुलिस पत्रकारों के साथ शालीनता से पेश आए। प्रतिनिधिमंडल की मांगों पर गौर करते हुए डीजीपी और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मामले की जांच करवा कर कार्रवाई करने का आश्वासन प्रतिनिधिमंडल को दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन, सचिव अमरकांत, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सौरभ शुक्ला, चंदन भट्टाचार्य, कलब के पूर्व सचिव सह वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश सिंह और अमन मिश्रा मुख्य रूप से शामिल थे।

### रांची में जमीन के अवैध कब्जे को रोकने के लिए हेल्पलाइन नंबर पर करें कॉल



**रांची।** राजधानी रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शहर में भूमि माफिया के अवैध कब्जे को रोकने के लिए सोमवार को एक हेल्पलाइन नंबर 9153886241 जारी किया है। एसएसपी ने कहा कि पुलिस के सामने भूमि विवाद के मामले लगातार आते रहते हैं। यूं तो भूमि विवाद के मामले में कानूनी कार्रवाई अपेक्षित है या नहीं, इसपर निर्णय लेने से पहले दोनों पक्ष के कागजातों को देखना अत्यंत आवश्यक होता है, लेकिन कुछेक मामलों में अचानक ही कोई भूमि दलाल या जमीन माफिया किसी की जमीन का अवैध कब्जा करना चाहता है और उस समय तुरंत जमीन का कागजात दिखाना भी संभव नहीं होता है। ऐसे अवैध कब्जे के प्रयास को रोकने के लिए रांची पुलिस ने एक विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी कर रही है। जब कोई भू-माफिया अवैध ढंग से अचानक कब्जा करना चाहे, तो पीड़ित व्यक्ति रांची पुलिस को सहायता के लिए इस नंबर पर कॉल अवश्य करे। रांची पुलिस पीड़ित व्यक्ति का सहयोग अवश्य करेगी।

# शैक्षिक परिदृश्य को आकार देने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका : गोयल

## डीपीएस रांची ने 'सफल' मूल्यांकन कार्यक्रम पर किया प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीपीएस रांची ने सीबीएसई, नई दिल्ली के सौजन्य से स्ट्रक्चर्ड असेसमेंट फॉर एनालाइजिंग लर्निंग (सफल) 2024-25 कार्यक्रम में नामांकित स्कूलों के आईटी शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित इस सत्र में मूल्यांकन कार्यक्रम के बारे में अपनी समझ को बढ़ाने के लिए उत्सुक झारखंड राज्य के 185 शिक्षकों की उत्साही भागीदारी देखी गई। सत्र का नेतृत्व करने वाले मुख्य वक्ता मास्टर आईटी ट्रेनर अमित दत्ता थे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपांशु गोयल, असिस्टेंट सेक्रेटरी (एकेडेमिक्स), सीबीएसई, नई दिल्ली और सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर सह डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ राम सिंह थे। प्रशिक्षण सत्र के दौरान, प्रतिभागियों को सफल मूल्यांकन मंच के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। मूल्यांकन प्रक्रिया के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए संभावित चुनौतियों और समस्या निवारण तरीकों पर भी चर्चाएं केंद्रित रहीं। इसके अलावा, प्रतिभागियों को पंजीकरण प्रक्रियाओं और परिणाम घोषणा प्रोटोकॉल सहित परीक्षा प्रक्रिया में अंतर्दृष्टि प्राप्त हुई।

अपने संबोधन में, मुख्य अतिथि दीपांशु गोयल ने शैक्षिक परिदृश्य को आकार देने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षकों को छात्रों की सीखने की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझने और संबोधित करने में सक्षम बनाने में 'सफल' जैसी पहल के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने प्रतिभागियों से अपनी कक्षाओं में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रशिक्षण सत्र से प्राप्त ज्ञान का लाभ उठाने का आग्रह किया। डॉ राम सिंह ने शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में सहयोगात्मक प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने शैक्षणिक कौशल को बढ़ाने के लिए भाग लेने वाले शिक्षकों की प्रतिबद्धता की सराहना की।

### मूल्यांकन पहल है 'सफल'

'सफल' सीबीएसई द्वारा एक मूल्यांकन पहल है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के सीखने के स्तर का व्यापक मूल्यांकन प्रदान करना है। कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य छात्रों की सीखने की यात्रा में ताकत और कमजोरी के क्षेत्रों की पहचान करना, सीखने के परिणामों में सुधार के लिए लक्षित हस्तक्षेप की सुविधा प्रदान करना है। इस तरह की पहल समग्र शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के सीबीएसई के व्यापक मिशन के अनुरूप है। 'सफल' छात्रों के बीच मूलभूत कौशल और बुनियादी सीखने के परिणामों और दक्षताओं की प्रगति का आकलन करने के लिए कक्षा 3, 5 और 8 के लिए योग्यता-आधारित मूल्यांकन प्रणाली है। 'सफल', छात्रों पर अतिरिक्त परीक्षा के दबाव के बिना शिक्षण-सीखने में सुधार करने के लिए स्कूलों और शिक्षकों को विकासात्मक प्रतिक्रिया भी प्रदान करता है। 'सफल' को शैक्षणिक वर्ष के दौरान लैंग्वेज, गणित और ईवीएस व विज्ञान के प्रमुख पाठ्यचर्या क्षेत्रों में कक्षा 3, 5 और 8 के छात्रों के लिए सीबीएसई स्कूलों में पायलट आधार पर आयोजित किया जाता है।

### आईसीएसई 10वीं एवं 12वीं में उत्तीर्ण बच्चों को दी शुभकामनाएं

**रांची।** झारखंड प्रदेश निजी विद्यालयों के संरक्षक आलोक कुमार दुबे ने आईसीएसई 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा, दसवीं परीक्षा में पास हुए छात्र छात्राओं का ओवरऑल 100 प्रतिशत तथा 12वीं में 99 प्रतिशत पास होना काफी उत्साह वर्धक एवं सराहनीय है। आईसीएसई परीक्षा परिणाम में लड़कियों ने भी हर स्तर पर बाजी मारी है। एक तरफ उनके प्रतिशत भी ज्यादा हैं, तो टॉपर में भी बच्चियों ने ही अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। आलोक दुबे ने अभिभावकों एवं गुरुजनों को भी धन्यवाद दिया है। बधाई देने वालों में डायरेक्टर अरविंद कुमार, राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा, डॉ सुषमा केरकेट्टा, नीरज सहाय, संजय प्रसाद, आलोक विपिन टोप्पो, राशीद अंसारी, मनोज कुमार भट्ट, अल्ताफ अंसारी, संजीत यादव, अभिषेक साहू, कुमुद रंजन, अमीन अंसारी, मजीद आलम, मुजाहिद इस्लाम, ज्ञानेश्वर दयाल, मिंकु प्रसाद, मेघाली सेन गुप्ता, मनोज कुमार भट्ट, कैलाश प्रसाद, सुभाजित अधिकारी,रुपेश कुमार,मनोज झा, मो. जिन्ना शामिल हैं।

# सीबीएसई में पुनर्मूल्यांकन का लाभ केवल ऑनलाइन ही उठाया जा सकता है : डॉ सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक सुव्यवस्थित नीति के तहत किया जाता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि मूल्यांकन सही और त्रुटि रहित है, कई जांच की जाती हैं। हालांकि, परिणाम की घोषणा के बाद, यदि छात्र परिणामों के माध्यम से प्रकाशित अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हैं, तो सीबीएसई छात्रों को अंकों के सत्यापन, उनकी मूल्यांकन की गई उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने और उनके पुनर्मूल्यांकन का अवसर प्रदान करता है। सभी गतिविधियां समयबद्ध हैं और इनका लाभ केवल ऑनलाइन ही उठाया जा सकता है। यह जानकारी देते हुए डीपीएस रांची के प्राचार्य और सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ राम सिंह ने कहा कि अंतिम तिथि के बाद और ऑफलाइन मोड में कोई भी अनुरोध बोर्ड द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा, क्योंकि यह महत्वपूर्ण परीक्षा सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन करता है। इसलिए अभिभावक, छात्रों, स्कूलों को कार्यक्रम के बारे में पहले से सूचित किया जा रहा है, ताकि जरूरत पड़ने पर वे सीबीएसई द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा 2024 के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों के लिए अंकों के सत्यापन, मूल्यांकन की गई उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने और उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने की विस्तृत रूपरेखा और वास्तविक कार्यक्रम परिणाम आने के बाद जारी किये जाएंगे।

### ये सुविधाएं हैं उपलब्ध


**अंकों का सत्यापन :** परिणाम घोषित होने की तारीख से चौथे दिन से परिणाम घोषित होने की तारीख से आठवें दिन तक। यह सुविधा 05 दिनों तक उपलब्ध रहेगी।

**मूल्यांकित पुस्तकों की फोटोकॉपी प्राप्त करना :** परिणाम घोषित होने की तारीख से 19वें दिन से लेकर परिणाम घोषित होने की तारीख से 20वें दिन तक। सुविधा दो दिनों के लिए उपलब्ध रहेगी।

**पुनर्मूल्यांकन :** परिणाम घोषित होने की तारीख से 24वें दिन से लेकर परिणाम घोषित होने की तारीख से 25वें दिन तक। सुविधा दो दिनों के लिए उपलब्ध रहेगी।







फाइलसं/.F. No.:ECIR/RNSZO/16/2020 / 917 Date: 05.2023

To,
The Chief Secretary,
Government of Jharkhand,
1st floor, Project Bhawan Building,
Dhurwa, Ranchi, Jharkhand.

Sub:- Sharing of information under the provision of Section 66(2) of PML Act, 2002 regarding Veerendra Kumar Ram, the erstwhile Chief Engineer, Rural Development Special Zone and in an additional charge of Rural Works Department, Govt. of Jharkhand -Reg.

Sir,

## मुख्य सचिव को लिखा गोपनीय पत्र नोटों के बंडल के साथ बरामद

# सीएम मामले में प्राथमिकी दर्ज करा कर सीबीआई जांच की अनुशंसा करें : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और इंडी गठबंधन सरकार पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन की रैली में हेमंत सोरेन को ऐसे पेश किया गया कि भ्रष्टाचार से उनका दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। हेमंत सोरेन हो या उनकी पूरी सरकार, सभी भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हुए हैं। यह बार-बार कहते हैं कि आदिवासी होने के कारण उन्हें फंसाया जा रहा है। परेशान किया जा रहा है। हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में आदिवासियों के मान सम्मान को पूरी तरह से धूमिल करने का काम किया। आदिवासियों की पहचान है कि वे सहज और सरल होते हैं। गड़बड़ी से कहीं भी उनका कोई नाता नहीं होता है, लेकिन पिछले 4 वर्षों में सत्ता में रहकर हेमंत सोरेन ने छल कपट किया है, प्राकृतिक संसाधन या खनिज संपदा को लुटवाया है, खुद लूट में शामिल रहे हैं और उनके संरक्षण में बिचौलिया, दलाल और भ्रष्ट अफसर ने मिलकर लुटा है। कोयला, लोहा, बालू यहां तक की सेवा की जमीन को भी उन लोगों ने नहीं छोड़ा। आदिवासियों की जमीन का ड्डी फर्जी कागजात बनाकर लूटा। भाजपा नेता सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

### नौकर के घर में मिला ईडी का गोपनीय पत्र

पूर्व सीएम बाबूलाल ने कहा कि चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की गिरफ्तारी के बाद ईडी ने मुख्य सचिव को एक पत्र लिखा था, उस पत्र को मुख्य सचिव ने ग्रामीण विकास सचिव को भेज कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, उस पत्र पर कार्रवाई करने की जगह ईडी का वह पत्र नोटों का बंडल के साथ मिला है। ईडी की गोपनीय चिट्ठी नौकर के नोटखाना तक पहुंच जाना बेहद शर्मनाक और संवेदनशील है। बाबूलाल ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मांग करते हुए कहा कि उस पत्र के आधार पर तुरंत एफआईआर दर्ज कराएं और पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराएं। ऐसा न हो कि उनका बुढ़ापा भी जेल में कटे।



### शहजादे तक पहुंच सकती है जांच

मरांडी ने कहा कि उनके बीच के दलाल-इंजीनियर भी जेल में बंद है। आज मिले पैसे या 350 करोड़ की जांच होगी, तो इसके तार कांग्रेस के शहजादे तक भी पहुंच जाएगी। वसूली का धंधा पिछले 4 वर्षों तक राज्य में जारी रहा। कल्पना सोरेन कहती है कि पति को फंसाया गया। इससे बड़ा सबूत और क्या हो सकता है। 350 करोड़ रुपये कांग्रेस नेता के यहां से मिले। 20 करोड़ रुपये एक आईएएस के ठिकानों से मिलता है। आज कांग्रेसी मंत्री के निजी सचिव के नौकर के घर से पैसे मिले हैं।

### पैसे से लड़ना चाहते हैं चुनाव

नौकर के घर जब इतना पैसा मिला है, तो उनके सहायक, उनके सचिव या फिर मंत्री, दलाल- बिचौलियों के घर छापेमारी की जाए तो पता नहीं कितने रुपए मिलेंगे। इंडी गठबंधन पैसे के बल पर चुनाव जीतना चाह रहा है। हेमंत का अपने नाम से खनिज पट्टा लेना, पत्नी के नाम से औद्योगिक क्षेत्र में जमीन लेना, पाकुड़ जिला में भाई के नाम से खनन का पट्टा लेना, प्रेस सलाहकार के नाम से खनन का पट्टा लेना, परिवार के नाम पर खनन का पट्टा लेना, यह सब सबके सामने है।

### धीरज के घर मिला था 350 करोड़

पूर्व सीएम बाबूलाल ने कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य के यहां से 350 सौ करोड़ नोटों का पहाड़ पकड़ा गया था। उसको भी दुनिया ने देखा। यहां से मिले नोटों की गिनती 1 दिन में समाप्त नहीं हुई, कई दिनों तक चली। ठीक से जांच होने पर वर्तमान या पूर्व सीएम की संलिप्तता भी नजर आएगी। राज्य में भ्रष्ट अफसर, दलाल, बिचौलिया के ठिकानों पर भी 20 करोड़ रुपए के नोट मिले थे। आज एक बार फिर राज्य के मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के नौकर के यहां करोड़ों रुपए मिले हैं। राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि यह पैसा किसका है।

### पीएस के घर 40 करोड़ तो मंत्री के घर कितना होगा : अर्जुन मुंडा



**रांची।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम के पीएस के घर ईडी की छापेमारी में बरामद करोड़ों रुपये पर सोमवार को कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री के पीएस के घर से 25 से 30 करोड़ रुपये मिल रहे तो मंत्री के पास कितना होगा। उन्होंने कहा कि क्या ऐसे लोग राष्ट्र निर्माण के बारे में सोच सकते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्व सांसद रामटहल चौधरी की भाजपा में हुई घर वापसी



**रांची।** भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व सांसद रामटहल चौधरी सोमवार को भाजपा में वापसी कर ली। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ और पूर्व सांसद महेश पोद्दार की मौजूदगी में उनके आवास पर उन्हें पार्टी में शामिल कराया गया। रविवार को भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने उनके मोरहाबादी स्थित आवास पर उनसे मुलाकात भी की थी। गौरतलब है कि रामटहल चौधरी रांची लोकसभा चुनाव में टिकट की आस में भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए थे। लेकिन कांग्रेस में टिकट नहीं मिलने पर पिछले दिनों कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि मैं पार्टी से बाहर गया ही नहीं था। मैंने पार्टी से त्याग पत्र दे दिया था, लेकिन पार्टी ने उनके त्याग पत्र को स्वीकार ही नहीं किया और ना ही पार्टी से निष्कासित किया। तब मुझे लगा कि भाजपा मेरी कदर जानती है। इस वजह से मैं पुनः पार्टी में शामिल हो गया। भाजपा को हमारे अनुभव का फायदा मिलेगा। हम लोगों ने साइकिल से पार्टी को यहां तक पहुंचा है। आज आप जो देख रहे हैं वह हम लोगों की मेहनत का नतीजा है।

### हर साख पे आलमगीर बैठा है, अंजाम-ए-झारखंड क्या होगा : तरुण चुग

**रांची ।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग सोमवार को एक दिवसीय झारखंड दौरे पर नई दिल्ली से रांची पहुंचे। तरुण चुग ने मीडिया से बातचीत में कहा कि झारखंड में सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा हो गई है। अब तो मंत्री और कांग्रेस पार्टी विधायक दल के नेता के घर से ईडी की कार्रवाई में करोड़ों रुपये नकदी बरामद हो रहे हैं। तरुण ने कहा कि झारखंड के हर साख पर एक आलमगीर बैठा है। ऐसे में ठगबंधन की सरकार में अंजाम-ए-झारखंड क्या होगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को बताना चाहिए कि ये पैसे किनके हैं। साथ ही कहा कि झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत पक्की है। जनता नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहती है।

### यशस्विनी के नामांकन में भारी संख्या में युवा कांग्रेसी हुए शामिल

**रांची।** कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सोमवार को नामांकन किया। इससे पूर्व अपने धुर्वा स्थित आवास से निकली, जिसमें युवा कांग्रेस महासचिव एवं रांची विधानसभा के प्रभारी रोहित सिन्हा के नेतृत्व में करीब दर्जनों मोटरसाइकिल में युवाओं की टोली जुलूस के रूप में आगे आगे चलती रही। युवा कांग्रेस कार्यकताओं का जत्था विभिन्न मार्गो से होते हुए समाहरणालय के समीप पहुंचा। यहां यशस्विनी सहाय के नामांकन के बाद युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मोटरसाइकिल जुलूस के रूप में मोराबादी स्थित सभा स्थल पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची महानगर कांग्रेस के सचिव रविंद्र कुमार, नीतीश कुमार, सूरज शर्मा, केके वर्मा,नीरज सांगा, आर्या नायक, अभिषेक कुमार, छोटू वर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।


नामांकन करने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सीएम से आशीर्वाद लिया।

### राजमहल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए आज जारी होगा अधिसूचना

**साहिबगंज।** राजमहल लोकसभा सीट के लिए एक जून को वोट डाले जायेंगे। सातवें चरण में राजमहल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में अधिसूचना निर्गत करने की तिथि सात मई को होगी। 14 मई तक नामांकन फाइल किया जा सकेगा। 15 मई को स्क्रूटनी होगी। नाम वापसी की तिथि 17 मई है। एक जून को वोटिंग और चार जून को मतगणना होगी। यह जानकारी सोमवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने दी। अपर समाहर्ता ने बताया कि राजमहल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 17,02,033 मतदाता हैं। साहेबगंज जिला में कुल मतदाताओं की संख्या 8,60,854 है। इसमें पुरुष वोटरों की संख्या 4,33,755 व महिलाओं की 4,27,094 है। थर्ड ट्रांसजेंडर की संख्या 05 है। इसके अलावा पाकुड़ क्षेत्र के अंतर्गत कुल 8,41,179 वोटर हैं। इनमें पुरुषों की संख्या 4,16,158 व महिला 4,25,019 हैं। थर्ड ट्रांसजेंडर की संख्या 02 है। साथ ही बताया कि सभी चेकपोस्ट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। 100 मीटर के दायरे में बैरिकेडिंग, नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन संबंधी बिंदुओं की भी जानकारी दी। अपर समाहर्ता ने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता सख्ती से लागू हो, इसमें मीडिया की भूमिका अहम है। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। पोलिंग पार्टी का गठन भी रैंडमाइजेशन से होगा।

### झारखंड हाई कोर्ट से बाबूलाल मरांडी को राहत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी मामले में मधुपुर थाने में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार को तीन सप्ताह में प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। आरोप है कि एक निजी यूट्यूब चैनल ने सोशल मीडिया में झारखंड में बाबूलाल मरांडी की ओर से तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व उनके परिवार के खिलाफ दिए गए साक्षात्कार को अपलोड किया था। इसके खिलाफ झामुमो के कार्यकताओं ने राज्य के जिलों के छह थानों रामगढ़, सिमडेगा, लोहरदगा, रांची, मधुपुर, साहिबगंज में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# गरीब को लूटने वाले हर भ्रष्टाचारी को जेल भेजना मोदी की गारंटी : सम्राट

*एनडीए के आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी ने गिरिडीह सीट के लिए भरा नामांकन पर्चा*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन के बाद जैनामोड़ के बांधडीह हाई स्कूल मैदान में जन आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सह बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, चंद्र प्रकाश चौधरी ने सभा को संबोधित किया। बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सह बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने जन आशीर्वाद नामांकन सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। सोने की चिड़िया कहा जाने वाला हमारा देश आज सोने के शेर बना रहा है। भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। आज हम दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था हैं। गरीब को लूटने वाले हर भ्रष्टाचारी को जेल भेजना मोदी की गारंटी है। केंद्र सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के हर वर्ग के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का काम किया है। बिहार में लालू यादव और झारखंड में शिबू सोरेन का एकमात्र उद्देश्य अपने परिवार की भलाई करना है। एनडीए गठबंधन देश के लिए समर्पित है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास ही एनडीए का मंत्र है। इसी मंत्र के आधार हम जनता से जन आशीर्वाद मांग रहे हैं। राष्ट्र हित हमारे लिए सर्वोपरि है। दूसरी तरफ इंडी गठबंधन की पहचान भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण से है।



### जेएमएम-कांग्रेस विकास विरोधी : बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जेएमएम-कांग्रेस झारखंड, झारखंडियों और विकास के विरोधी हैं। साढ़े चार साल के अपने कार्यकाल में इस सरकार ने राज्य को लूटने का काम किया है। यह जमीन, पत्थर, कोयला, बालू लूटने वाली सरकार है। राज्य समेत देश की जनता गांव, गरीबों की चिंता करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाएगी।

### भ्रष्टाचार की सभी हदें कर दी पार : सुदेश

आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज फिर से हम गिरिडीह की सेवा का संकल्प दोहराते हैं। इतनी गर्मी में जन आशीर्वाद नामांकन सभा में शामिल हुए गिरिडीहवासियों ने अपने प्यार और समर्थन से नामांकन कार्यक्रम को विजय रैली में बदल दिया है। लोगों में वर्ष 2019 से अधिक उत्साह दिख रहा है। यह उत्साह, प्यार और विश्वास ही हमारी जीत का आधार बनेंगे। कहा, झारखंड की सरकार ने भ्रष्टाचार की सभी हदें पार कर दी हैं। एक और काली कमाई ने चार साल की करतूतों को उजागर कर दिया है।

### जनता अपना समर्थन देगी : चंद्र प्रकाश

एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में शामिल जन सैलाब ने यह स्पष्ट कर दिया है कि गिरिडीह लोकसभा की जनता ने एनडीए को पुनः अपना विश्वास और समर्थन देने का निश्चय किया है। प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में इस कार्यकाल में कई विकास कार्यों की शुरूआत की गई है जिसका लाभ जनता को मिल रहा है। धन्यवाद ज्ञापन पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक लंबोदर महतो द्वारा किया गया।

# दो चरणों के चुनाव में इंडी गठबंधन को मिल रहा बहुमत : गुलाम अहमद मीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

यशस्वनी सहाय के नामांकन के उपरांत मोरहाबादी मैदान में एक विशाल सभा आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय प्रदेश कमिटी के महासचिव सह झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस नामांकन सभा में प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, नेता कांग्रेस विधायक दल सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम , पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की एवं शहजादा अनवर विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो एवं महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार राजा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पूरे देश में अब तक 184 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान हो चुका है, जिनमें जनता के रूझान के मुताबिक लगभग 125 सीटें इंडिया गठबंधन को प्राप्त होने जा रहा है। यह चुनाव देश में बदलाव लाने वाला है और झारखंड में इस बार क्रांति होने जा रही है।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान को जबरदस्त खतरा है। हम इस लोकसभा चुनाव के माध्यम से इसके खिलाफ मजबूती से लड़ेंगे।



# रांची से 33 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन सोमवार को 16 उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन दाखिल किये। इस तरह रांची संसदीय क्षेत्र से कुल 33 उम्मीदवारों ने नामांकन किये हैं। सोमवार को नामांकन दाखिल करने वालों में कांग्रेस से यशस्विनी सहाय, निर्दलीय से प्रवीण चन्द्र महतो, जय महाभारत पार्टी से सोमा सिंह, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) से रंजना गिरि, निर्दलीय से कोलेश्वर महतो, बहुजन मुक्ति पार्टी से विनोद उरांव, निर्दलीय से संतोष कुमार जयसवाल, झारखंड जनक्रांति मोर्चा से अमरेंद्र कुमार, निर्दलीय से ऐनुल अंसारी, निर्दलीय से संदीप उरांव, भागीदारी पार्टी (पी) से श्याम बिहारी प्रजापति, निर्दलीय से संजय कुमार महतो, समता पार्टी से हेमंती देवी, निर्दलीय से प्रेमनाथ बड़ाई, निर्दलीय से मंजू देवी, स्वराज एकता पार्टी से सुशील कुमार शामिल हैं। इन सभी उम्मीदवारों की ओर से जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के समक्ष नामाकंन किया गया। इससे पहले नामांकन करने वालों में मिंटू पासवान, रामहरि गोप ,अरशद अयूब, पंकज कुमार रवि, संजय सेठ, हरिनाथ साहू, अंजनी पांडे, धनंजय भगत, मनोरंजन भट्टाचार्य, मनोज कुमार, बिरेंद्र नाथ मांझी, धर्मेंद्र तिवारी, निपु सिंह, देवेंद्र नाथ महतो, प्रवीण कच्छप, कामेश्वर प्रसाद साव शामिल है।

### 07 मई को स्क्रूटनी, 09 मई तक उम्मीदवार वापस ले सकेंगे नाम

उपायुक्त ने बताया कि रांची संसदीय क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों की ओर से दाखिल किये नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी सात मई को होगी। उम्मीदवार 09 मई तक नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके साथ ही योग्य उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी, 25 मई को मतदान होगा और चार जून को पंडरा बाजार समिति प्रांगण में मतगणना होगी।

# पांचवें चरण के चुनाव 54 प्रत्याशी मैदान में

*छठे चरण के चुनाव के लिए अब तक 118 ने किया नामांकन*

*चुनाव कार्य के लिए वाहनों की कोई कमी नहीः के. रवि कुमार*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि पांचवें चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी के बाद 54 प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे हैं। नाम वापसी के अंतिम दिन चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से एक उम्मीदवार ने अपना नाम वापस लिया। यहां चुनाव मैदान में अब कुल 22 उम्मीदवार हैं। कोडरमा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से दो उम्मीदवार चुनाव मैदान से हट गए हैं। अब यहां 15 प्रत्याशियों के बीच हार-जीत का फैसला होगा। वहीं हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां कुल 17 प्रत्याशी मैदान में हैं। गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव में भी नाम वापसी के अंतिम दिन किसी भी उम्मीदवार ने अपनी उम्मीदवारी वापस नहीं ली। यहां से कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। छठे चरण के चुनाव के लिए अब तक 118 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। उसमें गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 25, धनबाद से 28, रांची से 33 और जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 32 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना के बाद से अब तक झारखंड में 74 करोड़ 38 लाख से अधिक के सामान और नकदी जब्त किये गये हैं। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य के लिए वाहनों की कोई कमी नहीं है। आवश्यकतानुसार सहजता से वाहन मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य के लिए वाहन लेने में गाड़ी मालिकों के हित का भी ध्यान रखा जा रहा है। व्यवस्था ऐसी की गयी है कि एक जिला में जिस वाहन को लेने के लिए चिह्नित किया गया है, उसे दूसरे जिले में चिह्नित नहीं किया जाएगा। गाड़ी मालिकों को गाड़ी का भाड़ा भी ससमय मिले, इसकी भी डिजिटल व्यवस्था की गयी है।

### मतदाता लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में स्वीप कार्यक्रम



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत 7 मई 2024 को संध्या 6 से 8 बजे के बीच सोशल मीडिया हैंडल पर मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर हैशटैग के साथ लोकसभा चुनाव संबंधी कंटेंट पोस्ट करें। उन्होंने सभी से चुनाव से संबंधित अच्छे-अच्छे फोटो, वीडियो, टेक्स्ट आदि सामग्री पोस्ट करने की बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से भी अपील की है कि वे इस विशेष अभियान का हिस्सा बनते हुए उपरोक्त हैशटैग लगाकर अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करें।

# राहुल के दौरे को लेकर कांग्रेसियों ने की तैयारियों की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के झारखंड दौरे को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार कांग्रेस नेताओं के एक दल ने बसिया के कोनवीर में पूरी तैयारी की समीक्षा की। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि कांग्रेस नेताओं के दल ने पूरी तैयारी की व्यापक रूप से समीक्षा की साथ ही साथ कार्यक्रम स्थल पर भी तैयारी का पूरा जायजा लिया। इस क्रम में उस जिले और प्रखंड से आने वाले कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं से भी कार्यक्रम को व्यापक रूप से सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया और भारी से भारी संख्या में कार्यकताओं और नेताओं की भागीदारी जनसभा मे सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश अध्यक्ष की दिशा निदेर्शों से अवगत कराया। कांग्रेस प्रवक्ता शांति ने बताया कि सिंहभूम लोकसभा के चाईबासा में टाटा कॉलेज मैदान तथा गुमला जिले के बसिया प्रखंड के कोनवीर में राहुल गांधी की सभा प्रायोजित है। सभा के माध्यम से देश और राज्य के हर वह मुद्दे उठेंगे जो देश की जनता के लिए जरूरी है। देश जिस दौर से गुजर रहा है उस दौर मे देश की जनता की एकजुटता जरूरी है, जिस तरह से जनता ने चुनाव के दो चरणों में इंडिया गठबंधन के प्रति अपना विश्वास जगाया है आगे भी यह दौर जारी रहेगा। चुनाव के आगे के चरणों में जनता को भाजपा की विभाजनकारी नीतियों को समझने की जरूरत है भाजपा जनता के बीच आपसी मतभेद बनाकर चुनाव का रुख दूसरी ओर मोड़ने की कोशिश कर रही है लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो पा रही है जिसके कारण बौखलाहट में भाजपा नेता रोज तरह-तरह के झूठे बयानों का सहारा ले रहे हैं।



## एक नजर

### डाड़ी में मासिक गुरुगोष्ठी का आयोजन

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड संसाधन केंद्र में सोमवार को मासिक गुरूगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें नए सत्र में पुस्तक वितरण करने, लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया गया। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान केंन्द्रो पर सुविधा उपलब्ध कराने, आदर्श आचार संहिता का पालन करने, छात्रों के शत प्रतिशत नामांकन कराने, प्रोजेक्ट इंपैक्ट गतिविधयों को संचालित करने, रजिस्टर संधारण करने, कृमि मुक्त दिवस मनाने पर चर्चा की गई। बैठक में मनोज कुमार, गोल्डन महतो, चुकेंद्र कुमार, सुमित कुमार, राजेश सिंह, रविंद्र सिंह, संजय सिंह, सुनीता कुमारी, संदीप कुमार, तालो मरांडी, मिन्हाजुद्दीन सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण शामिल हुए।

### अरगड्डा जीएम ने क्षेत्रीय अस्पताल गिद्दी का निरीक्षण किया

**गिद्दी।** अरगड्डा जीएम एसके झा ने सोमवार को आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल गिद्दी का निरीक्षण किया। जीएम ने अस्पताल के विभिन्न वार्ड, ड्रेसिंग रूम, नर्स रूम, किचेन आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जीएम ने अस्पताल परिसर में झाड़ी में लगी आग वाले स्थल पर भी गए और जायजा लिया। इसके बाद पूरे अस्पताल परिसर की ठीक से सफाई कराने का निर्देश दिया। इस दौरान जीएम एसके झा ने क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी गोपाल उरांव से अस्पताल के बारे पूछताछ किए। उन्होंने अस्पताल में डॉक्टर, लैब, पैथोलॉजी, एक्सरे, इसीजी करने वाले टेक्नीशियन की कमी को दूर करने के लिए सीसीएल के उच्च अधिकारियों से मांग करने का अश्वासन दिया। इस अवसर पर एसओसी गौरव तिवारी, सिविल इंजीनियर यासीन, यूनियन नेता अरुण सिंह, क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी गोपाल उरांव, डॉ जेडआई खान, डॉ संजय सौरव, केशव राय, विनोद कुमार, धीरज सिंह, राजेश गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्वर्णरेखा महिला समिति के समारोह में समाज सेवा का लिया संकल्प

**पतरातू।** स्वर्ण रेखा महिला समिति पीवीयूएनएल का वार्षिक दिवस समारोह उल्लास और उमंग पूर्वक मनाया गया। पीवीयूएनएल के टाउनशिप परिसर में शनिवार की रात कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें समिति ने क्षेत्र में समाज सेवा का सकंल्प लिया। समारोह में विभिन्न कार्यक्रम हुए। समारोह में समिति की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। अध्यक्ष रीता सिंह ने कहा कि क्लब विभिन्न कल्याणकारी और सीएसआर के पहलों जैसे स्कूल बैग वितरण, आवश्यक खाद्य पदार्थ प्रदान करना आदि के माध्यम से समाज में योगदान दे रही है। कार्यक्रम की शुरूआत पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह और स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में लेडिज क्लब के सदस्यों ने सुपरहिट बॉलीवुड ट्रैक, गणेश वंदना, कव्वाली और अंत में फैशन रैंप वॉक का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

# पुलिस ने 418 बोतल अवैध विदेशी और 125 लीटर महुआ शराब किया जब्त, तीन गिरफ्तार

**पुलिस की चल रही छापामारी मुहिम को देखकर शराब के अवैध कारोबारियों में मचा हुआ है हड़कंप**



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब और मादम पदार्थ के खिलाफ रामगढ़ एसपी डॉ बिमल कुमार के दिशा निर्देश पर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस की मुहिम रंग लाती दिख रही है और शराब के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इधर, रामगढ़ एसपी के निर्देश पर पुलिस ने पतरातू क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाकर भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब और जावा महुआ शराब जब्त किया है। साथ ही अलग अलग जगहों से तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस संबंध में पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिरेंद्र राम ने सोमवार को प्रेस कान्फ्रेंस किया। जिसमें बताया की रामगढ़ एसपी डॉ बिमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर 5 मई को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू बिरेंद्र राम के नेतृत्व में पतरातू अनुमंडल के सभी थाना और ओपी में छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान में पतरातू थाना के कोतो गांव में गांव के विक्रांत कुमार पिता स्वर्गीय किशोर चौरसिया के घर से बिक्री के लिए रखे गए 228 बोतल अवैध विदेशी शराब जब्त किया गया। बासल थाना क्षेत्र निवासी रमेश साव के दुकान ने 47 बोतल अवैध विदेशी शराब जब्त किया गया। भदानीगर ओपी के चिकोर निवासी जितेंद्र प्रसाद कुशवाहा पिता स्वर्गीय रामटहल महतो के घर से 20 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया गया। भुरकुंडा में नकुल साव के घर से 105 लीटर देशी महुआ शराब जब्त किया गया। बरकाकाना ओपी क्षेत्र में देवानंद बेदिया पिता रामेश्वर बेदिया के दुकान और मकान से बिक्री के लिए रखा गया 143 बोतल अवैध विदेशी जब्त किया गया। इस अभियान में कुल 418 बोतल विदेशी शराब, 125 लीटर अवैध देशी महुआ शराब जब्त हुआ और 280 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया। मामले में अभियुक्त विक्रांत कुमार, देवानंद बेदिया और नकुल साव को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, दो अभियुक्त जितेंद्र प्रसाद कुशवाहा और नरेश साव फरार बताए जा रहे हैं। जिनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। छापेमारी अभियान में पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिरेंद्र राम, पतरातू अंचल पुलिस निरीक्षक योगेन्द्र सिंह, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, बरकाकाना ओपी प्रभारी अख्तर अली शामिल थे।

### भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**रामगढ़ ।** कुजू क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर लोकसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ एसपी रामगढ़ डॉ बिमल कुमार के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि एसपी को मिली गुप्त सूचना के बाद एसडीपीओ रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में गठित टीम ने बरमसिया के बीरेंद्र कुमार महतो पिता मुनेश्वर महतो की करमा बाजार स्थित पान दुकान व दिगवार के कृष्णा कुमार पिता धनेश्वर महतो के होटल में छापेमारी की। पुलिस ने मौके से 47 बियर बोतल 650 मि.ली, 11 केन बियर 500 मि.ली.,23 बोतल ब्लैक हार्स व्हिस्की 750 मि.ली.,2 बोतल 8पीएम विस्की 750 मि.ली, 2 बोतल 375 मि.ली, 7 बोतल 180 मि.ली, 1 बोतल मैक्डोवल्स 750 मि.ली, अंग्रेजी शराब 7 बोतल 375 मि.ली व 23 बोतल 180 मि.ली,2 बोतल रायल स्टेग 180 मि.ली, 2 बोतल आइकोनीक व्हाईट, 3 बोतल बी सेवन 375 मि.ली, 17 बोतल 180 मि.ली की जब्त की है।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क हादसे में पत्रकार के पिता की मौत, मां घायल, प्रेस क्लब ने शोक व्यक्त किया



**बरकट्ठा।** गोरहर और बगोदर थाना के सीमाने पर स्थित तारा पंजाब होटल के समीप जीटी रोड पर हुई सड़क हादसे में पत्रकार साहेब सोरेन के पिता रामेश्वर मांझी 56 वर्ष पिता सोमर मांझी घंघरी निवासी की मौत अज्ञात वाहन के चपेट में आने से घटना स्थल पर हो गई। वहीं मां सबिता देवी घायल हो गई। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर गोरहर और बगोदर पुलिस पहुंच कर बगोदर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। वहीं घायल महिला का इलाज अस्पताल में किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक अपनी पत्नी के साथ घंघरी से अटका स्थित महुआटांड जा रहे थे। इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया और रामेश्वर मांझी की घटना स्थल ही मौत हो गई। वहीं इस घटना के बाद प्रेस क्लब बरकट्ठा ईकाई के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार रियाज खां,उपाध्यक्ष ईश्वर यादव, सचिव रामकृष्ण पाण्डेय, कोषाध्यक्ष अनिल वर्णवाल, पंकज मोदी, उपसचिव अजीत मोदी, सुरेश पाण्डेय, संतोष कुमार मंडल, शहनवाज खां, मंटू पाण्डेय, छोटी दास समेत आदि पत्रकारों ने गहरा दूख व्यक्त करते हुए अपने साथी पत्रकार साहेब सोरेन को ढांढस बंधाया।

### अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला प्रभारी बनाए गए कयुम अहमद



**हजारीबाग।** बीजेपी , झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष-अनवर हयात के निदेर्शानुसार बीजेपी झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री एस समताजदार आलम द्वारा हजारीबाग जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला प्रभारी कयुमअहमद एवं सह प्रभारी मोनालिसा लकड़ा तथा अब्दुल कयूम अंसारी को नियुक्त किया गया है। कयुम अहमद पुर्व में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला से प्रदेश स्तर के पदाधिकारी रह चुके है। उनके अनुभव को देखते हुए पार्टी ने हजारीबाग जिला का अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला प्रभारी नियुक्त किया है। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

### जीएम इंटर महाविद्यालय से निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली




जारीबाग। जीएम इंटर महाविद्यालय,इचाक में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और मतदाताओं को मतदान करने के प्रति जागरूक किया ।साथ ही साथ छात्र-छात्राओं ने मतदान शत प्रतिशत हो इसके लिए कई स्लोगन के माध्यम से सभी मतदाता भाई-बहन, चाचा-चाची,दादा-दादी एवं सभी ग्राम वासियों को शत प्रतिशत वोट देने की अपील की। रैली महाविद्यालय प्रांगण से शुरू होकर हादरी, पैठियाबागी,खत्री मुहल्ला,पारसी,इचाक बाजार, कुटुमसुकरी, धरमू होते हुए महाविद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई। सभी छात्र-छात्राओं के हाथों में तख्तियां थी जिससे वे अपील कर रहे जिस पर लिखा था ₹पहले मतदान फिर जलपन, चाहें नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी एवं सत्य और ईमान से सरकार बनायेंगे मतदान से। प्राचार्य शंभू कुमार ने भी सभी मतदाताओं को अपने मत का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है,जिसके सभी नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान करना चाहिए ताकि हम सभी एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अपनी अपनी भूमिका निभा सके।

### रेलीगढ़ा प्लस टू हाई स्कूल के छात्रों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**गिद्दी।** एएनएस प्लस टू हाई स्कूल रेलीगढ़ा के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली।इस मतदाता जागरूकता रैली का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक और शिक्षिकाओं ने किया। यह मतदाता जागरूकता रैली फुटबॉल मैदान से निकलकर कॉलोनी के विभिन्न रास्तों से गुजरते हुए वापस विद्यालय परिसर में आकर समाप्त हुआ। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं मतदाता जागरूकता मेरा वोट मेरा अधिकार का नारा लगा रहे थे। लोगों को लोकसभा चुनाव में वोट अवश्य देने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे थे। इस अवसर पर मौजूद विद्यालय के प्रधानाद्यपक मनोज कुमार ने बताया कि मतदाता जागरूकता को लेकर 16 मई तक स्वीप कार्क्रम के तहत कई तरह के प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। रैली में प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, कंचन कुमार, दिवाकर कान्त त्रिवेदी, एमएम तिवारी, लालन शर्मा, संजय सिंह, सुभाष कुमार, विशाल श्रीवास्तव, प्रिंस कुमार, डेजी गुप्ता शामिल थे।

**मतदाता जागरूकता के तहत आज होगा वॉकथॉन 'वॉक फॉर डेमोक्रेसी' का आयोजन**

# `उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग (रामगढ़) के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इसी क्रम में लोकसभा आम निर्वाचन के तहत रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर मंगलवार को रामगढ़ शहर में वॉकथॉन (वॉक फॉर डेमोक्रेसी) का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के नेतृत्व में मंगलवार की सुबह 6:00 बजे पुलिस लाइन रामगढ़ से वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, कर्मियों सहित बड़ी संख्या में जिलेवासी उपस्थित होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी जिले वासियों से आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन एवं इस दौरान प्रत्येक मतदाता द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर सभी जिलेवासियों से वॉकथॉन में भाग लेने अपील की है। वॉकथॉन पुलिस लाइन रामगढ़ से शुरू होकर रामगढ़ शहर के सुभाष चौक पर संपन्न होगा। गौरतलब है कि मतदाता जागरूकता को लेकर 7 मई 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक से प्रातः 6:00 बजे से वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा।

### मतदाता पहचान पत्र वितरण के लिए रविवार को भी खुला रहा डाकघर



हजारीबाग। डाक प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले हजारीबाग, चतरा व कोडरमा लोकसभा चुनाव 20 मई 2024 को है। इसको लेकर नये मतदाता भी चिह्नित किये गये हैं. साथ ही पुराने वोटर आइडी कार्ड में सुधार भी किया गया है. ऐसे मतदाताओं तक उनका नया वोटर आइडी पहुंचाने की जिम्मेदारी डाक विभाग को सौंपी गयी है. मतदाताओं तक वोटर आइडी पहुंचे, इसके लिए रविवार को भी डाकघर खुले रहे। सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान ने बताया कि डाक विभाग ने डाककर्मी, डाकिया और जीडीएस कर्मियों की मदद से बचे हुए सभी 3392 वोटर आइडी कार्ड का वितरण शनिवार व रविवार को कर दिया और आने वाले सभी मतदाता पहचान पत्र को समय पर मतदाताओं तक पहुंचने के लिए संकल्पित है। सहायक डाक अधीक्षक ने कहा कि चुनाव महापर्व को सफल बनाने के लिए डाक विभाग अपना योगदान दे रहा है. आनेवाले चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें इसके लिए समय पर मतदाता पहचान पत्र वितरण पूरी तत्परता से किया जा रहा है।

### पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता ने भाकपा उम्मीदवार के पक्ष में मांगा वोट



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के लोकसभा प्रत्याशी अधिवक्ता अनिरुद्ध प्रसाद के पक्ष में भाकपा के वरिष्ठ नेता सह हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने सदर प्रखंड के सिलवार, मेरू, हुटपा, दारु, बासोबार, दारुडीह, हरली, पेटो, रामदेव खरिका, नगवा, चुरचू, सिंदूर सहित कई गांवो का तूफानी दौरा किया। वहीं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार के पक्ष में मतदान करने की अपील की। भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा झूठा आश्वासन देकर जनता को ठगने का काम किया गया है। 2014 के चुनाव में इन्होंने वादा किया था, कि 2 करोड़ युवकों को नौकरी देंगे। लेकिन आज तक दो लोगों को भी नौकरी देने का काम नहीं किया। झारखंड राज्य गठन होने के बाद भाजपा की सरकार बनी। जिसके मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी थे जिन्होंने दलितों पिछड़ों का आरक्षण कम कर दिया। पिछड़ों की आरक्षण 27% था जिसे घटकर 14% कर दिया गया। दलितों का 14% था जिसे 9% कर दिया गया और आज भाजपा कह रही है कि कांग्रेस की हुकूमत आने से देश का आरक्षण खत्म हो जाएगा। महंगाई चरम सीमा पर है।

**नव मतदाताओं को दिलाई गई मतदान की शपथ, किया गया जागरूक**

## मतदान करेंगे और दूसरे से भी करवाएंगे, 20 को हर हाल में अपने बूथ पर जाएंगे : नव मतदाता




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** लोकतंत्र में मतदान ही जनता की महत्वपूर्ण पूंजी है. जिस पर हर मतदाता का अपना निजी अधिकार होता है. जिसे भय, लोभ या दवाब से छीना नहीं जा सकता है. यह देश के हर एक नागरिक की महत्वपूर्ण कुंजी है, जिससे भ्रष्टाचार रूपी ताला पर सदा के लिए पाबंदी लगाया जा सकता है. एक अग्रसोची, समर्पित, निष्ठित व शिक्षित प्रतिनिधि का चुनाव कर अपने देश की दशा और दिशा तय कर सकते हैं. उक्त बातें प्रज्ञा केंद्र कोनरा के तत्वावधान में सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत संचालक सह कोनरा पंचायत मुख्यालय वीएलई जयदीप कुमार सिन्हा ने कही. कार्यक्रम में सभी नव मतदाताओं को शपथ दिलाई गई. साथ ही मतदान को लेकर नवमतदाताओं को कर्तव्य बोध के प्रति जागरूक किया गया. बताया गया की आगामी 20 मई को अपने मतदान केंद्र पर स्वयं तो जाना ही है, अन्य मतदाताओं को भी जाने के लिए प्रेरित करना है. बिना किसी लोभ, मोह या भय के अपने स्व विवेक का उपयोग करते हुए मतदान करना है. सभी नव मतदाताओं में मतदान को लेकर विशेष ललक देखी गई.,कार्यक्रम में शामिल सभी नव मतदाताओं ने मतदान करेंगे और दूसरे को भी करवाएंगे, 20 मई को हर हाल में अपने बूथ पर जायेंगे के नारे भी लगाए. इस कार्यक्रम में सोनाली पांडे, जूली सिंह, शोभा, रिंकी, रोहित, अकाश, मो साजिद, एहतेशाम, अमृत इत्यादि शामिल थे. मौके पर सभी को चुनाव आयोग प्रदत्त मतदाता मार्गदशीर्का भी दी गई है.

### सहभागी सीख व क्रियान्वयन के तहत निगरानी समुदाय की बैठक हुई संपन्न



**बरकट्ठा।** प्रखंड के उत्तरी पंचायत के साव टोला बरकट्ठा में सहभागी सीख एवं क्रियान्वयन (पीएलए) के तहत बच्चों में वृद्धि निगरानी के महत्व पर बैठक हुई। बैठक में सहिया साथी सुनीता देवी ने सभी प्रतिभागियों को इस बैठक के उद्देश्य को बताया। बैठक में जिला कार्यक्रम समन्वयक मुकेश कुमार ने एमसीपी कार्ड के माध्यम से वृद्धि निगरानी में जन्म से लेकर तीन वर्ष तक के बच्चों में होने वाले वृद्धि के बारे में बताया। कहा कि उम्र के अनुसार हर आंगनबाड़ी में हर माह में बच्चों का वजन करना जरूरी है। साथ ही साथ लंबाई एवं ऊंचाई हर तीन माह पर करना आवश्यक है। उन्होंने एमसीपी कार्ड में लाल, पीले व हरे रंग के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर संस्था रीजनल कोऑर्डिनेटर संजय कुमार के साथ एसटीटी टुकलाल प्रसाद, सायरा खातून, पार्वती देवी, खुशबू कुमारी, सोनाली देवी, रेणु देवी आदि मौजूद थे।

**'खुशी क्लास' में बच्चों को दी सकारात्मकता के साथ जीवन में आगे बढ़ने की जानकारी**

## सकारात्मक सोच से मंजिल तक पहुंचने की बाधाएं हो जाती हैं समाप्त : चौहान



**नवीन मेल संवाददाता। कुजू (रामगढ़)** 'खुशी मिशन' के तहत तोपा डीएवी पब्लिक स्कूल और श्रमिक प्लस टू उच्च विद्यालय में 'खुशी क्लास' का आयोजन किया गया। लाइफ केयर अस्पताल रांची और 'खुशी मिशन' के तत्वावधान में आयोजित 'खुशी क्लास' को संबोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि असफलता हमेशा सफलता की पहली सीढ़ी होती है। इसलिए असफलता से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि इसपर पैर रखकर सफलता की मंजिल तक पहुंच जाना है। मुकेश चौहान ने सकारात्मकता कैसे जिंदगी बदलती है, इससे संबंधित कई कहानियां भी सुनाई। उन्होंने बच्चों को 'बौद्धिक स्नान' कर अपने दिमाग से नकारात्मक चीज निकल कर सकारात्मक चीजों को ग्रहण करने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार तन को स्वच्छ रहने के लिए नहाना जरूरी है, उसी प्रकार दिमाग को स्वच्छ रखने के लिए 'बौद्धिक स्नान' जरूरी है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई में तनाव न लेते हुए मिसाइल मैन के रूप में विख्यात हमारे देश के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम और बल्ब के आविष्कारक अमेरिकी वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन की जीवनी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने बच्चों को अंक के तनाव से मुक्त होकर एक बेहतर इंसान बनने की सीख दी। परीक्षा में कम अंक आने पर कुछ बच्चों द्वारा तनाव में आत्महत्या जैसी गलत कदम उठाने को सिरे से खारिज करते हुए सकारात्मक सोच के साथ खुशी के माहौल को अपने जीवन में ढालने की सीख दी। उन्होंने कहा कि तनाव आजकल हर घर में महामारी के रूप में फैल रहा है। इससे हम सभी को बाहर निकलना होगा। तनाव और डिप्रेशन से इंसान गलत कदम उठा रहे हैं। इसे रोकने के लिए इंसान को सकारात्मक सोच के साथ चलना होगा। उन्होंने बच्चों को परिणाम की चिंता छोड़ जीवन को खुशी के साथ जीने की प्रेरणा देकर बच्चों से हरदम खुशी के साथ अपने जीवन को बिताने की प्रतिज्ञा कराई।

### गोरहर पुलिस ने होटल से देसी व विदेशी शराब किया जब्त, एक गिरफ्तार

**बरकट्ठा।** गोरहर पुलिस ने जमुआ स्थित एक होटल से देशी व विदेशी शराब जब्त के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इस बाबत थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी। जिसमें उन्होंने कहा है कि जमुआ स्थित बिहारी मंडल होटल से एक जरकिन में 10 लीटर देशी शराब और माजा बोतल में 2 लीटर, केन बीयर हायवर्ड 5हजार का 4पीस, किंग फिसर बीयर 1पीस, इंपेरियल ब्लू 1पीस, मेक डॉल 1पीस समेत अन्य विदेशी शराब व प्लास्टिक गिलास बरामद किया हैं। साथ ही पुलिस ने बिहारी मंडल पिता मनु महतों तथा पुत्र विकास कुमार को आरोपी बनाया है। हालांकि पुलिस ने मौके से बिहारी मंडल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छापामारी दल में थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह, एएसआई निरंजन प्रकाश, उपेंद्र कुमार सिंह, उमेश बेदिया, एकरा मूल अंसारी शामिल थे। इस मामले में गोरहर थाना कांड संख्या 13/24 धारा 272,273,278, 290 भा0 दा0वि एव 47ए उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

### कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने इंडी प्रत्याशी जेपी पटेल के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने सोमवार को कटकमदाग प्रखंड के अंतर्गत पसई, सलगांवा, मसरातु सहित विभिन्न पंचायतों के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महागठबंधन से लोकसभा प्रत्याशी जेपी भाई पटेल के पक्ष में मतदाताओं को जागरूक करना और कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारधाराओं को उनके समक्ष रखना था। मुन्ना सिंह ने अपने जनसंपर्क अभियान में कांग्रेस पार्टी के विकास कार्यक्रमों, नीतियों और उनके द्वारा जनता के हित में किए गए कार्यों का जिक्र किया। साथ ही साथ कांग्रेस के न्याय पत्र से लोगो को अवगत करवाते हुए कहा कि कांग्रेस देश के हर वर्ग को ध्यान में रखकर कार्य करती है तथा जनता से आगामी चुनाव में जेपी भाई पटेल को समर्थन देने की अपील की। इस अभियान में उन्हे सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और उनके संदेश को जनता ने गंभीरता से लिया। इस अभियान के माध्यम से मुन्ना सिंह ने न केवल जेपी भाई पटेल के लिए समर्थन जुटाया, बल्कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को भी जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। उनके इस अभियान से कांग्रेस पार्टी को आगामी चुनावों में एक नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है। जनसंपर्क अभियान में राजद जिलाध्यक्ष चरका यादव, अभिषेक कुमार रविदास, रिंकू कुमार, मोहन कुमार, अनिल कुमार, रंजन कुमार रंजन, अमन कुमार एवं सूरज कुमार समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

### राजा राम सोरेन के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव



**बरकट्ठा।** झारखंड राज्य के जननायक दिसोम गुरु पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के बड़े भाई स्व0 राजाराम सोरेन के श्राद्धकर्म में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव शामिल हुए। उन्होंने उनके पैतृक घर रामगढ़ जिला स्थित बरलंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नेमरा में सम्मलित होकर स्व0 राजाराम सोरेन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इसी क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की।मौके पर उपस्थित हेमन्त सोरेन की मां रूपी सोरेन को प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## एक नजर

### परिजनों व पड़ोसियों को आमंत्रण पत्र देकर 20 मई को मतदान का दिया संदेश

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मेघा भारद्वाज के निर्देश पर जिले में शत-प्रतिशत मतदाताओं को नैतिक मतदान करने स्वीप कोषांग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित करना जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को मैं भी इलेक्शन एंबेसडर अभियान के तहत जिले के सभी स्कूलों में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन कर 20 मई को मतदान दिवस के दिन शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। संगोष्ठी के माध्यम से अभिभावकों से स्वयं और अपने परिवारजनों, पड़ोस के लोगों को मतदान केन्द्रों पर लाने को कहा। साथ ही नैतिक मतदान करने की अपील की गयी। इसके अलावा विभिन्न सकूलों के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने परिजनों,पड़ोसियों को आमंत्रण पत्र देकर 20 मई को अवश्य मतदान करने का संदेश दिया।

### ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में पति-पत्नी समेत चार लोग घायल

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदरवा बैंक आफ इंडिया के निकट सोमवार दोपहर करीब 12 बजे ट्रैक्टर और बाइक के बीच टक्कर में बाइक सवार चार लोग घायल हो गए। घायल की पहचान अजय सिंह, उम्र 38 साल,सुमन देवी, उम्र 35 साल,पति अजय सिंह, शिवम कुमार, उम्र 8 साल, पिता-अजय सिंह, रानी कुमारी, उम्र पांच साल, ग्राम सभी ढोढाकोला सपही के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से पति-पत्नी समेत बच्चे सवार होकर ढोढाकोला से कोडरमा की तरफ आ रहे थे। तभी इंदरवा बैंक ऑफ इंडिया के समीप ट्रैक्टर और बाइक के बीच टक्कर हो गयी। इससे बाइक सवार उपरोक्त चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद आनन- फानन में ग्रामीणों की मदद से 108 एंबुलेंस के जरिए सदर हॉस्पिटल में भर्ती किया गया जहां इलाज चल रहा है।

### महागठबंधन उम्मीदवार विनोद सिंह के पक्ष में चला जनसंपर्क अभियान

**डोमचांच।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र बंगाखलार पंचायत के विभिन्न गांवों में सोमवार को महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा उम्मीदवार विनोद सिंह के पक्ष में वोट को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान माले जिला सचिव राजेंद्र मेहता ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र में बसे लोगों के सामने रोजगार का एक ही साधन ढिबरा उद्योग था, जिसे भी भाजपा नेताओं ने राजनीति कर बंद करने के कगार पर खड़ा कर दिया है। लोगों के सामने बेरोजगारी बड़ी समस्या बन चुकी है। लेकिन इन सभी समस्याओं को लेकर भाजपा सांसद ने कभी भी आवाज उठाने का काम नहीं किया। अब जनता भाजपा के जुमलेबाजी में फसने वाली नहीं है। बंगाखलार के करारी नदी पर वर्षों से पुल का निर्माण नहीं हो पाया है। इसके कारण यहां के लोगों और स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी होती है।

## राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर का हुआ असर

# घुटबहार बांडिंग टोली गांव में विद्युतीकरण के लिए कार्यपालक अभियंता ने किया निरीक्षण

◆कार्यपालक अभियंता मामले को संज्ञान में लेते हुए कर्मियों के साथ खुद बांडिंग टोली गांव पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात कर सर्वे किया


आजादी मिले 76 वर्ष हो गए, लेकिन आज तक गांव में नहीं पहुंची बिजली

विभाग ने थमा दिया मीटर, आ रहा बिजली बिल

ग्रामीणों का कहना है कि बिना बिजली पहुंचे मीटर का बिल आने से परेशानी बढ़ती जा रही है, जनप्रतिनिधियों से



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक अखबार के द्वारा पिछले 30 अप्रैल को ठेठईटांगर प्रखंड के घुटबहार बांडिंगटोली गांव में आजादी के बाद से लेकर आज तक बिजली पोल नहीं पहुंचने के बावजूद मी देने की खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता विशेश्वर मरांडी मामले को संज्ञान में लेते हुए अपने कार्यालय कर्मियों के साथ खुद बाडिंग टोली गांव पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए सर्वे किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि 3 वर्ष पूर्व ग्रामीणों को बिजली विभाग के कर्मियों के द्वारा मीटर थमा दिया गया था, लेकिन बिजली नहीं मिली थी ।वहीं ग्रामीणों को यह भी भय सता रहा था कि उन्हें बिजली बिल कहीं ना थमा दिया जाए, सभी बातों को सुनने के बाद कार्यपालक अभियंता के द्वारा ग्रामीणों की बारी-बारी से सूची बनाकर उन्होंने आश्वासन दिया कि गांव में विद्युतीकरण चुनाव के बाद तुरंत हो जाएगी। साथ उन्होंने कहा कि अगर किसी का बिजली बिल अगर आता है तो उसे रिपोर्ट भेजते हुए माफ करने का कार्य किया जाएगा। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि बगल के डांग टोली गांव में विद्युतीकरण हो चुका है, वहां से जल्द कनेक्शन करते हुए गांव में की जाएगी। इधर खबर प्रकाशित होने के बाद ग्रामीणों ने काफी खुशी का माहौल देखने को मिला वहीं ग्रामीणों ने राष्ट्रीय नवीन मेल का भार व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी से लेकर आज तक कोई भी पत्रकार इस गांव की समस्याओं को प्रमुखता के साथ नहीं उठाया लेकिन पहली बार राष्ट्रीय नवीन में अखबार के द्वारा गांव की समस्या को प्रशासन के समक्ष रखा जिसके बाद डीसी सिमडेगा के निर्देश पर विभाग के कर्मी पहुंचकर ग्रामीणों का जानकारी लिया।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के एलुमनी सदस्यों ने वृद्धा आश्रम का किया भ्रमण

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के एलुमनी एसोसिएशन ऑफ ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सदस्यों ने हजारीबाग स्थित वृद्धा आश्रम का भ्रमण किया। एलुमनी सदस्यों ने आश्रम में सभी वृद्ध महिला, पुरुषों से परिचय किया। उन्होंने खाद्य सामग्री, पोशाक,फल आदि का वितरण किया। सदस्यों ने वहां के पाकशाला, शयन कक्ष, संपूर्ण परिसर के वातावरण, वृद्धा आश्रम की स्थितियों से अवगत हुए। साथ ही ईश्वर से उनके दीघार्यु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। अपने उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। कॉलेज की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि वृद्ध महिला, पुरुष परिवार, समाज और राष्ट्र की धरोहर है। हम अपने जीवन की कल्पना इनके बगैर कतई नहीं कर सकते हैं। हमें सदैव वृद्ध महिला, पुरुष का सम्मान करना चाहिए और इनका विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। प्राचार्य डॉ मृदुला भगत ने कहा कि वृद्ध माता-पिता हमारे जीवन के आईना है।

# धर्म के नाम पर बरगलाने का काम कर रही हैं राष्ट्रीय पार्टियां : एनोस



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
बांसजोर प्रखंड में झारखंड पार्टी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ। कार्यालय का उद्घाटन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने फीता काटकर किया। मौके पर एनोस एक्का ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी भाजपा और कांग्रेस दोनों ने क्षेत्र की लोगों को ठगने का काम किया है। राष्ट्रीय पार्टी के द्वारा सिर्फ लोगों को धर्म और जाति के नाम पर बरगलाने का काम किया गया है। विकास के नाम पर जनता को ठगा गया है। उन्होने कहा कि झारखंड पार्टी ने विकास का काम करके दिखाया है और आगे भी जनता के सभी समस्या को दूर किया जाएगा। एनोस एक्का ने कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र में जनता झारखंड पार्टी को विकल्प के रूप में देख रही है।

### आदिवासी बेटी हूं, आदिवासियों का दर्द समझती हूं : आईरीन

झापा नेत्री आईरीन एक्का सिमडेगा विस क्षेत्र के गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों के साथ सीधा सवांद कर रही है। आईरिन ने कहा कि वो आदिवासी की बेटी है और आदिवासी के दर्द को भली भाति समझ सकती है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा विस क्षेत्र में कांग्रेस और भाजपा ने ही शासन किया है। लेकिन यहां के आदिवासियों, मुलवासी, पिछड़ा वर्ग के दर्द को दूर करे का प्रयास किसी ने नहीं किया। उन्होंने कहा कि समाज में बेटी को कमजोर की दृष्टि से देखा जाता है, लेकिन आईरिन आदिवासी बेटी है और सबसे लड़ सकती है। उन्होंने महिलाओं के सम्मान के लिए, युवाओं के रोजगार के लिए, क्षेत्र के विकास के लिए झारखंड पार्टी को समर्थन देने की अपील की।


पूर्व मंत्री ने फीता काटकर चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन।

### लोकसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त ने वज्रगृह व सामग्री कोषांग का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता ।ब सिमडेगा**
सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण केन्द्र, वज्रगृह एवं सामग्री कोषांग का निरीक्षण किये। उपायुक्त ने प्रशिक्षण केंद्र में मतदान कर्मियों को दी जाने वाली प्रशिक्षण का जायजा लिया। मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण के बाद उनका पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त ने बज्रगृह रूम का निरीक्षण के दौरान ईवीएम मॉक पोल की जायज लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये ।मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अंचलाधिकारी सदर सिमडेगा मो इम्तियाज अहमद सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### कालीचरण मुंडा के पक्ष में मजदूर नेता ने किया जनसंपर्क, कहा

# किसानों और आदिवासियों की हितैषी पार्टी है कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन राजेश कुमार सिंह के द्वारा महागठबंधन के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा के पक्ष में वोट अपील किया तथा विकास के लिए कांग्रेस को जीताने का अपील की। प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि भाजपा ठगती है। बीते पांच साल में कोई विकास कार्य हुआ नहीं, अर्जुन मुंडा गांव में आते नहीं थे अब चुनाव आया है तो फिर नेता गाँव गाँव घूम रहे हैं। वे राजेश कुमार सिंह ने कोलेबिरा नवाटोली, कोलेबिरा, बानो और जलडेगा क्षेत्र में दौरा कर यूनियन से जूडे मजदूरों को कालीकरण मुंडा को जीताने के



लिए प्रचार किया। उन्होंने कहा कि पांच वर्षों में अर्जुन मुंडा कभी गरीब मजदूरों के लिए काम नहीं किए पूंजीपतियों के लिए काम किया इसलिए जरुरी है कि गरीब मजदूरों को समझने वालों को वोट दें और अपने भले के लिए सही उम्मीदवार को जितायें ।स्थानीय बिचौलिया नेता या वोटकटवा नेता से सावधान रहें। राजेश सिंह ने कहा कि सिमडेगा की जनता के विकास के लिए बदलाव की जरुरत है उन्होंने कहा हिन्दु मुस्लिम ईसाई की फसाद बढ़ाने वालों को उखाड़ फेंके तथा सबके हितों की राजनीति करने वाली को वोट दें ताकि जनता का विकास सही मायनों में हो मजदूरों, किसानों और आदिवासियों की हितैषी केवल कांग्रेस पार्टी है।

## खिलाड़ियों के मतदान केंद्र हॉकी बूथ में चला जागरूकता अभियान

# जिले के खिलाड़ी देश-विदेश में नाम रोशन कर रहे हैं : अध्यक्ष

◆जिला की सलीमा टेटे भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान एवं महिमा टेटे को इस लोकसभा चुनाव का आइकॉन बनाया गया है



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 13 मई 2024 के कुनव में सिमडेगा जिला का मतदान शत प्रतिशत हो जिसके लिए जिला प्रशासन सिमडेगा स्वीप कोषांग के साथ हॉकी सिमडेगा भी लगातार जागरूकता अभियान चलाकर प्रयासरत है। जिसके तहत हॉकी सिमडेगा ने आज देश को कई राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों के मतदान केंद्र हॉकी बूथ ( आर सी उत्क्रमित मध्य विद्यालय करंगागुड़ी मतदाता जागरूकता अभियान शपथ कार्यक्रम आयोजित किया। जिस कार्यक्रम में राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों के माता पिता और अभिभावक गण तथा नव प्रशिक्षु हॉकी खिलाड़ी शामिल हुए। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने उपस्थित हॉकी खिलाड़ियों के अभिभावकों को बतलाया कि इस विद्यालय परिसर में हॉकी के गुर सीखकर आधा दर्जन से अधिक खिलाड़ी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेल रहे है और कई दर्जन खिलाड़ी राज्य टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेल रहे है इसलिए निर्वाचन विभाग ने इस बूथ का नामकरण हॉकी बूथ किया है, साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरह इस परिसर से खेलकर आपके बेटे बेटियां देश विदेश में जिला का नाम रोशन कर रहे हैं। उसी प्रकार आपलोग भी इस परिर में स्थित मतदान केंद्र हॉकी बूथ में शत प्रतिशत मतदान देकर एक नया इतिहास बनाते हुए हॉकी बूथ कारगागुड़ी का नाम शतप्रतिशत मतदान के लिए भी समस्त देश में ऊंचा करे। उपस्थित नव प्रशिक्षु हॉकी खिलाड़ियों को भी उन्होंने ने कहा कि आज इस गांव की सह इस विद्यालय के पूर्व प्रशिक्षु तीन हॉकी खिलाड़ियों संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग और दीपिका सोरेंग तथा इसी जिला की सलीमा टेटे भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान एवं महिमा टेटे को इस लोकसभा चुनाव का आइकॉन बनाया गया है उनका बैनर पोस्टर से पूरा जिला पटा हुआ है आप भी उन्ही की तरह मेहनत करेंगे तो आने वाले दिन में आपका भी उन्ही की तरह पूरे देश में बैनर पोस्टर लगेगा साथ ही आपलोग अपने माता पिता और आस पड़ोस के लोगो को 13 मई को मतदान केंद्र में मतदान केंद्र में जरूर भेजेंगे और कहेंगे कि हमलोग के हॉकी बूथ के जरूर वोट कीजिए। इस मौके पर हॉकी खिलाड़ियों के अभिभावकों ने शपथ लिया कि 13 मई 2024 लोकसभा चुनाव में हम पहले करेंगे अपना मतदान फिर करेंगे बाकी काम एवम आस पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से प्रशासन की ओर से आयोजित की गई स्वीप जतरा




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में जिले की मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की उपस्थिति में 'स्वीप कोषांग' द्वारा स्वीप जतरा -सह- मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता रैली अल्बर्ट एक्का स्टेडियम से नीचे बाजार पेट्रोल पंप से महावीर चौक से होते हुए पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज परिसर में समापन किया गया। रैली आदिवासी पारंपरिक वेशभूषा में निकली गई ।मतदाता जागरूकता रैली में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन तिर्की, स्वीप नोडल पदाधिकारी -सह- एलआरडीसी अरुणा कुमारी, स्वीप कार्यक्रम प्रभारी पदाधिकारी सह नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो सहित जिले सभी पदाधिकारी गण, मीडिया बन्धुओं एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में भाग लिये। इस दौरान उपायुक्त सिमडेगा सहित जिले के सभी पदाधिकारी गण ने सड़क पर पैदल चलते हुए मतदाताओं से 13 मई 2024 को अपने घर से निकाल कर अपने नजदीकी मतदान केंद्र में मतदान करने की अपील किये।

## न्यूज बॉक्स

### मौखिक शिकायत पर मुफस्सिल थाने की पुलिस ने बंधक बनाए गए युवक को सकुशल किया बरामद



**सिमडेगा।** सिमडेगा के मुफस्सिल थाना ने पुलिस का मानवीय चेहरा दिखाया सोमवार के एक पीड़िता के मौखिक शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मुफस्सिल थाना प्रभारी रोहित रजक के द्वारा युपी मुगलसराय में बंधक बनाकर रखे गए एक युवा को मुक्त कराया गया और सकुशल बरामद करते हुए उसे परिजनों को सौंपा गया। युवक के परिजनों ने पुलिस को धन्यवाद और बधाई देते हुए कहा है कि उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा था कि मौखिक शिकायत पर पुलिस उनकी मदद करेगी। इधर थाना प्रभारी में जानकारी देते हुए बताया कि सिर्फ जगह पुलिस सामुदायिक पुलिसिंग पर भी कार्य करती है और उसी के तहत मौखिक शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई ।उन्होंने बताया कि लगातार प्रयास किया जा रहा है कि क्षेत्र में लोगों के साथ मधुर संबंध स्थापित करते हुए पुलिसिंग किया जाए। इधर पुलिस के इस कार्य से भुरी-भूरी प्रशंसा कर रहे हैं।

### सिमडेगा प्रधान जिला जज ने विशेष लोक अदालत के लिए बैठक की



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा के अध्यक्षता में 8 जून को होने वाले विशेष लोक अदालत-सह-मासिक लोक अदालत सफलता हेतु बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम के अधिवक्ताओं एवं इंश्योरेंस कम्पनी, के पदाधिकारियों एवं न्यायिक पदाधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान जिला जज-सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने कहा कि आगामी विशेष लोक अदालत-सह-मासिक लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन कराया जाना सुनिश्चित करें। इसपर विभाग के पदाधिकारियों ने सहमति व्यक्त की एवं कहा कि ई-मेल के द्वारा नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के सचिव मरियम हेमरोम, बार संघ के अध्यक्ष, अधिवक्ता बसंत कुमार, सचिव संजय कुमार महतो, एवं इंश्योरेंस कम्पनी के अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### सिमडेगा से जाने वाले हज यात्रियों के लिए लगा टीकाकरण शिविर



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले से इस वर्ष हजयात्रा में जाने वाले हजयात्रियों को टीका लगाने के लिए सोमवार को सदर अस्पताल में टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। डा.सिलवंत एक्का के नेतृत्व में आयोजित शिविर में कुल 17 लोगों को टीका लगाया गया। सिविल सर्जन के द्वारा मेडिकल टीम का गठन किया गया था। बताया गया कि इस वर्ष सिमडेगा जिले से सात ग्रुप में 17 हजयात्री हज के लिए जा रहे हैं। जिसमे दस पुरूष और सात महिलाएं शामिल हैं। शिविर की शुरूआत हाफिज फरहान के तिलावत ए कुरआन पाक से हुई। इसके बाद सबों को टीका लगाया गया औ? पोलियो के ड्राप पिलाए गए। मौके पर जमीअत उलेमा के जिला सदर मौलाना मिन्हाज रहमानी ने हजयात्रियों को हज के बारे तथा मेडिकल गाईडलाईन के बारे विस्तार से बताया। सभी हजयात्रियों को अलफलाह सोसाईटी की ओर से उपहार प्रदान किए गए। दुआओ के साथ शिविर का समापन हुआ बताया गया कि इस वर्ष सिमडेगा से हजयात्रा में जाने वाले लोगों में मोहसीन आलम,मो साबिर अहमद,सीमा जेया,मो.शौकत अली, साबिर आलम, मो यासिन,इशरत बानो, मो. खालिद आलम, साबरिन खातुन,गुलजाम खान, मो.शहजादा सरफराज, अम्बिया बेगम, आरफा जन्नत, मो साकिर आलम, सबाना परवीन, मो परवेज और रजिया सुल्ताना शामिल हैं। शिविर को सफल बनाने में सोसाईटी के सदर खुबैब शाहीद, अजीमुल्लाह अंसारी, अब्दुल मजीद,हाजी तौहीद पम्मू,मंजर काशमी,अबुजर,परवेज,समीर सहित सोसाइटी के अन्य सदस्यो का योगदान रहा।

बरही में भाजपा प्रबंधन समिति व कोर कमेटी की बैठक संपन्न

### कल से भाजपा हर पंचायत में करेगी सभा का आयोजन



**बरही ।** स्टेशन रोड स्थित होटल एके इंटरनेशनल में चुनाव प्रबंधन समिति और कोर कमेटी की बैठक संयोजक सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई। संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। जिसमें मुख्य रूप से लोकसभा प्रत्याशी टुन्नू गोप, लोकसभा प्रभारी अभय सिंह, विधानसभा संयोजक सह पूर्व विधायक बरही विधानसभा मनोज कुमार यादव, सह संयोजक अर्जुन साव, प्रत्याशी मनीष जयसवाल के छोटे भाई प्रशांत जायसवाल मौजूद थे। बैठक के दौरान बरही विधानसभा के सभी छह मंडल के अध्यक्षों के साथ भी बैठक हुई। इस दौरान लोकसभा प्रभारी टुन्नू गोप ने कहा कि लोकसभा का चुनाव पांचवें चरण में है और कार्यकर्ताओं के पास पर्याप्त समय है लेकिन हम आप सभी एक ऐसी पार्टी के कार्यकर्ता है, जो सतत कार्य करते रहती है और संगठन की गतिविधियों को अंजाम देती है। लोकसभा प्रत्याशी का जब भी दौरा या प्रवास का कार्यक्रम हो तो उसमें विधानसभा क्षेत्र के अधिक से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। जहां पर प्रत्याशी का दौरा होगा, पार्टी के द्वारा जो कार्यक्रम तय किए गए हैं उन्हें निश्चित तौर पर कार्यकर्ताओं को संपादित करना है।

# चंद्र प्रकाश चौधरी और मथुरा महतो के नामांकन में पहुंचे कई दिग्गज



### मथुरा महतो के साथ पार्टी के महासचिव सूप्रियों भट्टाचार्य व मंत्री बेबी देवी हुई शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
भीषण गर्मी के बीच लोकसभा चुनाव को लेकर भी चुनावी तपिश बढ़ती जा रही है। कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन समाप्त होने के बाद गिरिडीह लोकसभा को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। सोमवार को गिरिडीह लोकसभा से दो प्रमुख दलों के प्रत्याशी बोकारो में नामांकन किया। राजग गठबंधन से जहां वर्तमान सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने पर्चा भरा वहीं इंडिया गठबंधन से टुंडी विधायक मथुरा महतो ने नामांकन पर्चा भरा।

इस दौरान सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी अपने प्रस्तावक व समर्थक के साथ बोकारो समाहरणालय पहुंचें और जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान सीपी चौधरी के साथ गोमिया विधायक लंबोदर महतो सहित राजग गठबंधन के कई नेता मौजूद थे। इस दौरान बिहार के डिप्टी सीएम सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई नेता भी सीपी चौधरी का उत्साह बढ़ाने के लिए बोकारो पहुंचे हुए थे।

इधर गिरिडीह लोकसभा के लिए इंडिया गठबंधन से टुंडी विधायक मथुरा महतो भी निश्चित समय पर बोकारो में नामांकन पर्चा दाखिल करने के लिए पहुंचे। इस दौरान गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से काफी संख्या में झामुमो कार्यकता बोकारो पहुंचे हुए थे। मथुरा महतो अपने समर्थकों के साथ बोकारो सामहरणालय पहुंचे और जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान श्री महतो के साथ मंत्री बेबी देवी, झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य सहित पार्टी के कई नेता मौजूद थे। नामांकन के बाद समाहरणालय से बाहर निकलते हुए प्रत्याशी मथुरा महतो ने कहा कि जनता का साथ उन्हें हमेशा मिलता रहा है और इस बार लोकसभा चुनाव में भी जनता का पूरा समर्थन उन्हें प्राप्त होगा।

## एक नजर

### बाइक चोरी मामले में दो को जेल



**गिरिडीह।** गावां थाना पुलिस ने सोमवार को अभियान चलाकर बाइक चोरी करने के आरोप में दो लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने पाण्डेयडीह निवासी कुंदन कुमार पांडेय पिता स्व धनेश्वर पांडेय एवं सिरी निवासी अरविंद कुमार यादव पिता रामेश्वर प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा। बाइक चोरी के एक मामले में 5 मई को कांड संख्या 39/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि बाइक चोरी के मामले में छापामारी अभियान चलाकर दो लोगो को जेल भेजा गया है।

### वॉल्व खराब होने से चिरकुंडा के चार वार्डों में जलापूर्ति ठप

**धनबाद।** चिरकुंडा शहरी जलापूर्ति योजना के नेहरू रोड ब्रह्माकुमारी केन्द्र के समीप राइजिंग पाइप का वॉल्व खराब हो जाने के कारण सोमवार को चिरकुंडा के चार वार्डों में जलापूर्ति ठप रही। करीब आठ हजार की आबादी इस भीषण गर्मी में पानी के लिए परेशान रही। बताया गया कि वॉल्व खराब होने के कारण रविवार को नगर परिषद कार्यालय की जलमीनार में पानी नहीं चढ़ सका। इस जलमीनार से वार्ड 18, 19, 20 व 21 में जलापूर्ति होती है। लेकिन सोमवार को घरों में एक बूंद भी पानी नहीं पहुंच सका सका। सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने बताया कि मिस्त्री वॉल्व को ठीक करने में जुटे हुए हैं। मंगलवार की सुबह से लोगों को पानी सुचारू रूप से मिलने लगेगा।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में एक को दोषी करार दिया

**धनबाद।** नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में अदालत ने सोमवार को अपना फैसला सुनाया। धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी गोपालीचक पुटकी निवासी चंदन कुमार यादव को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख निर्धारित की है। आरोपी इस मामले में सुनवाई के दौरान फरार हो गया था। उसकी अनुपस्थिति में अदालत ने अपना फैसला सुनाया। बचाव पक्ष की ओर से लीगल एड डिफेंस काउंसिल ने पैरवी की। इस मामले में पीड़िता की मां की शिकायत पर 17 जून 2017 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक छह जून 2017 से पीड़िता अपने घर से लापता थी। खोजबीन करने पर पता चला कि चंदन यादव बहला फुसलाकर पीड़िता को शादी की नियत से अपने साथ ले गया है। पुलिसिया दबाव पर चंदन ने 18 जुलाई 2017 को थाने में सरेंडर कर दिया था।

### भाजपा के पक्ष में सुनामी : चुन्नू कांत

**गिरिडीह।** गिरिडीह प्रदेश कार्य समिति के सदस्य व धनवार विधानसभा के प्रभारी चुन्नू कांत ने कहा कि भारतीय जनता में पार्टी के पक्ष चुनाव को लेकर सुनामी है । सामने कोई प्रत्याशी नहीं है और न कोई दल है, जो भाजपा के आगे पीछे भी हो । जो स्थिति है उसमें बीजेपी इस बार 400 से अधिक सीटों से जीतकर नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगी। उक्त बातें श्री कांत ने यहां पार्टी बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहीं। इसके पूर्व पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता और मंडल के अध्यक्ष के साथ मंडल कार्यालय के प्रबंधन को लेकर चर्चा किया। साथ ही वहां बैठकर चुनाव की आगे की रणनीति तय की? कार्यकताओं का उत्साह वर्धन करते हुए श्रीकांत ने कहा की एक-एक कार्यकर्ता बूथ पर लगे और आगामी 20 में को चुनाव के दिन अधिक से अधिक मतदान करने में अपनी पूरी समर्थ लगा दे क्योंकि भूत पता से ही चुनावी जीत होगी जीत तो होना तय है लेकिन जीत का अंतर इतना बड़ा हो कि कोडरमा लोकसभा का एक संदेश पूरे देश में जाए ।

### 16 मई को पेशम आएंगे पीएम मोदी



**बिरनी गिरीडीह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव को लेकर 16 मई को गिरीडीह जिला के बिरनी प्रखंड के पेशम के अडवार मैदान में जनसभा करेंगे। पुलिस प्रशासन इसकी तैयारी में जुट गई है। सोमवार को सरिया एसडीपीओ धनंजय राम,इंस्पेक्टर ज्ञान रंजन,सीओ सारांश जैन,भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज पेशम अडवार मैदान पहुंचकर जायजा लिया। जिसमें मुख्य मार्ग, पार्किंग स्थल का चिन्हित किया। जिसमे गादी पंचायत भवन के पास,पेशम क्रिकेट मैदान, खाखीपिपर पेशम के बीच मैदान में अन्य जगहों पर पार्किंग स्थल का चिन्हित किया। मौके पर मीडिया प्रभारी, नारायण पाण्डेय , प्रवीण कुमार समेत दर्जनों लोगों मौजूद रहे।

## न्यूज | बॉक्स

### गांडेय प्रखंड में चलाया जन संपर्क अभियान

गिरिडीह। भाकपा माले नेता राजेश यादव की अगुवाई में गांडेय प्रखंड के बरमसिया 2 पंचायत के कई गांवों का दौरा कर जन संपर्क अभियान चलाया गया तथा कोडरमा और गांडेय से इंडिया प्रत्याशियों क्रमशः विनोद सिंह और कल्पना सोरेन को जिताने की अपील की गई। इस दौरान माले नेता ने कहा कि, भाजपा ने देश की जनता को तबाही की दलदल में धकेला है। युवाओं को रोजगार और किसानों को उपज के बेहतर दाम के नाम पर ठगा है। मजदूरों से उनके श्रम कानूनों को छीनकर उन्हें तबाह किया। जनता के अच्छे के बजाय एक बुरे दिन ला दिए गए। श्री यादव ने कहा कि, कोडरमा लोकसभा और गांडेय विधानसभा दोनों ही सीट इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जीतेंगे। इसके लिए झामुमो, भाकपा माले सहित इंडिया के सहयोगी सभी दलों के नेता/ कार्यकर्ता रात-दिन एक करके लगे हुए हैं। मौके पर मुख्य रूप से मेहताब अली मिर्जा, रामजीत मुर्मू, श्याम किशोर हांसदा, विनय टुडू, राजू पासवान, मुन्ना मरांडी, बाबूराम मुर्मू, चरण मुर्मू, संतोष बेसरा, आनंद कु हांसदा, बबलू मरांडी, सुशील मुर्मू, बसंत देव हांसदा, कोरेसी हांसदा, कौलेश्वर हांसदा, अरविंद हांसदा, मोसो बेसरा, बालेश्वर हांसदा, महेंद्र टुडू, सोहन लाल मुर्मू, राजेंद्र टुडू, बुधन टुडू, गणेश मुर्मू, वकील हेंब्रम, राजवीर टुडू, हरिलाल मरांडी, रामकृपाल टुडू, मोहन लाल मुर्मू सहित अन्य महिला-पुरुष मौजूद थे।

### अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार दो बहनों को रौंदा, मौत

**धनबाद।** शहर के बिरसा मुंडा पार्क स्थित आठ लाइन पर सोमवार को अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार दो बहनों को रौंद दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने स्कॉर्पियो सवार प्रदीप मंडल और राजू मंडल को पकड़कर मौके पर पहुंची धनबाद थाना पुलिस के हवाले कर दिया। मृतकों में डिनोबली स्कूल भूली की नौवीं की छात्रा जिया और उसकी बड़ी बहन है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो मेमको मोड़ की तरफ से विनोद बिहारी चौक की तरफ से काफी तेज गति से आ रही थी। इस बीच स्कॉर्पियो दो लेन का डिवाइडर फांद कर तीसरी लेन में आ गया। इसी दौरान सामने से आ रही स्कूटी को स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों बहनों की मौत हो गई। इस घटना में स्कॉर्पियो चालक प्रदीप मंडल और राजू मंडल स्कॉर्पियो का एयरबैग खुलने से बच गए। उन्हें इस घटना में मामूली चोटें आईं है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### कतरास के फुटपाथ दुकानदारों का धरना जारी, सामान जब्त करने का आरोप



**धनबाद।** कतरास थाना चौक के समीप फुटपाथ पर बनी मनिहारी की 2 झोपड़ीनुमा दुकानों को नगर निगम की टीम ने हटा दिया था. इससे नाराज दुकानदारों का अनिश्चतकालीन धरना सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे अमर गोस्वामी, राजकुमार, अशोक व सोनी कुमारी ने बताया कि उनके पुर्वज पिछले करीब 100 वर्षों से वहां दुकानदारी करते आ रहे हैं। इसी दुकान से उनके परिवार का भरण-पोषण होता है। निगम ने एक पैसे वाले व्यक्ति के इशारे पर एक तरफा कार्रवाई करते हुए उनकी दुकानों को उजाड़ दिया।

### विवाहित की संदेहास्पद मौत मामले में प्राथमिकी दर्ज



**गिरिडीह।** तिसरी थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव में बीते दिनों संजू देवी नामक महिला की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत के मामले में तिसरी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इस मामले में दिनांक 3/5/2024 को तिसरी थाना कांड संख्या 29/24 व धारा 302,379,34 भादवी के तहत मृतका के देवर कलेश्वर यादव, गोतनी संगीता देवी,ससुर भूलो महतो, सास चान्दो देवी और ननद सुजीता देवी उर्फ सुस्मिता देवी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताते चलें कि बीते बुधवार को थाना क्षेत्र के बरवाडीह में 29 वर्षीय संजू देवी नामक महिला का उसके कमरे से ही संदेहास्पद स्थिति में शव बरामद हुआ था। मृतका के तीन बच्चे भी थे। जिसके बाद मृतका के चाचा ने पुलिस लिखित आवेदन देकर देवर, गोतनी, सास, ससुर व ननद पर हत्या का आरोप लगाया था।

## चाइल्डलाइन और सवेरा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से रोका गया बाल विवाह



**नवीन मेल संवादाता। गिरिडीह**
चाइल्ड लाइन और सवेरा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से सोमवार को तिसरी प्रखण्ड में एक और नाबालिग लड़की का बाल विवाह रुकवाया गया।

मामला प्रखंड के मनसाडीह ओपी क्षेत्र का है। बताया जाता है कि चाइल्ड लाईन की टीम को एक नाबालिग के विवाह होने की गुप्त सुचना मिली थी। सुचना के आधार पर चाइल्ड लाइन के केस वर्कर नरेश कुमार वर्मा ने बच्ची के घर पहुंचकर उसके अभिभावक को समझाया - बुझाया साथ ही बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह कानूनन जुर्म के बारे में बतलाया गया। वहीं बाल विवाह नहीं करने की हिदायत दी गई। इस दौरान सवेरा फाउंडेशन के प्रवेक्षक सह बाल अधिकार कार्यकर्ता इंकज कुमार ने कहा कि नाबालिग उम्र में लड़कियों पर विवाह का विशेष रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे उनकी शिक्षा पहले ही बाधित हो जाती है और उनके स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। मौके पर मनसाडीह पुलिस के एएसआई बी.एन.मुर्मू समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे ।

## इंडी प्रत्याशी ने गांवों का किया भ्रमण चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
इंडी प्रत्याशी विनोद सिंह ने गावां बाजार में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर मुख्यरुप से पूर्व विधायक राजकुमार यादव व निजामुद्दीन अंसारी उपस्थित थे। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद लोगो को संबोधित करते हुए बिनोद सिंह ने कहा कि मोदी सरकार में महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है। गावां तीसरी लोगो को ढिबरा से रोजगार मिलता था। जिसे बन्द कर दिया गया है। यहां के नौजवान दूर महानगरों में जाकर मजदूरी करने को विवश है। आये दिन काफी संख्या में प्रवासी मजदूरों की मौत महानगरों में हो रही है। इन तमाम मुद्दों पर यहां की सांसद ने कभी भी आवाज नही उठाया। केंद्र सरकार के द्वारा राज्य में पीएम आवास को बंद कर दिया गया। केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण किसानों का लगातार पलायन हो रहा है। क्षेत्र में सिचाई आदि की कोई व्यवस्था नही है। आंदोलन करने पर किसानों पर लाठियां बरसाई जाती है। क्षेत्र में डिग्री कॉलेज नही होने से यहां के छात्र छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे है। स्थानीय सांसद ने कभी भी इस पर पहल नही की। साथ ही उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरों का राशि भी उतना नही मिलता है कि रोज का राशन खरीद कर खा सकें। भाजपा सरकार सिर्फ पूंजीपतियों की सरकार है। गावां, माल्डा व पिहरा आदि के व्यवसायियों की सरकार नही है। मोदी सरकार में अगर किसी का विकास हो रहा है तो वह है अडानी और अंबानी। छोटे व्यवसाय करने वालों को बैंक लोन नही देती है और विजय माल्या अडानी अंबानी करोड़ो अरबों रुपये बैंक से कर्जा लेकर अपना विकास करने में लगे है। यह समय आ गया है जनता को समझने की। सभा को राजकुमार यादव, निजामुद्दीन अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह, नागेश्वर यादव, रामेश्वर चौधरी, मरगूब आलम, बिनोद यादव, रंधीर चौधरी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यालय उद्घाटन के उपरांत विनोद सिंह ने गावां बाजार, बिरने,पंडरिया एवं बादीडीह आदि गांवो का भ्रमण कर लोगो से मिले।

### बिरनी में इंडिया गठबंधन की बैठक संपन्न

**गिरिडिह।** बिरनी प्रखंड अंतर्गत सिमराढाब के बगीचा में इंडिया गठबंधन की बैठक की गई। जिसमें लोकसभा चुनाव पर गंभीर चर्चा हुई। सभी दल से शामिल हुए गठबंधन के नेताओं ने कोडरमा लोकसभा के उम्मीदवार विनोद कुमार सिंह को कंधे से कंधा मिलाकर पूरी ताकत के साथ चुनाव में विजय दिलाने का संकल्प लिया। गठबंधन के नेताओं ने कहा कि कोडरमा संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद अन्नपूर्णा देवी को उनके निक्कमेपन का करारा जवाब देने व इस देश से झूठ फरेब और नफरत के शासन व्यवस्था को उखाड़ फेंकने में गठबंधन ने अपनी भूमिका निर्धारित की है । बिरनी प्रखण्ड स्तरीय 15 सदस्यीय चुनाव संचालन समिति की गठन की गई जो पूरे बिरनी में चुनावी गतिविधियों पर रणनीति तय करेगी ।

### नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के फामेर्सी विभाग में प्लेसमेंट सत्र का आयोजन

## नौ विद्यार्थियों का टाटा एमजी में चयन

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपूर**
पोखारी स्थित नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के फामेर्सी विभाग में प्लेसमेंट सत्र का आयोजन किया गया. इसमें विभाग के नौ विद्यार्थी रोजगार प्राप्त करने में सफल हुए हैं। रोजगार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के विषय में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट पदाधिकारियों ने बताया कि फामेर्सी क्षेत्र की बहुप्रतिष्ठित कंपनी टाटा 1 एमजी की ओर से इस प्लेसमेंट सत्र का आयोजन किया गया। सत्र के दौरान कंपनी की बहुस्तरीय चयन प्रक्रिया के पश्चात यहां फामेर्सी विभाग के नौ विद्यार्थियों का चयन किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को तत्कालिक रूप से फार्मेसिस्ट प्रशिक्षु के पद पर नियुक्त किया जाएगा। जमशेदपुर शहर ही उनका कार्यक्षेत्र होगा। कंपनी की ओर से आरंभ में इन्हें 2.5 लाख रुपये पैकेज ऑफर किया गया है। प्रशिक्षण के पश्चात प्राप्त दक्षता और तकनीकी कौशल के आधार पर उनके वेतनमान में वृद्धि की जाएगी।चयनित विद्यार्थियों में फामेर्सी विभाग की आर्या कुमारी, कृति कुमारी, पल्लवी कुमारी, जयंतो कुमार, सुजीत चंदा, सायना नाज, नंदन आचार्य, मौसमी पाल और विशाल माहाली शामिल हैं। ये सभी विभाग में अंतिम वर्ष के विद्यार्थी हैं। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय में अंतिम वर्ष के



विद्यार्थियों के लिए नियमित रूप से प्लेसमेंट सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट सत्र में विश्वविद्यालय के कई विद्यार्थियों को रोजगार के प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं। इस तरह विश्वविद्यालय अपने सभी विभागों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के प्लेसमेंट को लेकर काफी सक्रिय एवं तत्पर है। विद्यार्थियों के चयन पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट सत्र के माध्यम से विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हो रहे हैं। यही विश्वविद्यालय परिवार के लिए हर्ष का विषय है। श्री सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा है कि वे प्राप्त अवसरों का समूचित लाभ उठायें और नियमित रूप से साक्षात्कार सत्रों में सम्मिलित हों। उन्होंने इस अवसर पर विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में महती भूमिका निभा रहे विश्वविद्यालय प्रशासन और संकाय सदस्यों के प्रति भी आभार जताया है।

### बिरनी में एलपीजी गैस सिलेंडर से घर में लगी आग

**गिरीडीह।** बिरनी प्रखंड के बंगराकला पंचायत के बाराटांड़ गांव के गोपी यादव के घर में खाना बनाने के दौरान एलपीजी गैस सिलेंडर से आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे घर को लपेटे में लिया। लेकिन राहत की बात है कि हादसे में किसी व्यक्ति को कोई क्षति नहीं पहुंचा है, लेकिन घर पूरा जलकर राख हो गया है। आग की लपटें इतना था कि आग पर काबू तुरंत नहीं पाया जा सका। घटना की खबर सुनकर ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

## गोविंदपुर में नकली कोल्ड ड्रिंक्स फैक्ट्री के संचालक पिता और पुत्र को भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
गोविंदपुर थाने की पुलिस ने नकली कोल्ड ड्रिंक्स की फैक्ट्री के संचालक पिता पुत्र को सोमवार को जेल भेज दिया। उनपर केमिकल युक्त कोल्ड ड्रिंक्स बाजार में बेचने का भी आरोप है। पुलिस ने रविवार को बरियो मोड़ स्थित देवकी वस्त्रालय के पीछे छापेमारी कर नकली कोल्ड ड्रिंक्स की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए फैक्ट्री संचालक टीटीचापुड़ी निवासी श्यामपद मंडल और उसके बेटे मनोज मंडल को गिरफ्तार किया था। यह जानकारी डीएसपी शंकर कामती व गोविंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि दोनों बाप-बेटा फैक्ट्री में केमिकल युक्त कोल्ड ड्रिंक्स तैयार कर बाजार में बेचते थे। उनके पास कोल्ड ड्रिंक्स बनाने का लाइसेंस भी नहीं था। इस तरह के कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन करने से लोगों के जीवन पर घातक असर पड़ सकता था।

डीएसपी ने बताया कि ज्ञान ज्योति कोचिंग सेंटर की आड़ में कपड़ा दुकान के पीछे इस फैक्ट्री का संचालन हो रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री में छापेमारी की। वहां से कोल्ड ड्रिंक्स बनाने वाली मशीन भी जब्त की गई है। इसके साथ ही नकली मैंगो फ्रूटी फ्रेशन जूसी (200 एमएल बोतल) की 22 पेटी, फ्रेश फ्रूटी जूस मैंगों बोतलों की दो पेटी, हरा रंग की मैंगो फ्रूटी फ्रेश एंड जूसी की बोतलोकं की तीन पेटी समेत बड़े पैमाने पर रैपर, बोतलें, ढक्कन व अन्य सामग्री जब्त की गई। छापामारी में थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद, दारोगा चिंतामन रजक, गुरुदयाल सबर, अमृता खलको, जमादार लक्ष्मी नारायण महतो व अन्य जवान शामिल थे।

### बच्चों को सोशल मीडिया व मोबाइल से दूर रखें : डॉ आशीष

**किरीबुरु।** केन्द्रीय विद्यालय, मेघाहातुबुरु के प्राचार्य डा. आशीष कुमार एवं उप प्राचार्य रविशंकर चौधरी की देखरेख में अभिभावक-शिक्षक की बैठक आयोजित किया गया। यह बैठक 10 वीं वर्ग के छात्र-छात्राओं की शिक्षा से जुड़ी एक माह की प्रगति की समीक्षा को ध्यान में रखते हुये आयोजित किया गया। अगले वर्ष इन छात्र-छात्राओं को 10 वीं बोर्ड की परीक्षा होनी है। इस लिये विद्यालय प्रबंधन बेहतर रिजल्ट हेतु अभी से हीं बच्चों के बेहतर शिक्षा व इसमें उनके अभिभावकों को जोड़ने हेतु यह प्रयास तेज किया है।

## समाहरणालय, सिमडेगा
## (जिला निर्वाचन शाखा)

### -ःअवकाश संबंधी आम सूचनाः-

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड के पत्रांक 1950, राँची दिनांक 08.04.2024 तथा भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली का पत्रांक 78/EPS/2024 दिनांक 16.03.2024 एवं कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा, विभाग, झारखण्ड राँची की अधिसूचना संख्या 2492 एवं 2493 दिनांक 04.04.2024 के आलोक में लोकसभा आम चुनाव, 2024 के अवसर पर 11–खूँटी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत 70–सिमडेगा (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 71–कोलेबिरा (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र तथा 59–तोरपा (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बानो प्रखण्ड (मतदान केन्द्र संख्या 164 से 252 तक) अन्तर्गत मतदान तिथि 13.05.2024 (सोमवार) को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) एवं निगोशिएबुल इन्सटूमेन्टस एक्ट 1881 की धारा–25 के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। जिसमें निम्नांकित प्रावधानों का अनुपालन किया जाना हैः–

"1. किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य संस्थान में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को जो लोकसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा।
2. उपधारा–(1) के अनुसार अवकाश मंजूर किये जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यता किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी उसे ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी संदत्त की जाएगी जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किये जाने की दशा में दी गयी होती है।
3. यदि कोई नियोजक उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधो का उल्लघंन करेगा, तो ऐसा नियोजक जुर्माना से जो पाँच सौ रूपये तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा।
4. यह धारा किसी ऐसे निर्वाचक को लागू नहीं होगा जिसकी अनुपस्थिति से उस नियोजन के संबंध में जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा या सारवान हानि हो सकती है।

उपरोक्त प्रावधानों के अनुसार सभी मतदाता जो प्रतिष्ठानों और दूकानों के कर्मचारी हैं, जिनमें शिफ्ट के आधार पर काम करने वाले लोग भी शामिल हैं, उन्हें उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के दिन सवेतन अवकाश दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त ऐसे मामले में भी हो सकते हैं, जहाँ कोई व्यक्ति सामान्य रूप से निर्वाचन क्षेत्र का निवासी है और मतदाता के रूप में पंजीकृत है, किन्तु वह सामान्य मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्र के बाहर स्थित किसी औद्योगिक उपक्रम या प्रतिष्ठान में सेवारत या नियोजित हो सकता है। ऐसी स्थिति में संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के बाहर कार्य करने वाले श्रमिक मतदाता भी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख (1) के तहत सवैतनिक अवकाश के हकदार होंगे। दैनिक वेतनभोगी/अनौपचारिक कर्मचारी भी मतदान के दिन अवकाश और वेतन के हकदार होंगे।

उपर्युक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। इस आदेश का उल्लंघन कानून के सुसंगत धाराओं के अधीन दण्डनीय होगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, सिमडेगा

PR 324463 Simdega(24-25)#D

**सफलता हमेशा असफलता के स्तंभ पर खड़ी होती है। इसलिए किसी को भी असफलता से घबराना नहीं चाहिए : सुभाष चंद्र बोस**



# कीटनाशकों से बचाव कम खतरे ज्यादा

***बढ़ते*** मुनाफे के लिए कीटनाशकों का बढ़ता उपयोग नित नए खतरों को जन्म दे रहा है। अनुमान है की खेतों में इस्तेमाल होता यह जहर हर साल 11 हजार से ज्यादा लोगों की जान ले रहा है। इनमें से करीब 60 फीसदी मौतें भारत में होती हैं। इतना ही नहीं यह कीटनाशक दुनिया भर में 38.5 करोड़ लोगों के बीमार पड़ने की भी वजह है। 'पेस्टिसाइड एटलस 2022' में ये चेतावनी आई थी तब से यह खतरा और भी बढ़ा है। एटलस के मुताबिक दुनिया भर में इन कीटनाशकों के उपयोग के चलते जो 38.5 करोड़ लोगों के बीमार पड़ने के मामले सामने आए हैं उनमें से ज्यादातर लगभग 25.5 करोड़ एशिया में दर्ज किए गए थे। वहीं अफ्रीका में 10 करोड़ से ज्यादा और यूरोप में 16 लाख मामले सामने आए थे। अकेले दक्षिण एशिया में इसकी वजह से हर साल 18 करोड़ से ज्यादा लोग बीमार पड़ रहे हैं, जबकि यह कीटनाशक यहां होने वाली 9,401 लोगों की मौत की वजह है। पता चला है कि इन कीटनाशकों से होने वाली 60 फीसदी मौतें भारत में होती हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कई बार चेतावनी और गाइडलाइन जारी कर चुका है कि किसान निर्धारित मात्रा में ही इनका इस्तेमाल करें और बेचने के कम से कम दो दिन पूर्व इसका प्रयोग न करें पर इसका पालन नहीं हो रहा है । 1962 में जीवविज्ञानी रेचल कार्सन ने अपनी पुस्तक 'साइलेंट स्प्रिंग' में कीटनाशक के उपयोग और उसके हानिकारक प्रभावों का वर्णन किया था। इसके बावजूद वर्षों से चलती बहस के बावजूद इन कीटनाशकों का उपयोग आज भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। लेकिन आज 60 साल बाद भी इन कीटनाशकों के खतरों को दरकिनार करते हुए इनका उपयोग बदस्तूर सिर्फ जारी ही नहीं बल्कि पहले के मुकाबले कई गुना बढ़ गया है। रिपोर्ट में इन कीटनाशकों के कारण बिहार में हुई 23 बच्चों की मौत की घटना का जिक्र करते हुए लिखा है कि यह बच्चे चावल और आलू की सब्जी खाने के कुछ मिनटों के भीतर ही मर गए थे। यह खाना उन्हें कुपोषण के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार मिडडे मील के तहत दिया गया था। इस भोजन की फोरेंसिक जांच से पता चला था कि इस भोजन को जिस तेल में पकाया गया था उसमें कीटनाशक मोनोक्रोटोफॉस था, जो इन बच्चों की मौत की वजह था। आज न केवल हमारे खेतों बल्कि भोजन, फल, सब्जियों, शहद में भी कीटनाशकों के होने के सबूत मिले हैं। इतना ही नहीं यह जहर हमारे शरीर से लेकर हवा, पानी, पर्यावरण तक में घुल चुका है। सिर्फ इंसान ही क्या इस जहर से दूसरे जीव भी सुरक्षित नहीं है।वैश्विक स्तर पर खेतों में रहने वाली चिड़ियों और तितलियों की आबादी में करीब 30 फीसदी की गिरावट आई है। पता चला है कि कीटनाशकों के चलते यूरोप में 10 में से एक मधुमक्खी पर विलुप्त होने का संकट मंडरा रहा है। यह केमिकल इंसानों में उनकी प्रजनन क्षमता को नुकसान पहुंचाने से लेकर कैंसर जैसी बीमारियों की भी वजह हैं। इतना ही नहीं हाल ही में किए एक अध्ययन से पता चला है कि दुनिया की 64 फीसदी कृषि योग्य भूमि पर कीटनाशक प्रदूषण का खतरा मंडरा रहा है। इसके बावजूद दुनिया भर में इसका उपयोग तेजी से बढ़ रहा है जो कहीं न कहीं इंसान में बढ़ते लालच को दर्शाता है। रिपोर्ट से पता चला है कि 1990 के बाद से दुनिया भर में कीटनाशकों का उपयोग लगभग दोगुना हो गया है। इतना ही नहीं अनुमान है कि इसका वैश्विक बाजार अगले साल तक 10.8 लाख करोड़ रुपए (13,000 करोड़ डॉलर) तक पहुंच जाएगा। पता चला है कि 1990 से 2017 के बीच जहां दक्षिण अमेरिका में कीटनाशकों के उपयोग में 484 फीसदी की वृद्धि हुई है वहीं एशिया में 97 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं संगठन अनअर्थड और पब्लिक आई द्वारा की गयी संयुक्त जांच से पता चला है कि दुनिया की पांच सबसे बड़ी कीटनाशक बनने वाली कम्पनियां अपनी आय का करीब एक तिहाई हिस्सा हानिकारक कीटनाशकों को बेच कर कमा रही हैं, जोकि पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा हैं। इन एग्रोकेमिकल दिग्गजों में बीएएसएफ, बेयर , कोटेर्वा, एफएमसी और सिन्जेंटा शामिल हैं। देखा जाए तो दुनिया भर की जानी-मानी कंपनियां कीटनाशकों के साथ जीएम खेती को भी बढ़ावा दे रही हैं, जो इन कीटनाशकों पर निर्भर हैं। विशेष रूप से यह कंपनियां ऐसे देशों में अपने उत्पाद बेच रही हैं जहां नियम कानून उतने कड़े नहीं हैं।

अर्थव्यवस्था

# ऐतिहासिक ऊंचाई पर शेयर मार्केट के मायने


शशांक भारद्वाज



***भारतीय*** शेयर मार्केट पिछले दो सप्ताह से तो सप्ताह के मध्य में नई ऐतिहासिक ऊंचाई बना रहे हैं परन्तु फिर वहां से अनायास ही 200 से 400 निफ्टी की गिरावट देखने को मिल रही है। पिछले सप्ताह शुक्रवार को निफ्टी ने 22794 का सार्वकालिक उच्च स्तर बनाया एवं फिर वहां से 446 अंक गिर 22348 का निचला स्तर बना 22475 पर बंद हुआ। शुक्रवार को निफ्टी के तेज होने के तो पर्याप्त कारण थे। क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल तक गिर गया था। अमेरिकी शेयर मार्केट के डाउ में भी 298 अंको के तेजी थी। अतः भारतीय शेयर मार्केट की नई ऊंचाई उतनी आश्चर्यजनक नहीं थी परंतु वहां से इतनी बड़ी गिरावट अवश्य आश्चर्यजनक थी। एक बार तो हतप्रभ सी स्थिति थी, बाद में यह बात भी सामने आई कि एक समाचार चैनल में टैक्स नियमों को लेकर किसी परिवर्तन होने की संभावना का ट्वीट आया जिसके कारण घबराहट मची। बाद में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जी का खण्डन भी आया। कारण जो ही बन रहे हों ,भारतीय शेयर मार्केट में पिछले कुछ सप्ताह से कुछ ही मिनटों में अनायास तेज गिरावट दिखती है। अतः फ्यूचर सट्टा के सौदा अतिरिक्त सावधानी के साथ करें, विशेषकर लोकसभा के चुनाव परिणाम आने तक तो अवश्य। वैसे भारतीय अर्थव्यवस्था तो सर्वोच्च गति में है। अप्रैल माह में जीएसटी संग्रह पहली बार 2 लाख से स्तर को पार कर 2 लाख 10 हजार करोड़ रूपए आया है। आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार में बड़ी बढ़त होगी, साथ ही कालेधन मे व्यापार पर और भी अंकुश लगेगा तो जीएसटी में इन स्तरों से भी बड़ा उछाल आएगा। यह भारत की बैलेंस शीट को भी अधिक शक्तिशाली बनाएगा, साथ ही आधारभूत संरचनाओं के लिए भी अधिक धन उपलब्ध करवाएगा। इससे विकसित भारत की आधारशिला निर्मित होगी। यह एक सुखद आर्थिक चक्र बनेगा। भारत में मात्र समृद्धि का विस्तार ही नही हो रहा ,समृद्धि का आकार भी बढ़ रहा है। कारों की बिक्री की श्रेणी में वित्त वर्ष 23 24 में सर्वाधिक उछाल लक्जरी कारों में आया है। महंगे घर कीर्तिमान की संख्या में बिक रहे हैं। इसे दकियानूसी वामपंथी दृष्टिकोण से ले थोथी आलोचना नहीं करनी चाहिए। इसका लाभ अन्य आय के वर्गो को भी मिलता है। समृद्धि रिस कर उन तक भी पहुंचती है। उनकी आय भी बढ़ती है,साधन बढ़ते हैं, परिवार का कोई बच्चा पढ़ लिख कर पूरे परिवार का वर्तमान तथा भविष्य अच्छा कर देता है। वैश्विक शेयर मार्केट,विशेषकर अमेरिकी शेयर मार्केट में अच्छी तेजी आई है। डाउ ने विगत सप्ताह गुरुवार को 322 अंकों की बढ़त दशार्यी तथा शुक्रवार को इस तेजी का विस्तार कर 450 अंकों की और तेजी की। भारत में भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ना चाहिए था परंतु अभी यहां लोकसभा चुनावों के लिए मतदान चल रहा है, इसलिए थोड़ा संभलकर कर चलने का भाव तो है ही। वैसे मार्केट की चाल तथा दिशा यह दर्शा रही कि भारतीय शेयर बाजार के बड़े निवेशक मोदी सरकार की बड़े बहुमत से वापसी के लिए आश्वस्त हैं, नहीं तो मार्केट नई ऊंचाइयां नहीं बनाता रहता। बीच में मत प्रतिशत कम रहने पर कुछ आशंकाएं तैरी थी ,पर चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़े के बाद यह आशंका भी दूर ही हो गई।चूंकि बड़े निवेशकों के पास हजारों, लाखों करोड़ रूपए के शेयर होते हैं, तो इन बड़े निवेशकों का एक अपना यथार्थवादी सूचना तंत्र भी होता है, ऐसा लगता है, यह सूचना तंत्र उन्हें मोदी सरकार वापसी की सूचना ही दे रहा है। तभी खरीदारी चल रही है। साथ में खुदरा घरेलू निवेशक भी उत्साह के साथ मार्केट में डटे हुए हैं भी। भारत में 15 करोड़ डीमैट खाते खुल गए हैं परंतु इनमें 4 करोड़ ही सक्रिय खाते हैं। जब चार करोड़ डीमैट खाते में खुदरा निवेशक एक बड़ी शक्ति बन मार्केट को सहारा दे रहे हैं, तेजी में योगदान दे रहें हैं तो जब ये संख्या 25 से 30 करोड़ सक्रिय खाते तक पहुंचेगी तब भारतीय शेयर मार्केट में बहुत बहुत बड़ी तेजी का अनुमान सहस ही लगाया जा सकता है, तब तक भारतीय अर्थव्यवस्था भी विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होगी। भारतीय शेयर मार्केट का सकारात्मक भाव तभी कुंद हो सकता है जब मोदी सरकार की वापसी न हो। मोदी सरकार की वापसी के पश्चात खुदरा निवेशकों की संख्या में तो आशातीत वृद्धि होगी ही, विदेशी निवेशकों का भी बड़ा धन भारत में आने की संभावना है। अभी एफपीआई के लिए निवेश आकर्षक करने के लिए भी कुछ कदम उठाए गए हैं। पिछले सप्ताह निफ्टी में साप्ताहिक आधार पर मात्र 56 अंको की ही बढ़त आई। ये बढ़त अधिक अच्छी हो सकती थी परंतु शुक्रवार को ऊंचे स्तरों से निफ्टी 319 अंक नीचे बंद हुआ। पिछले सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशकों ने नकद संभाग में 2115 करोड़ रुपए के शेयर बेचे तथापि यह कोई बहुत बड़ी राशि नहीं है। इसमें भी 2931 करोड़ रुपए की बिकवाली शुक्रवार को ही रही। यद्यपि इंडेक्स फ्यूचर में एफआईआई लेवाल रहे। पूरे अप्रैल माह में एफआईआई ने 35692 करोड़ रूपए के शेयर बेचे। मई में भी अभी तक उन्होंने 3356 करोड़ के शेयर बेचें हैं। पूरी इस अवधि में उनकी इस बड़ी बिकवाली के पश्चात भी भारतीय शेयर मार्केट ने नई ऊंचाई बनाई जो इसकी अंतर्निहित शक्ति का परिचायक है। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने पिछले सप्ताह 4162 करोड़ रूपए के शेयर नकद संभाग में खरीदे। डीआईआई 22 अप्रैल से लगातार प्रतिदिन क्रय कर रहें हैं। यह उनके पास धन की उपलब्धता तथा भारतीय शेयर मार्केट में उनके विश्वास को भी दर्शाता है। क्रूड के मूल्य जो एक समय 90 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर चले गए थे, पिछले सप्ताह बड़ी गिरावट के साथ 82.78 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। यह भारत के लिए सुखद संदेश है। साथ ही भारत में रूस से तेल की बड़ी खरीद पुनः प्रारंभ कर दी है। डॉलर इंडेक्स भी 106.36 के ऊपरी स्तर से गिर 104.96 आया है। यूएस बॉन्ड यील्ड भी गिर कर 4.509 हो गया है। यह सभी इक्विटी में निवेश के लिए लाभदायक है। यदि सोमवार को मार्केट तेज होते हैं, फिर कोई अप्रत्याशित गिरावट नहीं आती तो निफ्टी 23000 की ओर बढ़ सकता है। पीएसयू बैंक का एनपीए दशक के न्यूनतम स्तर स्तरों पर है। अतः ये एक अच्छा निवेश हो सकते हैं। गिरावट पर अच्छे शेयर इक्कठे करने चाहिए। मोदी 3.0 में इनमे और भी बहुत अच्छा प्रतिफल प्राप्त हो सकता है। मोदी सरकार के 10 वर्षों में शेयर मार्केट के विभिन्न आयामों में एक दृष्टि डालें।

| वर्ष 2014 |
|---|
| सेंसेक्स 25000 |
| म्यूचुअल फंड एएमयू 10 लाख करोड़ |
| एसआईपी 1200 करोड़ रुपए प्रति माह |
| डीमैट खाते 2.3 करोड़ |
| वर्ष 2024 |
| सेंसेक्स 75000 |
| म्यूचुअल फंड 54 लाख करोड़ रुपए |
| डीमैट खाते 15 करोड़ |

**इससे आप उनके 10 वर्ष के कार्यकाल में शेयर मार्केट में कई गुणा वृद्धि का सहज अनुमान लगा सकते हैं। स्मरण रखें ,शेयर मार्केट में वृद्धि मात्र एक संख्या नहीं होती है,यह एक संपत्ति का निर्माण होता है।**

## आपकी बात



### क्या एनडीए सरकार को उनके कामों के लिए एक और मौका मिलना चाहिए?


डॉ. मनमोहन प्रकाश

***हमारे*** देश में पिछले दस वर्षों से एनडीए सरकार है, जिसका दूसरा कार्यकाल समाप्त होने को है। अब हमें तय करना है कि आगामी पांच वर्षों के लिए किस गठबंधन की सरकार को चुनें? लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। दो चरणों का मतदान हो चुका है, पांच चरणों में मतदान होना अभी शेष है। निर्वाचन में प्रमुख रूप से जहां एक ओर एनडीए गठबंधन है तो दूसरी तरफ आईएनडीआईए गठबंधन है, जो पहली बार एकजुट हुआ है, सत्तारूढ़ गठबंधन को मात देने की नीयत से बनाया गया है। यह नवीन गठबंधन लोकसभा में कितना सफल होगा यह चुनाव के नतीजों से ही पता चल सकेगा। आज जनता के समक्ष बड़ी असमंजस की स्थिति है - यदि इस नवीन गठबंधन की सरकार बनती है तो उसका प्रधानमंत्री कौन होगा? इस गठबंधन की कार्यशैली कैसी होगी? देश के दीन, दुःखी, गरीब, वंचित, शोषित तथा आरक्षित वर्ग के लिए नीतियां क्या होंगी? विदेश नीति कैसी होगी?, विकास के बारे में दृष्टिकोण कैसा होगा?, नक्सलवाद तथा आतंकवाद के खिलाफ रणनीति क्या होगी? आर्थिक नीति कैसी होगी? राष्ट्रवाद, अलगाववाद,अल्पसंख्यक , आरक्षण आदि के बारे में क्या रुख रहेगा?, देश की आतंरिक समस्याओं यथा प्रदूषण, बेरोजगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा, महंगाई, मूलभूत सुविधाओं की आपूर्ति पर क्या सोच रहने वाला है? सरकार की प्राथमिकताएं क्या होंगी ? आदि के बारे में स्पष्ट रूप से अभी कहना कठिन है। यद्यपि आईएनडीआईए के सहयोगी पार्टियों के अलग अलग घोषणा पत्र से कुछ अनुमान लगाया जा सकता है। उसमें कितनी घोषणाएं धरातल पर उतरेंगी कहना मुश्किल है। वहीं दूसरी ओर एनडीए सरकार पिछले दस वर्षों से काम कर रही है। उसकी नीतियों जैसे सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, एक राष्ट्र, एक विधान, एक निशान के लिए कार्य करते हुए संविधान से धारा 370 और 26 ए को हटाना, तीन तलाक को समाप्त करना, यूनिफॉर्म सिविल कोड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर, राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर ,नागरिक संशोधन कानून के प्रति संकल्पबद्ध रहना; देश प्रथम की नीति को अमल में लाना; भारत को विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने के बाद तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लिए संकल्प के साथ आगे बढ़ना, सशक्त विदेश नीति - जिसका लोहा आज विश्व के सभी देश मान रहे हैं, जिसके तहत विदेशों में फंसे भारतीयों को सकुशल भारत लाया गया, पाकिस्तान और चीन को मुंहतोड़ जवाब दिया गया।

चुनाव

# कांग्रेस की दिशाहीनता एवं बढ़ता पलायन


ललित गर्ग


***लोकसभा*** के चुनाव उग्र से उग्रतर होते जा रहे हैं, लोकतंत्र के महायज्ञ की 7 मई को आधी से ज्यादा आहुति पूरी होने वाली है, पहले चरण में 102 और दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हो चुका है। तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके बाद 543 में से आधे से अधिक यानी 284 सीटों पर मतदान पूर्ण हो जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने कांग्रेस की नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक, तीक्ष्ण एवं तीखे आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी में लगातार हो रही टूट एवं पार्टी छोड़ने के कांग्रेसी नेताओं के सिलसिले को रोक नहीं पा रही है। इस बड़े संकट से बाहर निकलने का रास्ता कांग्रेस को नहीं सूझ रहा है। कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' को खजुराहो में झटका लगा था, जहां आपसी समझौते के चलते यह सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से दो- खजुराहो और इंदौर ऐसी है जहां से कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने 'नाइंसाफी' के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं। पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता महंती ने यह कहते हुए टिकट लौटा दिया कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए कमजोर उम्मीदवार उतारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में राजनीतिक अपरिपक्वता, दिशाहीनता एवं निर्णय-क्षमता का अभाव है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस कई राज्यों में बेमन से चुनाव लड़ रही है। आज के परिदृश्यों में कांग्रेस अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी है। चुनाव प्रचार हो या उम्मीदवारों का चयन, राजनीतिक वायदें हो या चुनावी मुद्दें हर तरफ कांग्रेस कई विरोधाभासों से घिरी है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने 'नाइंसाफी' के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं।**

## फेसबुक वॉल से




## X- से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# 'राहुल गांधी, आसान नहीं रायबरेली की डगर...!'


सुरेश हिंदुस्तानी

***कांग्रेस*** नेता राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव न लड़ पाने की हिम्मत के बाद आखिर परम्परागत रायबरेली से नामांकन दाखिल कर दिया। यह बात सही है कि राहुल गांधी के अमेठी छोड़ने के बाद कांग्रेस राजनीति में कोई ठोस सन्देश देने में सफल नहीं हो रही थी, जिसके कारण कांग्रेस के कई नेता अमेठी के बारे में बोलने से किनारा करने लगे थे। अब राहुल गांधी अपने दादा फिरोज खान, दादी इंदिरा गांधी और मां सोनिया गांधी की विरासत को बचाने के लिए मैदान में आ गए हैं। यहां सवाल यह नहीं हैं कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस ने रायबरेली को क्यों चुना, बल्कि सवाल यह है कि राहुल गांधी ने अमेठी को क्यों छोड़ा। क्या वास्तव में राहुल गांधी को फिर से अपनी पराजय का डर लगने लगा था? अगर यह सही है तो फिर ऐसा क्यों है कि राहुल गांधी हर बार अपने लिए सुरक्षित स्थान की तलाश क्यों करते हैं। उल्लेखनीय है कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अमेठी में अपनी जमीन खिसकती दिखाई दी, तब उन्होंने एकदम सुरक्षित लगने वाली सीट केरल की वायनाड को चुना। वहां से चुनाव जीते जरूर, लेकिन अमेठी की हार कांग्रेस परिवार की हार थी, जिसे कांग्रेस आज तक भुला नहीं पाई है। ऐसे में कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ाना खतरे से खाली नहीं था। कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के नामांकन जमा करने के समय जिस प्रकार से बड़े नेताओं का जमघट लगा, वह भले ही जनता में प्रभाव डालने के लिए किया हो, लेकिन इससे यह भी राजनीतिक सन्देश सुनाई दे रहा है कि अब रायबरेली की सीट भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। यह इसलिए भी कहा जा सकता है कि वहां लगभग सभी बड़े नेता उपस्थित हुए। यहां तक कि प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रोबर्ट वाड्रा भी कांग्रेस के विरासती राजनेता के तौर पर उपस्थित हुए। ऐसे में एक सवाल यह भी आता है कि एक ही परिवार के चार व्यक्तियों को कांग्रेस के बड़े नेताओं के रूप में प्रचारित करना निसंदेह कांग्रेस पर परिवारवादी होने को ही प्रमाणित करता है। जिस परिवारवाद के आरोप के कारण कांग्रेस असहज हो जाती है, आज कांग्रेस ने फिर से उसी रास्ते पर कदम बढ़ाने को अपनी नियति मान लिया है। हालांकि कांग्रेस ने आनन-फानन में राहुल गांधी को रायबरेली से उम्मीदवार बनाकर यह तो सन्देश दिया ही है कि भारत में रायबरेली ही राहुल गांधी के लिए सबसे सुरक्षित लोकसभा सीट है। यहां कांग्रेस का परम्परागत मतदाता है, वहीं यह क्षेत्र नेहरू-गांधी परिवार की विरासत भी है। कहा जाता है कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति अगर अपनी विरासत को विस्मृत कर देता है, तो उसे नए सिरे से अपनी जमीन तैयार करनी पड़ती है। और अगर विरासत के आधार पर अपने कदम बढ़ाता है तो उसकी आधी राह आसान हो जाती है। राहुल गांधी के सामने तमाम सवाल होने के बाद भी ऐसा लगता है कि उन्होंने अपनी आधी बाधा को पार कर लिया है। रायबरेली को कांग्रेस का गढ़ इसलिए भी माना जाता है कि क्योंकि यहां से इंदिरा गांधी के पति फिरोज खान दो बार सांसद रहे, उसके बाद इंदिरा गांधी भी सांसद रहीं। अब पिछले पांच बार से सोनिया गांधी लोकसभा का चुनाव जीती हैं। मजेदार बात यह भी है कि वर्ष 1977 के आम चुनाव में जनता लहर में इंदिरा गांधी को भी पराजय का दंश भोगना पड़ा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

## हनुमानगढ़ी के इतिहास की 5 खास रोचक बातें

4. कहते हैं कि अयोध्या के महंत बाबा अभयराम ने नवाब शुजाउद्दौला (1739-1754) के शहजादे की जान बचाई थी। जब वैद्य और हकीम ने हाथ टेक दिए थे तब कहते हैं कि नावाब के मंत्रियों ने अभयरामदास से मिन्नत की थी कि एक बार आकर नवाब के पुत्र को देख लें। फिर बाबा अभयराम ने कुछ मंत्र पढ़कर हनुमानजी के चरणामृत का जल छिड़का था जिसके चलते उनके पुत्र की जान बच गई थी। नवाब ने प्रसन्न होकर बाबा से उस समय कहा कि कुछ मांग लीजिये। तब बाबा ने कहा कि हम तो साधु है हमें क्या चाहिए। हनुमानजी की कृपा से आपका पुत्र ठीक हुआ है यदि आपकी इच्छा हो तो हनुमान गढ़ी बनवा दीजिये। तब नवाब ने इसके लिए 52 बीघा भूमि उपलब्ध करवाई थी। यह भी कहा जाता है कि इस मंदिर के लिए भूमि को अवध के नबाव ने दी थी और लेकिन लगभग दसवीं शताब्दी के मध्य में उनकी रखैल के द्वारा बनवाया गया था। हालांकि कुछ लोग इस घटना को लखनऊ और फैजाबाद के प्रशासक सुल्तान मंसूर अली से भी जोड़कर देखते हैं। लेकिन यह भी कहा जाता है कि 300 साल पूर्व संत अभयारामदास के सहयोग से हनुमान मंदिर का विशाल निर्माण संपन्न हुआ था। संत अभयारामदास निवार्णी अखाड़ा के शिष्य थे।



**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

### जी बोर्ड टिप्स और ट्रिक्स जो टाइपिंग को आसान बनाते है



***यदि*** आप मेरे जैसे हैं, जो टाइप करने के लिए एक विशाल उपकरण पकड़कर थक गए हैं, तो जी बोर्ड के फ्लोटिंग मोड को आजमाना सुनिश्चित करें। जैसा कि नाम से पता चलता है, फ्लोटिंग की बोर्ड को स्क्रीन पर कहीं भी रखा जा सकता है और आपकी पसंद के अनुसार इसका आकार बदला जा सकता है। 'फ्लोटिंग मोड का उपयोग करने के लिए, बस जी बोर्ड शीर्ष पंक्ति से सबसे बाईं ओर के बटन पर टैप करें और 'फ्लोटिंगट विकल्प चुनें। इसे अक्षम करने के लिए, उसी प्रक्रिया का पालन करें और आप जाने के लिए तैयार हैं।

**जैसे ही आप टाइप करें संदेशों का अनुवाद करें**

क्या आप किसी ऐसे व्यक्ति को संदेश भेजने का प्रयास कर रहे हैं जो आपकी टाइप की गई भाषा नहीं समझता या जिस भाषा में बात करता है उसे नहीं समझता? जी बोर्ड का लाइव ट्रांसलेशन फीचर आपकी परेशानियों का जवाब हो सकता है। यह कार्यक्षमता बस एक क्लिक की दूरी पर है और गूगल ट्रांसलेट ऐप खोले बिना आपके टेक्स्ट का अनुवाद करने के सबसे आसान तरीकों में से एक है।

**(समाप्त)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# भारतीय महिला और पुरूष रिले टीम ने किया पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की पुरुष एवं महिला वर्ग की रिले टीम ने क्वालीफाई कर लिया है। 4 गुणा 400 मीटर रिले टीमों (महिला और पुरुष दोनों) ने सोमवार को बहामास के नासाऊ में आयोजित विश्व एथलेटिक्स रिले में अपने-अपने दूसरे दौर की हीट में दूसरा स्थान हासिल कर




पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

महिलाओं के टूर्नामेंट की हीट नंबर एक में जमैका (3:28.54) पहले स्थान पर रही, जबकि रूपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और सुभा वेंकटेशन दूसरे स्थान पर रहीं और पेरिस खेलों के लिए टिकट हासिल किया। पुरुषों की टीम, जिसमें मुहम्मद अनस याहिया, मुहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोज जैकब शामिल हैं, 3 मिनट और 3.23 सेकंड के संयुक्त समय के साथ अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रही। पहले स्थान पर यूएसए (2:59.95) की टीम रही। दूसरे दौर के दौरान तीनों हीट में सर्वोच्च स्थान पाने वाली दो टीमें ओलंपिक में प्रवेश करेंगी, जो 26 जुलाई से 11 अगस्त तक चलेगा। रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में भारतीय महिला टीम 3 मिनट और 29.74 सेकंड के समय के साथ सातवें स्थान पर रही। पुरुष टीम पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट पूरी नहीं कर पाई, क्योंकि दूसरे चरण के धावक राजेश रमेश बीच में ऐंठन के कारण हट गए। इसके साथ भारत के 19 ट्रैक और फील्ड प्रतियोगी पेरिस जा रहे हैं, जिनमें भाला फेंक के मौजूदा चैंपियन नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक की एथलेटिक्स स्पधाएं एक अगस्त से शुरू होंगी।

## आद्या बुधिया का चयन 31 वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए हुआ



**रांची।** रांची की आद्या बुधिया का चयन 31st एशियाई जूनियर इंडिविजुअल स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए किया गया। इस्लामाबाद पाकिस्तान में 25 जून से शुरू होने वाली प्रतियोगिता में आद्या बुधिया भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। जो 25 से 29 जून तक चलेगा, गर्ल्स अंडर 13 आयु वर्ग के खिलाड़ी आध्या बुधिया ने इसके लिए एशियाई जूनियर इंडिविजुअल ट्रायल सेलेक्शन में भाग लिया। जो दिनांक 2 से 5 मई तक चला, गर्ल्स अंडर 13 में टॉप 7 खिलाड़ियों को ट्रायल सेलेक्शन में बुलाया गया था जिसमें आध्या बुधिया ने अपनी अच्छी परफॉमेंस करते हुए टॉप 1 में स्थान प्राप्त की। आध्या झारखंड बिशप वेस्टकोट गर्ल्स नामकुम रांची से अपनी पढ़ाई कर रही है और क्रास कोर्ट स्क्वैश क्लब की खिलाड़ी है जहां से वह स्क्वैश की ट्रेनिंग ले रही है। उनके कोच पुनीत पारीक नितेश पाल विजय उरांव उदय चंद्र राय और श्वेता बुधिया ने बधाई दी।

## टी20 विश्व कप को मिली आतंकवादी धमकी

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप को आतंकवादी धमकी मिली है। त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री कीथ रोले ने इसका खुलासा किया जबकि आईसीसी ने कहा है कि एक जून से शुरू हो रहे टूर्नामेंट की सुरक्षा के लिए व्यापक और मजबूत योजना बनाई गई है। एक जून से होने वाले टी20 विश्व कप में भारत समेत 20 टीमें भाग ले रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार धमकी वेस्टइंडीज को मिली है। वेस्टइंडीज में प्रारंभिक दौर के कुछ मैचों के अलावा पूरा सुपर आठ चरण, सेमीफाइनल और फाइनल खेला जाएगा। रोले ने त्रिनिदाद डेली एक्सप्रेस' से कहा, यह दुर्भाग्य की बात है कि 21वीं सदी में भी दुनिया में आतंकवाद का खतरा अलग अलग रूपों में बना हुआ है।' उन्होंने किसी संगठन का नाम नहीं लिया लेकिन रपटों में कहा गया है कि इस्लामिक स्टेट ने अपने चैनल के जरिए यह धमकी दी है।

# हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम घोषित की

### ज्योति सिंह होंगी कप्तान तथा उप-कप्तान बनी साक्षी राणा

### 21 से 29 मई के बीच यूरोप का दौरा करेगी टीम



- **गोलकीपर : अदिति माहेश्वरी, निधि।**
- **डिफेंडर : ज्योति सिंह (कप्तान), लालथंतलुआंगी, अंजलि बरवा, पूजा साहू, ममिता ओरम, निरुकुल्लू।**
- **मिडफील्डर : क्षेत्रीमयुम सोनिया देवी, रजनी केरकेट्टा, प्रियंका यादव, खैदेम शिलेइमा चानू, साक्षी राणा (उपकप्तान), अनिशा साहू, सुप्रिया कुजूर।**
- **फॉरवर्ड : बिनिमा धान, हिना बानो, लालरिनपुई, इशिका, संजना होरो, सोनम, कनिका सिवाच।**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने सोमवार को भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की, जो 21 से 29 मई 2024 के बीच यूरोप का दौरा करेगी। टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड की दो क्लब टीमों ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश और ओरांजे रूड के खिलाफ तीन देशों में छह मैच खेलेगी।

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में मैच खेलेगी। भारतीय टीम अपना पहला मैच 21 मई को ब्रेडा में ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ खेलेगी और उसके बाद 22 मई को उसी स्थान पर बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।

इसके बाद भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम दूसरी बार बेल्जियम के साथ खेलेगी, लेकिन इस बार बेल्जियम 24 मई को मेजबान के तौर पर खेलेगा।

इसके बाद 26 मई को ब्रेडा में और 27 मई को जर्मनी के खिलाफ क्रमशः लगातार मैच होंगे। इसके बाद टीम 29 मई को ओरांजे रूड के खिलाफ दौरे का अपना अंतिम मैच खेलने के लिए ब्रेडा लौटेगी।

टीम की कमान डिफेंडर ज्योति सिंह संभालेंगी जबकि मिडफील्डर साक्षी राणा को उनकी डिप्टी बनाया गया है। अदिति माहेश्वरी और निधि गोलकीपिंग विभाग संभालेंगी जबकि ज्योति सिंह, लालथंतलुआंगी, अंजलि बरवा, पूजा साहू, ममिता ओरम और नीरू कुल्लू डिफेंस की जिम्मेदारी संभालेंगी। कप्तान ज्योति सिंह ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, "टीम में बहुत अच्छा तालमेल है। हम सभी ने शिविर के दौरान एक-दूसरे को अच्छी तरह से जाना है। यहां हर कोई बहुत कुशल और प्रतिभाशाली है। विदेश में अन्य शीर्ष-गुणवत्ता वाली टीमों के खिलाफ खेलना मजेदार और सीखने का अच्छा अनुभव होगा।"

उप-कप्तान साक्षी राणा ने कहा, "अन्य देशों की अच्छी टीमों के खिलाफ खेलने से खेल के विभिन्न तरीकों की समझ विकसित करने में मदद मिलती है। इस तरह का एक्सपोजर टूर हम सभी को अपने खेल को अगले स्तर पर ले जाने का शानदार अवसर प्रदान करता है।"

## राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप ने की आत्महत्या


फाईल फोटो

**पटियाला :** राष्ट्रीय स्तर की हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप कौर ने कथित तौर पर अपने भाई और भाभी से झगड़े के बाद पंजाब के भाखड़ा नहर में कूदकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पिता की शिकायत पर भाई और भाभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सुमनदीप के पिता जसपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी पंजाब यूनिवर्सिटी में एमए की पढ़ाई कर रही थी। वह अपने बेटे विक्रमजीत सिंह और उसकी पत्नी पिंकी की ओर से सुमनदीप के साथ दुर्व्यवहार से व्यथित हैं। पुलिस ने कहा कि सुमनदीप के भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि पिंकी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने सुमनदीप का शव बरामद कर लिया है तथा मामले की जांच कर रही है।

# आइपीएल : झारखंड से पांच खिलाड़ी, चार को मिला मौका

### मात्र ईशान किशन ने ही लगाया है एक अर्द्धशतक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल-2024) में इस बार झारखंड के पांच खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसमें चार तो खेल रहे हैं एक चोट लगने की वजह से आइपीएल में भाग नहीं ले सके। जो चार खिलाड़ी खेल रहे हैं उन्होंने अब तक आंकड़ों की दृष्टि से कोई खास प्रदर्शन नहीं किया है। हां धौनी ने जरूर एक-दो मैचों में शानदार फिनिशर की भूमिका निभाई। झारखंड के एक मात्र खिलाड़ी इशान किशन के द्वारा आईपीएल में एक अर्द्धशतक लगाया गया है। इस वर्ष






आइपीएल में राज्य के तीन नये खिलाड़ियों को भी टीमों ने चुना था।

**कुशाग्र और अनुकूल राय को तीन-तीन मैच में मिला मौका**

पहली आइपीएल खेल रहे कुमार कुशाग्र को दिल्ली कैपिटल ने तीन मैच खेलने का मौका दिया है। तीन मैच में कुमार कुशाग्र ने एक रन बनाया है। बोकारो के रहनेवाले बैटर-विकेटकीपर कुमार कुशाग्र को दिल्ली कैपिटल ने 7.20 करोड़ रुपये में खरीदा है। इसी साल गुजरात टाइटंस के लिए चुने गये सुशांत मिश्रा को अब तक एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला है। सुशांत मिश्रा को गुजरात टाइटंस ने 2.20 करोड़ रुपये में खरीदा है। गुजरात टाइटंस के लिए चुने गये रॉबिन मिंज घायल होने के कारण टीम का हिस्सा नहीं बन सके हैं। 21 साल के रॉबिन को गुजरात ने 3.30 करोड़ रुपये में खरीदा है। 2019 से आइपीएल का हिस्सा बने अनुकूल राय को अब तक केकेआर ने तीन मैचों में उतारा है। अनुकूल ने अब तक एक भी विकेट नहीं लिया है। उसे पांच ओवर से कुछ अधिक बॉलिंग करने का मौका मिला है। उन्हें एक मैच में बैटिंग का भी मौका मिला है। अनुकूल ने नॉट आउट तीन रन बनाये हैं।

**11 मैच में धौनी ने बनाये 110 रन**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रहे महेंद्र सिंह धौनी इस वर्ष आइपीएल में चेन्नई सुपर किंग की कप्तानी नहीं कर रहे हैं। धौनी 2024 में अब तक 11 मैच खेल चुके हैं। इसमें 110 रन बनाये हैं। 2008 से आइपीएल खेल रहे धौनी अब तक 261 आइपीएल मैच खेल चुके हैं। इस वर्ष सात बार नॉट आउट रहे हैं, उनका औसत 110 से ऊपर है।

## नेशनल कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की जारी हुई लिस्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड ने अपने खिलाड़ियों का लिस्ट जारी किया । इसमें वही जगह बना पाए जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था। झारखंड स्टेट जूनियर, कैडेट, अंडर 21 एवंम सीनियर कराटे चैंपियनशिप 2024 में गोल्ड मेडल जीतने में सफलता प्राप्त कर पाए थे । ये सभी प्लेयर्स नेशनल चैम्पियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**जो इस प्रकार है**

अलीशा केरकेट्टा, मुकेश बोदरा, चन्द्रप्रकाश उपाध्याय, अंकित धान, राजा घोष, निराली गुरिया, बालाजी होरो, विवेक कच्छप, संजय कुमार, प्रियंका कुमारी, रिया कुमारी, स्वेता कुमारी, आहना मंडल, अंशु मिश्रा, अमृत मुंडा, अमर उरांव, प्रिशा पंकज, सृष्टिपत पिंगुआ, आर्यन प्रमाणिक, दिव्यांश श्रीवास्तव , ऋषि राज सिंह, सलोमी बालमुचू स्नेहा, अभिषेक तिरु,संदीप टोपनो,शीतल टोपनो, तवीशी वर्मा, जॉनसन खेस।

प्रतियोगित देहरादून में 9 मई से 12 मई तक कराटे आयोजित की गई है। ऑफिशियल्स 8 मई को रिपोटिंग करेंगे। स्पोर्ट्स कराटे ऐसोसिएशन के सी ई वो सेंसाई के के सिंह, अध्यक्ष हांसी मानस सिन्हा ,सचिव सेंसाई हेजाज अकसद , राष्ट्रीय कोच शिहान रंजीत मेहता, राष्ट्रीय रेफरी कोशी नरेंद्र सिन्हा,शिहान शशि पांडे,सेंसाई धनंजय श्रीवास्तव, सेंसाई उदय कुमार ने सभी खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन करने कि अग्रिम शुभकामनाएं दिए है।

### टेस्ला सीईओ एलन मस्क का ऐलान

## डीपफेक-शैलोफेक के खतरों को मात देगा एक्स का नया अपडेट

**नई दिल्ली।** डीपफेक के कई मामलों ने दुनियाभर में काफी सुर्खियां बटोरी हैं। वहीं कई एक्सपर्ट्स व सेलेब्रिटीज ने इस मसले पर अपनी-अपनी चिंताएं भी व्यक्त की हैं। डीपफेक के खतरे को मात देने के लिए अब दिग्गज सोशल मीडिया कंपनी के सीईओ ने अपेडट दी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि एक्स पर इम्प्रूव्ड इमेज मैचिंग का एक नया अपडेट लॉन्च किया जा रहा है जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डीपफेक के साथ-साथ शैलोफेक की भी निगरानी करेगा। एक्स ने एक पोस्ट में कहा कि, हमने अभी अपडेट जारी किया है, जो किसी भी फर्जी इमेज की निगरानी करेगा। मस्क ने कहा कि इस कदम से डीपफेक को हराने में मदद मिलेगी। शैलोफेक्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या अक की मदद के बिना तैयार की गई फोटोज, वीडियो और वॉयस क्लिप हैं, और व्यापक रूप से उपलब्ध एडिटिंग और सॉफ्टवेयर टूल का इस्तेमाल करते हैं। बता दें कि देश में इन दिनों चुनावी मौसम चल रहा है। ऐसे में एक्सपर्ट्स ने फर्जी खबरों और डीपफेक के प्रसार के बारे में चेतावनी दी है, जिसका उद्देश्य चुनाव को प्रभावित करना है। इंडिपेंडेंट ओवरसाइट बोर्ड ने वैश्विक चुनावों को खतरे में डालने वाले डीपफेक से निपटने के लिए तत्काल कार्वाई का आह्वान किया है।

## सरकार की इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण पीएलआई विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता खत्म करेगी

**नई दिल्ली।** सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण के लिए मानक बनाने की कवायद शुरू कर दी है। उद्योग हितधारकों ने सोमवार को कहा कि यह कदम 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने व निर्यात को और बढ़ाने के लिए एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। आईटी मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक्स घटक क्षेत्र के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना तैयार करने के लिए विभिन्न हितधारकों से उनके दृष्टिकोण मांगे हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि इस कदम से मूल उपकरण निमार्ताओं (ओईएम) की अपने उत्पादों के लिए विभिन्न घटकों और उप-असेंबली की खरीद के लिए चीन और वियतनाम जैसे देशों पर निर्भरता कम हो जाएगी। ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रबंध निदेशक ए. गुरुराज ने आईएएनएस को बताया, ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड देश में संपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक्स पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए सरकार के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। गुरुराज ने कहा, रहम देश में इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माण के लिए पीएलआई योजना का विस्तार करने के सरकार के प्रस्ताव का स्वागत करते हैं, जो वास्तव में आत्मनिर्भर भारत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। सरकार के इस कदम से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा होंगे।

# अगले महीने भारत में बजाज लांच करेगी दुनिया की पहली सीएनजी मोटरसाइकल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय बाजार में सबसे सस्ती 400 सीसी मोटरसाइकल पल्सर एनएस400जी लॉन्च करने के बाद बजाज ऑटो ने एक ऐतिहासिक घोषणा की है। बजाज ऑटो लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव बजाज ने घोषणा की है कि आगामी 18 जून को भारत में दुनिया की पहली सीएनजी मोटरसाइकल लॉन्च होगी, जिसे उनकी टीम में ग्राहकों को किफायती और बेहतर प्रोडक्ट देने के वादे के साथ तैयार किया है।

इसके साथ ही राजीव बजाज ने यह भी कहा कि बजाज की आगामी सीएनजी बाइक की रनिंग कॉस्ट पेट्रोल से चलने वाली बाइक के मुकाबले कम होगी और यह पर्यावरण के लिए भी बेहतर है।

**प्लैटिना सीएनजी आ सकती है!**

लंबे समय से हम सब सुनते आ रहे हैं कि बजाज ऑटो टू-व्हीलर इंडस्ट्री में कुछ ऐसा करने जा रही है, जो कि अब तक किसी ने नहीं किया। अब दुनिया की पहली सीएनजी बाइक लाने की घोषणा के बाद इसपर मुहर लग गई है। माना जा रहा है कि यह प्लैटिना सीरीज के तहत 100 सीसी या 110 सीसी सेगमेंट में आ सकती है, जिसकी माइलेज काफी जबरदस्त होने की संभावना है। बजाज के आगामी सीएनजी मोटरसाइकल में सीएनजी सिलिंडर का सेटअप ऐसे किया जा सकता है।

**परफॉर्मेंस भी बेहतर मिले**

बजाज ऑटो का सीएनजी बाइक लॉन्च करना न केवल भारत में परिवहन के क्षेत्र में क्रांति लाने की क्षमता रखता है, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ पहुंचा सकता है। दरअसल, इसके काफी सारे फायदे हो सकते हैं, जिनके बारे में हम आपको एक-एक करके बताने जा रहे हैं।

**पेट्रोल की तुलना में कम खचीर्ला**

सीएनजी पेट्रोल की तुलना में काफी सस्ता होगा, जिससे मोटरसाइकल चलाने की लागत कम हो सकती है।

**ज्यादा माइलेज**

सीएनजी से चलने वाली बाइक्स पेट्रोल मोटरसाइकलों की तुलना में ज्यादा माइलेज देने में सक्षम होंगी, जिससे ईंधन खर्च कम हो सकता है।

## जेएनयू में पीजी कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू



**एजेंसी। नई दिल्ली**

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने विभिन्न विशेषज्ञताओं में मास्टर ऑफ आर्ट्स (एमए), मास्टर ऑफ साइंस (एमएससी), और मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) सहित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण विंडो खोल दी है। इच्छुक उम्मीदवार विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर पाठ्यक्रमों के लिए अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। पीजी पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27 मई, 2024 रात 11.50 बजे तक है।

### जेएनयू पीजी 2024 एडमिशन योग्यता

एमए पाठ्यक्रमों के लिए आवदेन करने वाले छात्रों के लिए पात्रता मानदंड यह है कि उम्मीदवार के पास यूजीसी से मान्यता प्राप्त संस्थान से शिक्षा के 10+2+3 पैर्टन में तकरीबन 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक की डिग्री होनी चाहिए।

## सिप्ला व ग्लेनमार्क ने अमेरिका से दवाएं वापस मंगाई

**नई दिल्ली।** दवा निमार्ता कंपनी सिप्ला और ग्लेनमार्क ने विनिर्माण संबंधी समस्याओं के कारण अमेरिकी बाजार से अपनी दवाएं वापस ले लीं हैं। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, न्यू जर्सी में सिप्ला की सहायक कंपनी इप्राट्रोपियम ब्रोमाइड और एल्ब्युटेरोल सल्फेट इनहेलेशन सॉल्यूशन के 59,244 पैक वापस ले रही है। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने कहा, "रिस्प्यूल्स में कम मात्रा भरने और थैली में कुछ लिक्विड देखे जाने की शिकायतें मिलीं।"

# कम चलायें गर्मी में सीएनजी कार नहीं तो हो सकता है नुकसान

**एजेंसी/नई दिल्ली। गर्मी का मौसम आ चुका है और ऐसे में सीएनजी कार चलाते समय कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि ये बातें आपकी कार के साथ ही आपके हेल्थ के लिए बेहद जरूरी हैं। गर्मी में जिस तरह आप तपते हैं, उसी प्रकार गाड़ी भी तपती है और ऐसे में कई बार नुकसान सी स्थिति बन जाती है। हालांकि, सीएनजी कारें पेट्रोल और डीजल कारों की तुलना में ज्यादा सुरक्षित मानी जाती हैं, लेकिन फिर भी गर्मी के मौसम में कुछ सावधानियां बरतनी जरूरी होती हैं।**

**टायर प्रेशर का जरूर रखें ध्यान**

गर्मी में टायर का प्रेशर कम हो जाता है। ऐसे में हर हफ्ते टायरों की जांच करें और मैन्युफैक्चरर्स द्वारा टायरों के लिए बताए गए प्रेशर के अनुसार हवा भरें। कम प्रेशर से टायर फटने का खतरा बढ़ जाता है।

**इंजन ऑयल**

गर्मी में इंजन ऑयल पतला हो जाता है। ऐसे में कार कंपनी द्वारा बताए गए ग्रेड का इंजन ऑयल इस्तेमाल करें और समय-समय पर इसकी जांच करवाते रहें, जिससे इंजन को किसी प्रकार का नुकसान ना हो।



**सीएनजी टैंक**

सीएनजी टैंक को सीधी धूप से बचाकर रखें। कार को हमेशा छाया वाली जगह पर पार्क करें या फिर टैंक पर सनस्क्रीन कवर लगाएं। यह सुनिश्चित करें कि आपकी कार का सीएनजी टैंक अच्छी स्थिति में है और उसमें कोई रिसाव नहीं है। तेज गर्मी से टैंक में मौजूद गैस का दबाव बढ़ सकता है, जिससे रिसाव होने का खतरा बढ़ जाता है।

**कूलिंग सिस्टम**

अपनी कार के कूलिंग सिस्टम की जांच करवाते रहें और अगर जरूरी हो तो इसमें पानी और कूलेंट भरवाएं। पंखे और रेडिएटर की भी जांच करवा लें तो आपके और आपकी कार के लिए बेहतर रहेगा।

**एयर कंडीशनिंग**

एयर कंडीशनिंग सिस्टम को ठीक से काम करने के लिए सर्विस करवाएं। साथ ही एयर फिल्टर को भी नियमित रूप से बदलें। कार के अंदर एसी सही से चलता रहे तो फिर आप बहुत सी परेशानियों से बच सकेंगे।

**ब्रेक**

ब्रेक ऑयल की जांच करवाएं और अगर जरूरत हो तो इसे बदलवा लें। ब्रेक पैड की भी जांच करवा लें।

**इलेक्ट्रिकल सिस्टम**

कारों में बैटरी, वायरिंग और अन्य इलेक्ट्रिकल कॉम्पोनेंट्स की रेगुलर जांच करवाते रहें, जिससे कि आपकी कार का सेहत सही रहे।

## एक नजर

### जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के सिमरी गांव निवासी पप्पू भुइयां उम्र 25 वर्ष परिवारिक विवाद में आकर सोमवार की सुबह चूहा मारने का दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सोमवार की सुबह किसी बात को लेकर पप्पू भुइयां का अपने परिवार के सदस्यों से बहस हो गया। इस बीच गुस्से में आकर वह घर में रखे चूहा मारने वाले दवा का सेवन कर लिया। जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मनातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।

### पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को किया जब्त

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के निर्देश पर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और टीओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की रात अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर जेएच 19 बी 8124 को जब्त कर उसे कार्रवाई के लिए शहर थाना लाया गया है।इस संबंध में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया की पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था की सदर थाना क्षेत्र के अमानत नदी से प्रतिदिन अंधेरे का फायदा उठा कर बालू माफियाओ के द्वारा अवैध बालू की ढुलाई की जा रही है।इसी गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की रात कार्यवाई करते हुवे एक ट्रैक्टर को पकड़ कर उसे कार्रवाई के लिए थाना लाया गया है।थाना प्रभारी ने कहा की किसी भी हालत में शहर में अवैध बालू की ढुलाई नही होने दिया जाएगा।यदि बालू माफिया अवैध रूप से बालू की ढुलाई करते है तो इनके ऊपर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रेमिका के गांव आए युवक की संदेहास्पद मौत,जांच में जुटी पुलिस

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के धुमा गांव में प्रेमिका के मायके आए लातेहार के संतोष भुइयां की संदेहास्पद मौत हो गई। मौत मामले में संदेह होने पर पुलिस ने रविवार को डेड बॉडी को कब्जे में लिया और फिर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में भेज दिया है।पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि संतोष भुइयां की पत्नी की मौत पहले ही हो चुकी है। उसका ससुराल मैक्लुस्कीगंज के लपरा गांव में है। शादी के बाद से वह अपने ससुराल में ही रह रहा था। उसी गांव में तरहसी थाना क्षेत्र के धुमा गांव निवासी बिरजू भुइयां की पुत्री की शादी हुई थी। कुछ वर्ष पहले बिरजू की बेटी के पति की भी बहुत हो गई। ऐसे में संतोष और बिरजू की पुत्री के बीच नजदीकियां बढ़ी थी और फिर प्रेम संबंध स्थापित हुआ था। संतोष बिरजू की पुत्री के साथ उसके मायके धुमा गांव आया था और रह रहा था।

# भाजपा का पथसभा कार्यक्रम लोस चुनाव में जीत का दावा




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार ।** भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के नेतृत्व में रविवार को प्रखंड के शेरेगड़ा में पथसभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्रेम प्रसाद गुप्ता, संजय यादव, अमित कुमार, कुलदीप यादव व विजय यादव ने भाजपा समर्थकों को लोकसभा चुनाव में भाजपा को विजयी बनाने के लिए संकल्प दिलाया। मंडल अध्यक्ष ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाताओं के आशीर्वाद से इस बार भाजपा सांसद 400 पार रहेंगे। पंचायत और गांवों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए गए जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गयी। ग्रामीणों ने भी चुनाव में भाजपा के पक्ष में समर्थन देने का वायदा किया। मौके पर भाजपा महिला नेत्री लक्ष्मी देवी, गोपाल राम, सुरेंद्र उरांव, उदय गंझू, विपिन लाल, ईश्वर लाल व महेंद्र यादव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बालूमाथ में 70 हजार 647 मतदाता डालेंगे वोट

लातेहार : प्रखंड निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव एवं निर्वाचन प्रभारी मनीष पांडेय ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रखंड के 13 पंचायत के कुल 85 मतदान केंद्रों में इस लोकसभा चुनाव में कुल 70 हजार 647 मतदाता इस बार अपने मत का प्रयोग करेंगे. इनमें 35,953 पुरुष व 34,994 महिला मतदाता शामिल हैं. आगामी सात मई को प्रखंड में विशेष अभियान के तहत प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. अब तक प्रखंड में 20 हजार से अधिक मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची वितरण किया जा चुका है. वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग एवं गर्भवती महिलाओं के लिए मतदान केद्र तक लाने व पहुंचाने के लिए ऑटो वाहन की व्यवस्था भी कई जगहों पर की गई है. मतदान कर्मी मतदान के दिन एक ही कमरे में अलग-अलग टेबल कुर्सी पर बैठेंगे ताकि मतदान को पारदर्शी व निष्पक्ष बनाया जा सके.



### बीएस कॉलेज के छात्रों ने मतदाता जागरुकता अभियान चलाया

**लातेहार।** बनवारी साहू महाविद्यालय (बीएल कॉलेज) के छात्र व छात्राओं ने प्राचार्य प्रो पीके तिवारी के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान छाक्ष-छात्राओं ने कॉलेज परिसर से लेकर बानपुर ग्राम तक मैं भी इलेक्शन एंबेसडर का नारा देते हुए सोशल मीडिया कैंपेन चलाया। मौके पर प्राचार्य पीके तिवारी ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है। उन्होंने लोगों से इस महापर्व में अपनी आहुति मतदान के रूप में देने की अपील की। कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान आवश्यक है। सरकार व प्रशासन अपने स्तर से हर प्रयास कर रही है। लेकिन बिना सामुहिक भागीदारी के इस लक्ष्य को पूरा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने खास कर युवा व नये मतदाताओं से मतदान के लिए अपने घरों से निकल कर मतदान करने की अपील की। कॉलेज के इलेक्शन नोडल पदाधिकारी प्रो बैद्यनाथ महतो ने भी लोगों से मतदान की अपील की।

## राजद प्रत्याशी ममता भुइयां ने कई गांवों में किया जनसंपर्क



**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू ।** राजद प्रत्याशी ममता भुइया पाटन प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया। उन्होंने लालटेन छाप में वोट देने की अपील की। बता दें कि पलामू संसदीय सीट से महागठबंधन के प्रत्याशी के रूप में ममता भुइया ने नामांकन किया है। राजद प्रत्याशी ममता भुइया को झामुमो, कांग्रेस और वामपंथी दलों का समर्थन प्राप्त है। मौके पर जेएमएम के पाटन प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह, बीस सूत्री उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, पूर्व विधान सभा प्रत्याशी पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र विजय राम, पूर्व जिला अध्यक्ष राजद शिव प्रसाद मेहता, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राजद धनवंत चौधरी, प्रकाश राम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## सतबरवा की माता और बहनों ने गले लगाकर अपना बनाया : अरुणा शंकर

*सतबरवा में हुआ प्रथम महापौर का भव्य स्वागत*



**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर भाजपा प्रत्याशी माननीय बी डी राम जी के लिए वोट मांगने सैकड़ो समर्थकों के साथ सतबरवा पहुंची जहां आशीष सिंहा के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकताओं द्वारा पोचि ग्राम में भव्य स्वागत किया गया । उसके उपरांत मंडल अध्यक्ष विजय पाठक सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकताओं की उपस्थिति में प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सतबरवा भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए पूरे सतबरवा बाजार मैं गाजे बाजे के साथ रोड शो की और घर-घर जाकर माताएं, बहने, महिला, पुरुष, वृद्ध, युवा एवं व्यवसाईयों से आशीर्वाद लेते हुए। बी डी राम जी को अपना कीमती वोट देकर अपार मतों से विजय बनाने का अपील कि' इस अवसर पर प्रथम महापौर ने कहा सतबरवा से जो कल मुझे प्यार मिला उसे भूल नहीं पाऊंगी खासकर मां ,बहनों ने मुझे गले लगा कर अपना बना लिया' मैं हमेशा उनके बीच रहना चाहूंगी' प्रथम महापौर ने कहा इस बार हर जगह महिलाएं ,लाभुक, युवा और प्रथम बार वोट देने वाले फर्स्ट वोटर माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा किए जा रहे विकास के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए उत्साही है बस प्रचंड गर्मी को देखते हुए हम भाजपा के कार्यकताओं को बूथ पर वोटर को सुविधा देने की आवश्यकता है' मैं अपने भाजपा के भाइयों से अनुरोध करूंगी पहले अपने एवं अगल-बगल घर की महिलाओं को वोट देने का अवसर दें फिर अपना मतदान करें। प्रथम महापौर ने कहा इस जो गांव-गांव से प्यार मिल रहा है हमारे सांसद पिछली बार से अधिक मत से विजई होंगे और मंत्री बनेंगे जिससे हमारे क्षेत्र का चौमुखी विकास होगा।


### मिट्टी कटाई से नहर का अस्तित्व खतरे में

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद उत्तर कोयल मुख्य नहर परियोजना के बगल में नहर खुदाई के समय से डंप की गई मिट्टी का कटाई होने से नहर का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगी। जपला धरहरा नहर मोड़ से राम विगहा होते हुए दरूआ गांव के समीप तक जेसीबी मशीन से मिट्टी कटाई कर प्रतिदिन शहर के कई नव निर्मित मकानों में मिट्टी भरने का कार्य किया जा रहा है। इसे नहीं रोका गया तो आने वाले समय में नहर का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।जबकि इस परियोजना से हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज क्षेत्रों के अलावा बिहार के औरंगाबाद जिला के नबीनगर, टंडवा, अंबा, कुटुंबा, देव और गया के आमस के इलाके के खेतों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचती है। इस परियोजना से झारखंड और बिहार में 11 लाख 15 हजार 521 हेक्टेयर जमीन पर सिंचाई की सुविधा मिलती हैं। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि ट्रैक्टर चालक व जेसीबी संचालक पैसे कमाने के चक्कर में उक्त परियोजना से छेड़छाड़ कर रहे हैं।

## सरकारी योजना का लाभ के झांसे में साइबर ठगी का शिकार हुआ युवक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा ।** डिजिटल लेन देन की ओर तीव्र गति से लोग अग्रसर हैं। वही चोर-जालसाज भी तीव्र गति से भोले-भाले लोगों को नए-नए तौर तरीके से लालच या सरकारी योजना का लाभ मिलने के झांसे देकर साइबर ठगी कर रहे हैं। गत दिन साइबर ठगी का शिकार सिलिदाग ग्राम निवासी 30 वर्षीय राजन कुमार गुप्ता, पिता हीरा साह हुए। उनसे सात हजार रुपये की ठगी साइबर ठगों के द्वारा कर लिया गया। इस बात का खुलासा तब हुआ जब उक्त युवक के खाते से साइबर ठगों ने रकम उड़ा लिया। इस सम्बन्ध में भुक्तभोगी ने बताया कि मेरे मोबाइल नंबर 7428535694 से कॉल आया और बोला कि मैं नगर उंटारी सदर हॉस्पिटल से बोल रहा हूं, आपकी पत्नी के नाम से आंगनबाड़ी का छह हजार रुपया आया हैं, जो आपकी पत्नी के खाते में जमा नहीं हो पा



रहा हैं, तो आप अपना आधार नम्बर और मोबाइल नम्बर बताइये आपके खाते में पैसे जमा हो जायेगा। जब उक्त युवक ने पूछा कि हम कैसे मान ले तो साइबर ठग ने भुक्तभोगी के सभी परिवार का नाम और आधार नम्बर बता दिया। जिससे राजन ठग के चिकनी चुपड़ी बातो में आ गया और अपना आधार नम्बर और मोबाइल नम्बर बता दिया। इसके बाद युवक के खाते में पैसे आने के बजाय खाते से छह हजार रुपये कट गया। इसके बाद युवक इसकी शिकायत लेकर आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचा, जहां बताया गया कि सरकार द्वारा कोई भी इस प्रकार योजना अभी नहीं है, आप को ठग लिया गया।

### तरहसी के छात्र ने व्यावसायिक शिक्षा में किया बेहतर प्रदर्शन

**मेदिनीनगर।** तरहसी प्रखंड के राजकृत प्लस टू उच्च विद्यालय तरहसी के छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक एवं इंटर के वार्षिक परीक्षा में उम्दा प्रदर्शन किया है । रिटेल विषय में 41 एवं आईटी विषय में कुल 52 छात्रों माध्यमिक परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए एक रिटेल में रंजन कुमार 91% तथा आईटी में शिवम राज प्रखंड टॉपर प्रवीण यादव एवं प्रकाश सिंह बादल का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में रिटेन विषय में 38 तथा आईटी बिषय मे 49 छात्र छात्राओं ने इस विषय के साथ परीक्षा दी थी। और सभी ने अच्छे अंक प्राप्त किए रिटेल विषय में सर्वाधिक अंक शीतल कुमारी का रहा। जबकि आईटी विषय में रिमा कुमारी 93% का प्रदर्शन अच्छा रहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर मनीष कुमार व्यावसायिक प्रशिक्षक निशार अहमद रिटेल एंव मणिकांत आईटी तथा व्यावहारिक समन्वक धीरज कुमार उपाध्याय ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा के प्रति छात्राओं का रुझान बढ़ा है इन्होंने सभी सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### डीसी ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

## मतदाताओं को जागरूक करने की अपील




**नवीन मेल संवाददाता**

गढ़वा : जिले में मतदान प्रतिशत दर बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इसी कड़ी में गढ़वा के उपायुक्त शेखर जमुआर ने मुखियाओं और वार्ड पार्षदों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचने में सभी जन प्रतिनिधियों को सहयोग करने को कहा गया, जिससे कि अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने 13 मई को अपना मत डालने को कहा। मतदाता सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान केंद्र पर वोटिंग कर सकते हैं। उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अबकी बार 80% के पार मतदान का नारा दिया गया है। गढ़वा जिले में इसे पूरा करने की कोशिश की जा रही है।

## लोक अदालत में 100 से अधिक एमएसीटी के मामले का निस्तारण करायेंगें : पीडीजे

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर । 13 जुलाई को आहूत राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर सोमवार को पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने अपने वेश्म में एमएसीटी केस के अधिवक्ता व बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निस्तारण करने का लक्ष्य है। साथ ही अधिक संख्या में लोगों को इसके माध्यम से त्वरित लाभ मिले कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मामले निस्तारण में अधिवक्ता जितनी दिलचस्पी दिखाएंगे; उतने अधिक मामले निपटेंगे। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मामले निस्तारण में अधिवक्ता की भूमिका अहम होती है। अधिवक्तागण अपने मुव्वकिल को मामले निस्तारण के प्रति जागरूक करे। ताकि अधिक से अधिक मामले राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाए जा सकें। उन्होंने बीमा कम्पनी व एम ए सीटी केस से जुड़े अधिवक्ता को एक सूची बनाकर देने को कहा। उन्होंने कहा कि जो थोड़ा प्रयास करने से मामले निपट सकते हैं । उसके प्रायरिटी विशेष के तौर पर निपटारा करायें। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष को चाहे वे इंस्युरेंश की तरफ से काम करने वाले अधिवक्ता है या क्लेमेंट के अधिवक्ता दोनों मिल बैठकर मामले निस्तारण का एक रास्ता निकालें, ताकि जल्द से जल्द क्लेमेंट को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जो भी पक्ष को कोई दिक्कत या समस्या हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव से मिल कर अपनी बात रखे। बिदित हो कि पलामू जिले में एम ए सी टी के 292 केस न्यायालयों में लम्बित है। पीडीजे ने अधिवक्ताओ से उम्मीद जतायी है कि इस बार के नेशनल लोक अदालत में 100 से अधिक एमएसीटी के मामले निस्तारण करायेंगें। बीमा कम्पनी व क्लेमेंट के अधिवक्ताओं ने भी पीडीजे को आश्वस्त किया है कि इस बार पूर्व की अपेक्षा ज्यादा केस लोक अदालत में निपटारा कराने का प्रयास है। इस मौके पर डीजे प्रथम विनोद कुमार सिंह, पंचम अभिमन्यु कुमार, षष्टम राज कुमार मिश्रा,सप्तम स्वेता ढिंगरा , अष्टम आयशा खान, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव, निबंधक कमल प्रकाश के अलावे बीमा कम्पनी के अधिवक्ता युधिष्ठिर गिरी, सुदेव कुमार दत्ता,अधिवक्ता सीके मिश्रा, राजीव रंजन, शलभ कुमार आदि लोग उपस्थित थे।



### तीन माह से नहीं हो रहा पेंशनधारियों का भुगतान, बढ़ी परेशानी

**कुंदा (चतरा)।** असहाय व बुढ़ापे के सहारा को लेकर बनी वृद्धापेंशन योजना के तहत कुंदा प्रखंड में लाभुकों को बीते तीन माह से भुगतान नही हुआ है। जानकारी के अनुसार प्रखंड में पेंशनधारियों को विगत तीन माह से पेंशन राशि का भुगतान नहीं होने के कारण उनके समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। तपती धूप व उमस भरी गर्मी में बैंक का चक्कर लगा कर थक चुके हैं, अंततः अब पेंशनधारी पेंशन आने की आस में निगाहे टिकाये हुए है। कुंदा प्रखंड के लोटवा गांव निवासी तपेश्वर यादव ने बताया की उम्र के अंतिम पड़ाव में बार-बार भरी गर्मी में बैंक जाना संभव नहीं है। फिर भी पेंशन की आस में चक्कर लगा रहा हूं। वही उन्होंने बताया की भरण पोषण भी पेंशन की राशि से ही चलता है और ऐसे में पेंशन की राशि नहीं मिलने से पिछले तीन माह से परेशान हूं। साथ ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा हूं। हालांकि इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नही किया।

## पेज एक के शेष

### मंत्री के पीए के...

पल्ला झाड़ लिया है।

**कैश की गिनती के लिए पीएनबी से आए मशीन और बक्से :** संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के गाड़ीखाना स्थित सैयद अपार्टमेंट में बरामद नोट की गिनती के लिए ईडी के अधिकारियों ने अरगोडा स्थित पंजाब नेशनल बैंक से मशीन और कर्मी बुला कर नोटों की गिनती कराई। जिसके बाद 12 बक्से में भर कर नोटों के बंडल को पीएनबी के चेस्ट में रखा गया।

**गिरफ्तार इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मामले में हुई छापेमारी :** बताया जा रहा है कि ईडी ने ग्रामीण विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मामले में सोमवार को अहले सुबह राजधानी रांची में कई जगहों पर उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी की। जिसमें ईडी ने बरियातू, मोरहाबादी, बोड़िया और सेल सिटी समेत अन्य जगहों पर दबिश दी।

**इसी क्रम में ईडी की टीम ने सेल सिटी में पथ निर्माण :** विभाग के इंजीनियर विकास कुमार, चिरौंदी साइंस सिटी के ठीक सामने लोहरदगा में पदास्थापित सिविल इंजिनियर कुलदीप मिंज के घर पर छापेमारी की। जेल में बंद इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मामले को लेकर ईडी की टीम कार्रवाई कर रही है। वहीं, तकरीबन एक साल पहले जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को योजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान अनियमितताओं और उसके एवज में धन अर्जित करने को लेकर गिरफ्तार किया था। दरअसल ब्लैक मनी को व्हाइट करने के लिए शेल कंपनियों का सहारा लिया गया था। इसी क्रम में मिले इनपुट् के आधार पर यह कार्रवाई की जा रही है। ईडी की छापेमारी में राजनेता,अधिकारी और इन से जुड़े करीबियों के यहां कार्रवाई चल रही है।

### कोविड-19 की...

उनको बेचैनी होने लगी थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और एंजियोप्लास्टी करवानी पड़ी थी। इस सर्जरी के बाद अब वह ठीक हैं और अपने स्वास्थ्य का भी रखते हैं। लेकिन अब श्रेयस तलपड़े ने हार्ट अटैक को लेकर बड़ा दावा किया है और इसके लिए कोविड-19 वैक्सीन को जिम्मेदार ठहराया है। क्योंकि अब उनको कोविड-19 की कोविशील्ड वैक्सीन को लेकर जो कुछ उजागर हुआ है ,उसके बाद लगा है कि कारण वैक्सीन रही। कंपनी की ओर से भी इस बात को कबूला गया है कि इसके साइड इफेक्ट जैसे- थकावट महसूस होना, हार्ट अटैक का आना हो सकते हैं। श्रेयस तलपड़े ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में अपने हार्ट अटैक पर बात की है। दावा किया है कि वो इस बात को नकार नहीं सकते हैं कि कोविड-19 वैक्सीन का उनके हार्ट अटैक से कोई लेना- देना नहीं।

# मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने की अपनी कक्षा का बहिष्कार



**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। यह बहिष्कार शत प्रतिशत रहा करीब 392 छात्र - छात्राएं इस समय मेडिकल कॉलेज में अध्यनरत है। इन सभी छात्र- छात्राओं ने आज अपने कक्षा का बहिष्कार कर दिया उनके बहिष्कार का मुख्य कारण था बिजली और पानी की घोर कमी। छात्र-छात्राओं शिकायत कर रहे थे कि उन्हें पीने का पानी खरीदना पड़ रहा है। इसी तरह से छात्रों ने कहा कि इस गर्मी में उन्हें स्नान करना दुर्लभ हो गया है क्योंकि पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं है। छात्र - छात्राओं ने मेडिकल कॉलेज में घोर बिजली संकट की भी शिकायत की उनका कहना कि बिजली 24 घंटे में 10 से 11 घंटे गायब रहती है रात में भी बिजली का कटना ज्यादा होता है। मेडिकल के छात्र- छात्राएं प्रयास रात में ही अपनी पढ़ाई किया करते हैं इन सभी छात्र-छात्राओं ने शालीनता पूर्वक प्राचार्य डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद से अपनी तकलीफ हो का जिक्र किया। डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने प्रेस को जानकारी दी कि इस समय उनके मेडिकल कॉलेज में पानी और बिजली की बहुत बडी समस्या है। उन्होंने बताया कि इस दिशा में उन्होंने नगर निगम के अधिकारी और बिजली विभाग को भी पत्राचार किया है। लेकिन बिजली विभाग से अभी तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो पाई है। नगर निगम के बारे में प्राचार्य डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि दिन भर में सिर्फ दो टैंकर पानी इस मेडिकल कॉलेज को दिया जा रहा है। जो बिल्कुल ही संतोषजनक नहीं है। दो टैंकर पानी तो शौचालय, स्नान गृह, किचन इत्यादि में ही खर्च हो जा सकते हैं। बिजली के कमी और अनियमित सप्लाई के कारण पानी का टंकी में चढ़ाव भी प्रभावित हो रहा है छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य को यह सीधे तौर पर कहा है कि वे इन दोनों समस्याओं का जल्द से जल्द निवारण करें। प्राचार्य ने अस्वस्थ किया है कि वे इस दिशा में क्रियाशील है। प्राचार्य डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने आज नगर आयुक्त, नगर निगम को पत्र लिखा है। जिसमें 400 एम०बी०बी०एस० छात्र-छात्रा के साथ-साथ 100 चिकित्सा शिक्षक एवं उनके परिवार कैंपस में रहते है। ज्ञातव्य हो कि इन्हे पेयजल एवं अन्य उपयोग के लिये पानी की काफी किल्लत हो रही है। प्राचार्य डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने नगर आयुक्त से अनुरोध किया है। की छात्र हित में कम से कम 05 टैंकर सुबह एवं 05 टैंकर शाम में पानी आपूर्ति करने की कृपा करें।

## गार्डवाल निर्माण में अनियमितता का आरोप, ग्रामीणों ने किया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह/ लातेहार ।** बरवाडीह प्रखंड के मंगरा पंचायत के अमडीहा ग्राम के धड़धडी नदी पुल पर गार्डवाल का निर्माण कराया जा रहा है। गार्डवाल में नदी से लाये मृत एवं घटिया पत्थर का उपयोग करने के आरोप में सोमवार को ग्रामीण निर्माण स्थल पहुंचे और इसका विरोध किया। ग्रामीण बनवारी सिंह व मृत्युंजय सिंह समेत अन्य ने आरोप लगाया कि पुल निर्माण में ठेकेदार के द्वारा शुरू से ही मनमानी की जा रही हैं। गलत तरीके से पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा नदियों से अवैध रूप से पत्थर लाकर गार्डवाल में उपयोग किया जा रहा है। यह पुल के भविष्य के लिए बेहतर नहीं हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पुल निर्माण कार्य के दौरान बिना जानकारी के ठेकेदार के द्वारा ब्लास्ट कर के कई घरों को नुकसान पहुंचाया गया था। शिकायत के बाद तत्कालीन सीओ और थाना प्रभारी समेत अन्य राजनीतिक दलों के लोगों ने इसकी जांच की थी। जांच और नुकसान का आंकलन करने के बाद भी कोई कार्रवाई नही की गई। जबकि एक साल समय बीत गया। पूछे जाने पर अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि जिला खनन पदाधिकारी के माध्यम से जानकारी मिली हैं। इसकी जांच की जा रही है।








## बघेल को रायबरेली व गहलोत को अमेठी का बनाया ऑब्जर्वर





**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस पार्टी ने अमेठी और रायबरेली संसदीय सीटों पर कांग्रेस के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों को बतौर सीनियर ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। इस निर्णय के अंतर्गत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रायबरेली सीट पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अमेठी सीट पर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सीनियर ऑब्जर्वर बनाया है।

गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं अमेठी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी ने किशोरी लाल शर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है। अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों पर लंबे समय से नेहरू-गांधी परिवार के सदस्य लोकसभा चुनाव लड़ते रहे हैं। राजनीतिक हलकों में इन सीटों को गांधी-नेहरू परिवार के गढ़ के रूप में भी देखा जाता है। हालांकि इस बार कांग्रेस पार्टी ने अमेठी संसदीय सीट से गैर नेहरू-गांधी परिवार वाले व्यक्ति को अपना उम्मीदवार बनाया है। अमेठी सीट से उम्मीदवार बनाए गए किशोरी लाल शर्मा को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का करीबी माना जाता है। सोनिया गांधी जब रायबरेली से सांसद थी, तब से किशोरी लाल शर्मा रायबरेली सीट पर सांसद प्रतिनिधि के रूप में काम करते रहे हैं। रायबरेली और अमेठी दोनों ही संसदीय क्षेत्रों में 20 मई को मतदान होना है। राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से और किशोरी लाल शर्मा अमेठी से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है।

### ओडिशा से पीएम मोदी का इंडी गठबंधन पर जुबानी प्रहार

# 'झारखंड में मिला नोटों का पहाड़...'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ओडिशा के नबरंगपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को चुनावी रैली को संबोधित करते हुए झारखंड में ईडी की रेड का जिक्र किया और कांग्रेस के साथ ही इंडी गठबंधन पर जोरदार प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा, मैं गरीब मां का बेटा हूं और मुझे गरीब का दर्द समझ में आता है। मैं एक रुपए भेजूंगा और एक पाई भी किसी को खाने नहीं दूंगा। जो खाएगा, वो जेल जाकर खाना खाएगा, जेल की रोटी चबाएगा। अभी आप घर जाकर टीवी में देखना, यहां पड़ोस में झारखंड में नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। लोगों का चोरी किया हुआ माल मोदी पकड़ रहा है। अगर मैं इनकी चोरी और लूट बंद कर दूं। ये मोदी को गाली देंगे या नहीं। लेकिन, मुझे गाली खाकर आपकी पाई-पाई और आपके हक का पैसा बचाना चाहिए या नहीं।

पीएम मोदी ने आगे कहा, इसलिए मोदी ने जनधन खातों, आधार और मोबाइल की ऐसी त्रिशक्ति बनाई कि गरीबों का पैसा लूटना बंद हो गया। अब घर बनाने का पैसा सीधा आपके खाते में, गैस का पैसा सीधा आपके खाते में, मनरेगा का पैसा सीधा आपके खाते में, किसान सम्मान निधि का पैसा आपके खाते में यानी सबको सीधा लाभ कोई भेदभाव नहीं और ये 'मोदी की गारंटी' है।

उन्होंने कहा, आपका उत्साह साफ-साफ बता रहा है कि इस बार बीजद जाएगी और भाजपा आएगी। ओडिशा में पहली बार डबल इंजन की सरकार बनेगी। ओडिशा को भाजपा का पहला सीएम मिलेगा और ओडिशा की बेटी या बेटा ही यहां सीएम बनेगा। कोई बाहर वाला नहीं बनेगा। आपके पड़ोस में ही छत्तीसगढ़ है, वहां 15 साल भाजपा की सरकार रही, हाल ही में प्रदेश की जनता ने फिर से भाजपा को भारी बहुमत से चुन लिया। आज छत्तीसगढ़ की सरकार को एक आदिवासी बेटा चला रहा है। भाजपा, छत्तीसगढ़ को संवार रही है। बता दें कि झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के पीए संजीव कुमार और उनके घरेलू नौकर के यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी में करीब 25 करोड़ कैश बरामद हुआ। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को चुनावी रैली में प्रतिक्रिया दी।

### ओडिशा अमीर, जनता गरीब, यह पाप कांग्रेस-बीजेडी ने किया : मोदी



**ब्रह्मपुर।** भाजपा के शीर्ष नेता और सबसे बड़े स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां चुनावी जनसभा में कांग्रेस और बीजेडी को निशाने पर लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा अमीर है। जनता गरीब है। यह पाप पहले कांग्रेस और इसके बाद बीजेडी के नेताओं ने किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने उमड़े जनसमूह से इस बार आम चुनाव में 400 पार के अपने संकल्प सिद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जैसे त्रिपुरा को 30 साल से ज्यादा के कम्युनिस्ट और कांग्रेस के शासन ने तबाह कर दिया। वहां के लोगों ने भाजपा को जिताया और अब त्रिपुरा तेज गति से विकास कर रहा है। उत्तर प्रदेश कानून-व्यवस्था के लिए बदनाम हो चुका था। हमें मौका दिया योगी जी बैठे और आज उत्तर प्रदेश विकास कर रहा है। उन्होंने कहा, चार जून को बीजेडी सरकार की एक्सपाइरी डेट लिखी हुई है। आज छह मई है और छह जून को भाजपा के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय होगा। 10 जून को भुवनेश्वर में भाजपा के मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

## जंग-ए-मैदान



भोपाल में लोकसभा चुनाव से पहले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर-वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) एकत्र करने के बाद मतदान अधिकारी मतदान केंद्रों के लिए सोमवार को रवाना हुए।



कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार सोमवार को नई दिल्ली में मंत्री गोपाल राय और अन्य की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।



मेदिनीपुर से तृणमूल उम्मीदवार जून माल्या ने सोमवार को विभिन्न मंदिरों में पूजा कर नामांकन दाखिल किया। मेदिनीपुर में 25 मई को मतदान होगा। सोमवार को नामांकन जमा करने का आखिरी दिन है।



बसपा उम्मीदवार राज कुमार आनंद सोमवार को नई दिल्ली में लोस चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करने पहुंचे।



बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के बेटे आकाश प्रसाद सिंह ने महाराजगंज लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया।

### मुंगेर पहुंचे सीएम नीतीश कुमार ने की बाहुबली नेता अनंत सिंह की तारीफ

**मुंगेर।** मुंगेर पहुंचे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पैरोल पर बाहर आए अनंत सिंह की खूब तारीफ की। उन्होंने जनसभा को संबोधित करने के दौरान अनंत सिंह की पत्नी की ओर इशारा करते हुए कहा कि इनको पता है कि इनके पति से मेरे पुराने संबंध रहे हैं। अनंत सिंह की पत्नी हाल ही में राजद छोड़ जदयू में शामिल हुईं हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि बीच में थोड़ा बहुत इधर-उधर हो गए थे। अब इधर आ गए हैं। इनको मालूम है, उनके पति से हमारा संबंध पुराना है। इनके पिताजी से हमारे पिताजी का पुराना रिश्ता था। दो बार बीच में इधर-उधर हो गए। मोकामा से चार बार विधायक रहे अनंत सिंह हाल ही में 14 दिनों की पैरोल पर जेल से बाहर आए हैं। अनंत सिंह राजद और जदयू दोनों ही दलों से विधायक रह चुके हैं। 2005 में पहली बार वो जदयू की टिकट पर विधायक बने थे। लेकिन, 2015 में किसी बात पर असहमति होने की वजह से उनका जदयू से मोहभंग हो गया था। इसके बाद 2020 के विधानसभा चुनाव में वो राजद की टिकट पर चुनाव लड़े थे।

## भाजपा आरक्षण छीनने और संविधान को खत्म करने की साजिश कर रही : राहुल



**एजेंसी। भोपाल**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने कहा है कि भाजपा आदिवासी, दलित और पिछड़ों से आरक्षण छीनना चाहती है। कांग्रेस की सरकार आने के बाद आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म की जाएगी। मध्य प्रदेश के झाबुआ-रतलाम संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार कांतिलाल भूरिया के समर्थन में आयोजित जनसभा में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा नेता कहते हैं कि उनकी सरकार बनने पर आदिवासियों, दलितों, पिछड़े वर्ग से आरक्षण छीन लिया जाएगा। कांग्रेस की सरकार आने पर आरक्षण को 50 प्रतिशत से आगे बढ़ाएंगे। आरक्षण पर अदालत ने 50 प्रतिशत की लिमिट लगा रखी है, उसे हटा देंगे और गरीबों को, पिछड़ों को, दलितों और आदिवासियों को जितने आरक्षण की जरूरत है, उतना आरक्षण देने जा रहे हैं। राहुल गांधी ने संविधान की प्रति दिखाते हुए कहा कि यह चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है। संविधान को भाजपा और आरएसएस खत्म करना चाहती है, इसे बदलना चाहती है। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन संविधान की रक्षा कर रहा है।

उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन का जो हक है, वह सब संविधान ने दिया है। मोदी सरकार आपके अधिकार को छीनना चाहती है, यह उनका लक्ष्य है। हम आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों की भागीदारी बढ़ाना चाहते हैं। हमने फैसला किया है कि जातीय जनगणना कराई जाएगी। इससे देश की राजनीति बदलने जा रही है। इसके अलावा किसानों की कर्ज माफी की होगी। युवाओं को पहली नौकरी पक्की होगी, जिसमें एक साल तक साढ़े आठ हजार रुपये माह मिलेंगे।

# बंगाल में 30 से अधिक सीटों पर भाजपा की जीत पक्की : शाह



**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि इस बार राज्य में 30 से अधिक लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत पक्की है। केंद्रीय गृह मंत्री ने भाजपा उम्मीदवार अमृता रॉय के समर्थन में पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में एक रोड शो के मौके पर मीडियाकर्मियों से कहा, "हमें कम से कम 30 सीटों पर अपनी जीत का भरोसा है। यह भी संभव है कि इस बार राज्य से बीजेपी की कुल सीटें 35 तक पहुंच जाए।" गृह मंत्री ने कहा, "इस रोड शो में विशाल जनसमूह की उत्साहपूर्ण भागीदारी से मैं अभिभूत हूं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि पश्चिम बंगाल में अवैध घुसपैठ रुकनी चाहिए या नहीं, सीएए लागू होना चाहिए या नहीं, ये गुंडागर्दी बंद होनी चाहिए या नहीं? भ्रष्टाचार का ये युग खत्म होना चाहिए या नहीं।" उन्होंने यह भी कहा कि तृणमूल कांग्रेस राज्य के लोगों को ऐसे खतरों से मुक्ति नहीं दिला सकती। उन्होंने लोगों से बिना किसी डर के मतदान करने की भी अपील की। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने इस बार राज्य में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के गुंडों से डरने की कोई जरूरत नहीं है। सुरक्षा व्यवस्था के कारण वे इस बार आपको नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे।"2019 में बीजेपी ने राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से 18 सीटें जीती थीं।

### प. बंगाल के कृष्णानगर में शाह ने किया रोड शो

**कृष्णानगर।** केंद्रीय गृह मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में रोड शो किया। क्षेत्र के बेलडांगा मोड़ से दोपहर करीब 12:30 बजे रोड शो शुरू हुआ। अमित शाह प्रदेश भाजपा नेताओं के साथ एक सजे हुए वाहन की छत पर खड़े नजर आए। रोड शो के दौरान सैकड़ों लोग भाजपा के झंडे लहराते और "जय श्री राम", "नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद" और "भाजपा जिंदाबाद" जैसे नारे लगाते नजर आए। 2019 में भाजपा इस निर्वाचन क्षेत्र में दूसरे स्थान पर रही थी और टीएमसी की महुआ मोइत्रा ने यह सीट जीती थी। मोइत्रा को पिछले साल कैश-फॉर-क्वेरी घोटाले में लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। टीएमसी ने उन्हें इस सीट से फिर से उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने कृष्णानगर राजघराने की राजमाता अमृता रॉय को उम्मीदवार बनाया है। रोड शो के दौरान अमृता रॉय भीड़ का अभिवादन करती नजर आईं। इस निर्वाचन क्षेत्र में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा।

# तीसरे चरण में 54 प्रत्याशियों की सियासी किस्मत का फैसला

**एजेंसी। पटना**

लोकसभा चुनाव के तहत बिहार में तीसरे चरण के होने वाले मतदान को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। उम्मीदवार मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए अंतिम समय में भी हर मुमकिन कोशिश में लगे हुए हैं। तीसरे चरण में मंगलवार को बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से पांच झंझारपुर, अररिया, सुपौल, मधेपुरा और खगड़िया संसदीय क्षेत्रों में मतदाता मतदान करेंगे। इस चरण में मतदाता जदयू के रामप्रीत मंडल, भाजपा के प्रदीप कुमार सिंह सहित 54 उम्मीदवारों के राजनीतिक किस्मत का फैसला करेंगे। इनमें तीन महिला प्रत्याशी शामिल हैं। इस चरण में 19 प्रत्याशी निर्दलीय हैं। इस चरण में सर्वाधिक 15 उम्मीदवार सुपौल और सबसे कम मधेपुरा में आठ प्रत्याशी मैदान में हैं। बिहार निर्वाचन आयोग के मुताबिक बिहार में तीसरे चरण के चुनाव में कुल 98.60 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनके लिए 9,848 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस चरण में सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध हैं। मतदान के मद्देनजर नेपाल की सीमा को सील कर दिया गया है तथा चौकसी बढ़ा दी गयी है। इस चरण में प्रमुख प्रत्याशियों की बात करें तो सभी पांच क्षेत्रों में मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच माना जा रहा है। सुपौल और झंझारपुर में लड़ाई को त्रिकोणात्मक बनाने की कोशिश की जा रही है। इन सभी सीटों पर 2019 के संसदीय चुनाव में एनडीए ने परचम लहराया है। इस चुनाव में एनडीए ने जहां इन सभी सीटों को बरकरार रखने को लेकर पूरी ताकत झोंक दी है। वहीं, महागठबंधन इन सीटों पर जीत को लेकर प्रयासरत है। इन पांच सीटों में इस बार तीन सीटों पर एनडीए के मुकाबले राजद, जबकि एक सीट पर विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) और अन्य पर माकपा के उम्मीदवार हैं। मधेपुरा सीट पर जदयू ने एक बार फिर दिनेश चंद्र यादव को उतारा है, जिनका मुकाबला राजद के प्रो. कुमार चंद्रदीप से है। झंझारपुर में मुकाबला त्रिकोणात्मक बनाने को लेकर बसपा के गुलाब यादव पूरा जोर लगाए हुए हैं। इस सीट पर मुख्य मुकाबले में जदयू ने एकबार फिर रामप्रीत मंडल को चुनावी मैदान में उतारा है।

दिलचस्प चुनावी लड़ाई के आसार



## पीएम चुनाव में एक भी काम की बात नहीं कर रहे : तेजस्वी

**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत मंगलवार को बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। इससे पहले राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मोदी पर निशाना साधा। उनका कहना है कि पीएम मोदी चुनाव में एक भी काम की बात नहीं कर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने सोमवार को अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, बचपन से सुनते आए हैं कि समाज के बड़े-बुजुर्ग ज्ञान-ध्यान और काम की बातें करते हैं, लेकिन यहां तो 74 वर्षीय प्रधानमंत्री बुजुर्ग होने के बावजूद चुनाव में एक भी काम की बात नहीं कर रहे है? उन्होंने आगे कहा, हम नव पीढ़ी के लोग केवल नौकरी, रोजगार, शिक्षा-चिकित्सा और विकास की सकारात्मक बातें ही कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री विभाजनकारी, वैर एवं नफरत को बढ़ावा देने वाली नकारात्मक बातें ही कर रहे है।

# आंध्र प्रदेश के भविष्य को आकार देंगे 13 मई के चुनाव : सीएम जगन

**एजेंसी। अमरावती**

लोकसभा चुनाव को लेकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने कहा है कि 13 मई को 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीटों के लिए एक साथ होने वाला चुनाव सिर्फ विधायकों या सांसदों को चुनने के बारे में नहीं है, बल्कि यह चल रही योजनाओं को मजबूत कर राज्य के भविष्य को आकार देने के बारे में है। बापटला जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के अध्यक्ष ने लोगों से कहा कि तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू पर भरोसा करने से अक्सर विश्वासघात होता है।

उन्होंने कहा कि पिछले 59 महीनों में राज्य में कल्याण और विकास की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति हुई है।



सीएम रेड्डी ने कहा, "बिना किसी भ्रष्टाचार या भेदभाव के 2.70 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिससे राज्य के लोगों को सीधा लाभ हुआ है। उन्होंने कहा, वाईएसआरसीपी ने 2019 के घोषणापत्र में किए गए 99 प्रतिशत वादों को पूरा किया। सरकार ने 2.31 लाख नौकरियां पैदा कीं। उन्होंने कहा, हमारा राज्य एक विशाल कृषि क्षेत्र है। पांच साल पहले, आपने इस खेत की देखभाल की जिम्मेदारी एक किसान, अपने बच्चे, जगन को सौंपी थी। पिछले पांच वर्षों में हमने कई योजनाएं शुरू की, परिवर्तन लागू किए, सुधार लागू किए और क्रांतिकारी पहलों का नेतृत्व किया।" सीएम रेड्डी ने कहा, आपके बच्चे ने, एक मेहनती किसान की तरह, प्रगति के इन बीजों को विकसित किया है, जिससे हर घर में विकास, कल्याण, खुशी और उज्जवल भविष्य की फसल पैदा हुई है।

"तब से पांच साल बीत चुके हैं। प्रत्येक घर, गांव, कस्बे और सामाजिक वर्ग में रोपे गए बीजों का पोषण और संवर्धन किया गया है। आज आपके किसान, आपके बच्चे, आपके भाई जगन ने विकास और कल्याण द्वारा चिह्नित भविष्य के बीज बोए हैं।" सीएम रेड्डी ने कहा, अगले 15 वर्षों में आप इन फसलों को मजबूत पेड़ों में परिपक्व होते हुए देखेंगे, जो गरीबों की नियति को नया आकार देंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com